दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :153
प्रतापगढ़ | शनिवार , 6 अप्रैल-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

उत्तर प्रदेश में जारी रहेंगे मदरसे

इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

नई दिल्ली,(हि.स.)। यूपी के मदरसा एक्ट को असंवैधानिक घोषित करने के इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट के इस आदेश से 17 लाख छात्रों के भविष्य पर असर पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले पर विचार करते समय हाई कोर्ट ने कानून की गलत व्याख्या की।एक मदरसा के मैनेजर अंजुम कादरी और अन्य की ओर से दायर याचिका में इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच के फैसले पर सवाल उठाते हुए इसे मनमाना बताया गया है। याचिका में कहा गया है कि इस फैसले के चलते मदरसों में पढ़ रहे लाखों बच्चों के भविष्य पर सवालिया निशान लग गए हैं। लिहाजा जब तक सुप्रीम कोर्ट मदरसा एक्ट की संवैधानिक वैधता पर फैसला लेता है, तब तक हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगे।दरअसल, 22 मार्च को इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ बताया था।

मुलायम सिंह यादव के मुख्यमंत्री रहते हुए ये कानून पारित किया गया था। हाई कोर्ट ने राज्य में मदरसों और उनमें पढ़ने वाले छात्रों की बड़ी संख्या के मद्देनजर यूपी सरकार से कहा था कि वो मदरसों में पढ़ रहे बच्चों को औपचारिक शिक्षा देने वाले दूसरे स्कूलों में शामिल करे। इसके लिए अगर जरूरत हो तो नए स्कूल खोले जाएं।उत्तर प्रदेश सरकार ने अक्टूबर, 2023 में मदरसों की विदेश से हो रही फंडिंग की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी ने अपनी जांच रिपोर्ट में 8 हजार मदरसों पर कार्रवाई की सिफारिश की थी। रिपोर्ट के मुताबिक सीमावर्ती इलाकों में 80 मदरसों को 100 करोड़ से ज्यादा का विदेशी फंड मिला है।

सुप्रीम कोर्ट ने मुख्तार अंसारी के बेटे की याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को जेल में बंद विधायक अब्बास अंसारी की उस याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने 10 अप्रैल को अपने पिता मुख्तार अंसारी की फातेहा (विशेष प्रार्थना) में शामिल होने की अनुमति मांगी है।गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की 28 मार्च को उत्तर प्रदेश के बांदा के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। एक आपराधिक मामले में न्यायिक हिरासत में बंद अब्बास अंसारी ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर अपने पिता के अंतिम संस्कार में हिस्सा लेने की अनुमति मांगी थी।शुक्रवार को अब्बास के वकील ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को

बताया कि उनकी याचिका समय पर अदालत के समक्ष सूचीबद्ध नहीं हो सकी और अंतिम संस्कार हो चुका है।वकील ने कहा कि उन्हें याचिका में संशोधन करने और 10 अप्रैल को होने वाली फातेहा में शामिल होने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि वह खुद ही आज संशोधित याचिका दायर करेंगे।पीठ ने कहा, ÷याचिकाकर्ता के वकील ने शुरू में कहा कि चूंकि अंतिम संस्कार पहले ही हो चुका है, याचिकाकर्ता रिट याचिका में संशोधन करना चाहता है ताकि वह 10 अप्रैल को होने वाली फातेहा में शामिल हो सके। नोटिस जारी करें, और नौ अप्रैल तक इसपर जवाब मांगें।अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता संशोधित याचिका की प्रति उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश वकील को प्रदान करे। पीठ ने कहा कि मामले की सुनवाई नौ अप्रैल को होगी।

अंडरवर्ल्ड डॉन अरुण गवली को समय से पूर्व रिहा करने का आदेश

मुंबई हाई कोर्ट ने जेल

नागपुर,(हि.स.)। मुंबई हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने शुक्रवार को अंडरवर्ल्ड डॉन अरुण गवली की समय से पूर्व रिहाई का आदेश दिया है। नागपुर खंडपीठ ने जेल प्रबंधन को इस मामले में जवाब देने के लिए 4 सप्ताह का समय दिया है। मुंबई के शिवसेना निगम पार्षद कमलाकर जामसंडेकर की हत्या के मामले में अरुण गवली को 2 आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। फिलहाल गवली नागपुर कारागार में अपनी सजा काट रहा है।अरुण गवली ने 2006 के सरकारी फैसले के आधार पर सजा से छूट की मांग की थी। गैंगस्टर अरुण गवली की याचिका पर मुंबई हाई कोर्ट की नागपुर बेंच में सुनवाई पूरी हो गई थी लेकिन कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा था। कोर्ट ने आज अपना फैसला सुनाते हुए अरुण गवली को समय से पहले रिहा करने का निर्देश दिया है। हालांकि, जेल प्रशासन को इस संबंध

में जवाब देने के लिए 4 सप्ताह का समय भी दिया गया है। इस मामले में अब जेल प्रबंधन क्या फैसला लेगा? इस ओर सब कि निगाहें लगीं हैं। गवली को मुंबई के शिवसेना पार्षद कमलाकर जामसंडेकर की हत्या मामले के साथ-साथ अन्य अपराधों के लिए 2 बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। फिलहाल अरुण गवली आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।

अरुण गवली की ओर से मामले की पैरवी करने वाले मिर नगमान अली ने बताया कि महाराष्ट्र सरकार ने 2006 में एक अधिसूचना जारी की थी, जिसमें कहा गया है कि यदि कोई सजायाफ्ता कैदी अपनी आयु के 65 वर्ष पूरे कर चुका है। साथ ही अगर वह कैदी शारीरिक रूप से कमजोर हो चुका हो तो उसे सजा पूरी होने से पहले रिहा करने पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अरुण गवली की आयु 69 वर्ष है और वह 16 वर्षों से जेल में है। अरुण गवली के मामले में महाराष्ट्र सरकार की अधिसूचना की दोनों शर्तें पूरी होती हैं। इसी के चलते हाई कोर्ट ने गवली की रिहाई का फैसला लिया है।

कांग्रेस ने जारी किया घोषणापत्र, पांच न्याय और 25 गारंटी का वादा

नई दिल्ली , (आरएनएस)। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस चुकी कांग्रेस ने शुक्रवार को अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। कांग्रेस नता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में यह घोषणापत्र जारी किया गया। इस मेनिफेस्टो में 'पांच न्याय' और 25 गारंटी का वादा किया गया है।कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय को शामिल किया है।पार्टी ने 'हिस्सेदारी न्याय' के तहत जाति जनगणना और आरक्षण की सीमा 50 फीसद को खत्म करने का वादा किया है।पार्टी ने 'युवा न्याय' के अंतर्गत देश के 25 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का भी वादा किया है।इसके अलावा कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में 'किसान न्याय' के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी दर्जा, कर्ज माफी आयोग के गठन तथा जीएसटी मुक्त खेती का भी वादा किया है। वहीं, श्रमिक न्याय के तहत पार्टी ने मजदूरों को स्वास्थ्य का अधिकार देने, न्यूनतम मजूदरी 400 रुपये प्रतिदिन देने का वादा किया है।नारी न्याय के तहत पार्टी ने सत्ता में आने पर महालक्ष्मी योजना के तहत गरीब परिवारों की महिला को एक लाख रुपए की सहायता राशि दिए जाने का वादा भी किया है।इसके अलावा पार्टी ने अपने घोषणापत्र में सत्ता में आने पर धनशोधन कानून को भी खत्म करने का वादा किया है।

जानें वादों की लिस्ट में क्या-क्या?

युवा न्याय

1. पहली नौकरी पक्की - हर शिक्षित युवा को 1 लाख रुपए की अप्रेंटिसशिप का अधिकार
2. भर्ती भरोसा - 30 लाख सरकारी नौकरियां, सभी खाली पोस्ट कैलेंडर के अनुसार भरेंगे
3. पेपर लीक से मुक्ति - पेपर-लीक रोकने के लिए नए कानून और नीतियां
4. गिग-वर्कर सुरक्षा - गिग वर्कर के लिए बेहतर कामकाजी नियम और संपूर्ण सामाजिक सुरक्षा
5. युवा रोशनी - युवाओं के लिए 5,000 करोड़ रुपए का नया स्टार्टअप फंड

नारी न्याय

1. महालक्ष्मी - हर गरीब परिवार की एक महिला को हर साल 1 लाख रुपए
2. आधी आबादी, पूरा हक - केंद्र सरकार की नई नौकरियों में 50त्न महिला आरक्षण
3. ?शक्ति का सम्मान - आशा, मिड डे मील और आंगनवाड़ी वर्कर्स को ज्यादा सैलरी, दोगुनी सरकारी योगदान से
4. अधिकार मैत्री - महिलाओं को कानूनी हक़ और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने वाली एक अधिकार-सहेली, हर पंचायत में
5. सावित्री बाई फुले हॉस्टल - कामकाजी महिलाओं के लिए दोगुना हॉस्टल

किसान न्याय

1. ?सही दाम - एमएसपी की कानूनी गारंटी, स्वामीनाथन फॉर्मूले वाली
2. कर्ज मुक्ति - कर्ज माफी प्लान प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए परमानेंट आयोग
3. बीमा भुगतान का सीधा ट्रांसफर - फसल नुकसान पर 30 दिन के अंदर सीधे खाते में पैसा ट्रांसफर
4. उचित आयात-निर्यात नीति - किसानों के सलाह से नई इंपोर्ट-एक्सपोर्ट पॉलिसी बनेगी
5. जीएसटी-मुक्त खेती - किसानी के लिए ज़रूरी हर चीज़ से जीएसटी हटेगा

श्रमिक न्याय

1. ?श्रम का सम्मान - 400 रुपए कम से कम दैनिक मज़दूरी, मनरेगा में भी
2. सबको स्वास्थ्य अधिकार - 25 लाख रुपए का हेल्थ-कवर ¬ मुफ़्त इलाज़, अस्पताल, डॉक्टर, दवा, टेस्ट, सर्जरी
3. ?शहरी रोजगार गारंटी - शहरों के लिए भी मनरेगा जैसी नई योजना
4. सामाजिक सुरक्षा - असंगठित मजदूरों के लिए जीवन और दुर्घटना बीमा
5. सुरक्षित रोजगार - मुख्य सरकारी कार्यों में कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम मजदूरी बंद

हिस्सेदारी न्याय

1. गिनती करो - सामाजिक व आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति, हर वर्ग की गिनती
2. आरक्षण का हक़ - संवैधानिक संशोधन द्वारा 50त्न सीमा हटाकर एससी/एसटी/ओबीसी को आरक्षण का पूरा हक़
3. एससी/एसटी सब प्लान की कानूनी गारंटी - जितनी एससी/एसटी जनसंख्या, उतना बजट, यानी ज़्यादा हिस्सेदारी
4. जल-जंगल-जमीन का कानूनी हक़ - वन-अधिकार क़ानून वाले पट्टों का 1 साल में फैसला
5. अपनी धरती, अपना राज - जहां एसटी सबसे ज्यादा, वहां पैसा लागू

मैं कहता हूं-भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं-भ्रष्टाचारी बचाओ-पीएम मोदी

नई दिल्ली,(हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राजस्थान की धरती से विपक्ष पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा, ÷%मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, वे (विपक्षी) कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ।लोकसभा चुनाव से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान के चुरू में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश ने हमेशा कांग्रेस के पापों की कीमत चुकाई है। लेकिन अब, जब इन परिवारवादी भ्रष्टाचारियों की लूट का हिसाब लिया जा रहा है, तो वे सभी एक हो गए हैं। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन के लोग चुनावी रैलियां नहीं कर रहे हैं बल्कि वे भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए रैलियां कर रहे हैं।प्रधानमंत्री ने आगे विपक्षी पार्टी को चेतावनी देते हुए कहा, ÷मैं इन भ्रष्ट परिवार वालों से कहना चाहता हूं कि आप कितना भी झूठ फैला लें, मोदी डरने वाला नहीं हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि देशहित से भी ज्यादा कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण को प्राथमिकता दी है। ये वो लोग हैं, जिन्होंने कोर्ट में जाकर कहा था कि प्रभु श्रीराम तो काल्पनिक हैं। अभी कुछ महीने पहले ही अयोध्या में, भव्य राम मंदिर का सपना पूरा हुआ। पूरा देश प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मन रहा था, लेकिन कांग्रेस पार्टी खुलेआम हमारी आस्था का अपमान कर रही थी।प्रधानमंत्री ने कहा, ÷कांग्रेस और उसके सहयोगी गरीबों, दलितों और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के कल्याण और सम्मान की उपेक्षा करते हुए, अपने हितों को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने ऐतिहासिक रूप से बाबा साहेब आम्बेडकर की उपेक्षा की है, दशकों तक भारत रत्न के साथ उनकी मान्यता में बाधा डाली और आपातकाल लगाया, संविधान को बंधक बना लिया।प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे आईएनडीआई गठबंधन पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने में विफल रहा और इसके विपरीत, मोदी ने इस लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया। भाजपा ने देश के पहले

दलित राष्ट्रपति और पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति को नियुक्त किया।प्रधानमंत्री ने विपक्ष के दुस्साहस की ओर भी इशारा किया और कहा कि हमारी सेना की सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के दौरान, कांग्रेस और उसके सहयोगी सेना की बहादुरी का सबूत मांग रहे थे। इस अहंकारी गठबंधन ने हमारे सशस्त्र बलों का अपमान किया और देश को विभाजित करने की कोशिश की। यही कांग्रेस पार्टी की असली पहचान है। उन्होंने आतंकवाद पर भारत के रुख को दोहराते हुए कहा, ÷आज दुश्मन भी जानता है- भारत घर में घुसकर मारता है।एक राज्य के रूप में राजस्थान के महत्व और पूरे देश में इसके जुड़ाव पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरा देश विकसित भारत के मिशन पर काम कर रहा है। इस विकसित भारत मिशन में राजस्थान की बहुत बड़ी भूमिका है। जब राजस्थान विकसित हो जायेगा तो पूरा देश विकसित हो जायेगा।उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में मोदी सरकार ने विकसित भारत के लिए मंच तैयार किया है। उन्होंने कहा कि हम जो भी ठान लेते हैं उसे हासिल करने का हमारा ट्रैक रिकॉर्ड है। पिछले दशक पर विचार करते हुए, हम दस साल पहले देश की गंभीर स्थिति को याद कर सकते हैं, जब कांग्रेस शासन के दौरान बड़े पैमाने पर घोटालों और लूट के कारण अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई थी।मोदी ने आगे कहा कि पिछले 10 वर्षों में जो कुछ भी हुआ वह सिर्फ एक ट्रेलर है। अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है और हमें अभी भी देश को आगे ले जाना है।मुस्लिम महिलाओं के लिए किये गए अपनी सरकार के कार्यों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने मुस्लिम बहनों को तीन तलाक से मुक्ति दिलाई है। उन्होंने कहा कि केवल बहनों को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार को परेशानी से छुटकारा मिला है। उन्होंने कहा कि अब मुस्लिम बहन के पिता को ये चिंता नहीं है कि कोई 2-3 बच्चे पैदा करके तीन तलाक बोल देगा।

लोकसभा चुनाव विचारधारा की लड़ाई

राहुल गांधी बोले- तय नहीं इंडिया ब्लॉक का पीएम उम्मीदवार

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव में सामने आ रही वैचारिक लड़ाई पर जोर दिया और इसे संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने वाली ताकतों बनाम उनकी रक्षा करने वाली ताकतों के बीच टकराव बताया। कांग्रेस घोषणापत्र के लॉन्च को संबोधित करते हुए, गांधी ने पार्टी की संभावनाओं पर विश्वास व्यक्त करते हुए आगामी चुनावों के महत्व को रेखांकित किया। गांधी ने एकतरफा मुकाबले का सुझाव देने वाली मीडिया की खबरों को खारिज कर दिया और कहा कि चुनावी परिदृश्य कहीं अधिक सूक्ष्म है। 2004 में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के %इंडिया शाइनिंग% अभियान की तुलना करते हुए, गांधी ने उस चुनाव के अंतिम परिणाम पर प्रकाश डाला, जहां भाजपा को हार का सामना करना पड़ा, जिससे यूपीए सरकार का गठन हुआ। प्रधान मंत्री पद के उम्मीदवार के संबंध में प्रश्नों के उत्तर में, गांधी ने कहा कि ढ्ढ.ह्ल.ष्ठ.द्ध. ब्लॉक चुनावों को

एक वैचारिक लड़ाई के रूप में देखता है और प्रधान मंत्री पद के उम्मीदवार पर निर्णय को चुनाव के बाद तक टाल देगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने श्वष्ठ-ष्ठ्वह्ल जैसी तमाम संस्थाओं को कैप्चर करके फाइनेंशियल मोनोपॉली बना ली है।

लेकिन अब इलेक्टोरल बांड की सारी जानकारी सामने आ गई है।राहुल ने सवाल किया कि किससे उगाही हुई, किसको कॉन्ट्रैक्ट दिया है, कॉन्ट्रैक्ट के बाद कितना पैसा दिया है। इसका पूरा ब्लू प्रिंट सामने आ गया है, इसलिए नरेंद्र मोदी डरे हुए हैं और 400 पार का नंबर आया है। क्योंकि उन्हें पता है 180 पार नहीं होने वाला। सामाजिक न्याय पर जोर देते हुए, घोषणापत्र में केंद्र सरकार के पदों में लगभग 30 लाख रिक्तियों को भरने का वादा किया गया और बिना किसी भेदभाव के सभी समुदायों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में 10त्न कोटा लागू करने का आश्वासन दिया गया।

एनसीईआरटी की किताबों में बाबरी मस्जिद, गुजरात दंगे के संदर्भ में संशोधन किया गया

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने अपनी पाठ्यपुस्तकों में बदलाव करते हुए अयोध्या में बाबरी मस्जिद गिराए जाने, गुजरात दंगों में मुसलमानों के मारे जाने और मणिपुर के भारत में विलय के संदर्भ में संशोधन किया है। एनसीईआरटी ने हालांकि संशोधित गए संदर्भों पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि बदलाव नियमित अद्यतनीकरण का हिस्सा हैं और इसका संबंध नए पाठ्यक्रम ढांचे (एनसीएफ) के अनुसार नयी पुस्तकों के विकास से नहीं है। यह बदलाव कक्षा 11 और 12 तथा अन्य की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में किया गया है।

एनसीईआरटी की पाठ्यक्रम मसौदा समिति द्वारा तैयार किए गए बदलावों का विवरण देने वाले एक दस्तावेज़ के अनुसार, राम जन्मभूमि आंदोलन के संदर्भों को राजनीति में नवीनतम घटनाक्रम के अनुसार बदल दिया गया है। कक्षा 11 की पाठ्यपुस्तक में धर्मनिरपेक्षता से जुड़े अध्याय-8 में पूर्व में कहा गया था, 2002 में गुजरात में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों में 1,000 से अधिक लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर मुस्लिम थे। संशोधन के बाद इस वाक्य को अब 2002 में गुजरात में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के दौरान 1,000 से अधिक लोग मारे गए कर दिया गया है। बदलाव के पीछे एनसीईआरटी का तर्क है, किसी भी दंगे में सभी समुदायों के लोगों का नुकसान होता है। यह सिर्फ एक समुदाय नहीं हो सकता।'' पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के मुद्दे पर पहले की पाठ्यपुस्तक में कहा गया था, भारत का दावा है कि यह क्षेत्र अवैध कब्जे में है। पाकिस्तान इस क्षेत्र को आज़ाद पाकिस्तान के रूप में वर्णित करता है।। बदले हुए संस्करण में कहा गया है, हालांकि, यह भारतीय क्षेत्र है जो पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है तथा इसे पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर (पीओजेके) कहा जाता है।

लोकसभा 2024 के चुनाव परिणाम को पलट देगा चीन

माइक्रोसॉफ्ट ने भारत सरकार को क्यों किया अलर्ट

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। भारत में 19 अप्रैल से लोकतंत्र के महापर्व यानी चुनाव का आगाज हो जाएगा। 1 जून 2024 को आखिरी चरण की वोटिंग होगी और 4 जून को नतीजे आएंगे। लेकिन सरकार को इस साल भारत में होने वाले चुनाव को एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से प्रभावित करने को लेकर एक चेतावनी दी गई है। तकनीकी दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट ने अपने ब्लॉग पोस्ट में प्रमुख हैकिंग प्रयासों के बारे में चेतावनी दी है। अमेरिकी कंपनी ने कहा कि चीन सरकार के समर्थित साइबर ग्रुप इस साल होने वाले अहम चुनावों को निशाना बनाएंगे और इसमें उत्तर कोरिया की भी भूमिका हो सकती है।

चीन को लेकर माइक्रोसॉफ्ट ने चेताया

माइक्रोसॉफ्ट ने बताया कि इस साल दुनिया भर में विशेष रूप से भारत, दक्षिण कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले प्रमुख चुनावों के साथ हमारा आकलन है कि चीन अपने हितों को लाभ पहुंचाने के लिए एआई-जनित सामग्री का निर्माण और विस्तार करेगा। कंपनी का उल्लेख है कि हैकर्स के लिए एआई पसंद का एक प्रमुख हथियार बन गया है, जो आसानी से वीडियो को मॉर्फ कर सकते हैं और प्रसिद्ध हस्तियों की आवाज बदल सकते हैं और उन्हें बड़े

पैमाने पर सार्वजनिक रूप से साझा कर सकते हैं जो इसे वायरल होने और लाखों लोगों तक पहुंचने में मदद करता है। चीन का कुछ समय से अमेरिका और भारत सरकार के साथ टकराव चल रहा है, जिसमें 2020 से चीन और अमेरिका के बीच व्यापार प्रतिबंध भी शामिल है। माइक्रोसॉफ्ट का खतरा विश्लेषण केंद्र नियमित रूप से अपने निष्कर्ष साझा करता है और नवीनतम घटनाक्रम निश्चित रूप से सत्तारूढ़ सरकार और उसके कानून को बताएंगे।

सरकारों को बाधित करने के लिए एआई का यूज

माइक्रोसॉफ्ट ने कहा है कि इस साल अमेरिका, भारत और दक्षिण कोरिया में होने वाले चुनावों को चीनी और कुछ हद तक उत्तर कोरियाई साइबर हमलावर निशाना बनाने के लिए काम करेंगे। चीन मतदाताओं को सबसे अधिक विभाजित करने वाली बात जानने के लिए फेक सोशल मीडिया अकाउंट का उपयोग कर रहा है और संभवतः अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे को अपने पक्ष में प्रभावित कर सकता है। माइक्रोसॉफ्ट द्वारा चुनावों को बाधित करने के चीन के प्रयासों को दर्शाने वाले कुछ उदाहरणों में अगस्त 2023 माउ जंगल की आग शामिल है, जिसके बारे में उनका दावा है कि यह अमेरिकी सरकार द्वारा सैन्य-ग्रेड मौसम हथियार के परीक्षण का हिस्सा था, जो जानबूझकर क्षेत्र में जंगल की आग का कारण बना।

ताइवान चुनाव में पहली बार प्रयोग

जनवरी 2024 में ताइवान के राष्ट्रपति चुनावों को अस्थिर करने के लिए एआई सामग्री का भी उपयोग किया गया। यह किसी विदेशी चुनाव को सरकार समर्थित ढ्ढ-जनरेटेड कंटेट से प्रभावित करने की पहली कोशिश थी। मीम्स, वीडियो और ऑडियो को बढ़ाने में चीन का बढ़ता प्रयोग संभवतः जारी रहेगा।

सड़कों पर नमाज़ न होने के कारण कई मस्जिदों में दो शिफ्टों में पढ़ाई गई आखरी जुमा की नमाज़

जुम्मतुल विदा पर बारगाहे खुदा में झुके रोज़ादारों के सिर,मांगी अमन चैन खुशहाली की दुआ

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। माहे मुक़द्दस रमज़ान के पच्चीसवें रोज़े पर रमज़ान का चोथा व आखरी जुमा को शहर सहित सभी आस पास के कस्बों में शान्ति और सदभाव के साथ जुम्मतुल विदा की नमाज़ अक़ीदत व ऐहतेराम के साथ सम्पन्न हुई।

सरकार व शासन प्रशासन की हिदायत को ध्यान में रखते हुए चौक जामा मस्जिद, चक शिया जामा मस्जिद, रौशन बाग़ शाह वसीउल्ला मस्जिद, अबुबकर मस्जिद करैली, धोबी घाट हरी मस्जिद, रेलवे स्टेशन की बड़ी मस्जिद के साथ साथ दायरा शाह अजमल की खानकाह ए अजमली, रानीमंडी, बख्शी बाज़ार, अकबरपुर, रसूलपुर, अटाला, दरियाबाद, समदाबाद, रानीमंडी, हटिया आदि मस्जिदों के अंदर ही बाजमात नमाज़ अदा कराई गई। दायरा शाह अजमल के सज्जादानशीन अलहाज सैय्यद ज़रार फाखरी के अनुसार रोज़ादारों की सहूलियत को दो बार बाजमात पढ़ाई गई।

पहली नमाज़ का खुतबा दिन के डेढ़ बजे तो दूसरा खुतबा दिन के ढ़ाई बजे सुनाया गया।

करैली की शिया जुमा मस्जिद ए खदीजा जहां बड़ी संख्या में एक साथ हज़ारों लोगों ने एक सफ में मौलाना रज़ी हैदर साहब क़िबला की इमामत मे बाजमात नमाज़ अदा की। मस्जिद के मुतावल्ली हसन आमिर की ओर से मस्जिद में नमाज़ीयों के लिए खास ऐहतेमाम किया गया था। बड़े फुल एसी हॉल में मोटी क़ालीन जॉनमाज़ सिजदगाह व तस्बीह का माकूल इन्तेज़ाम किया गया था। इसके साथ ही हाल के बाहर मस्जिद प्रांगण में टेन्ट फर्श व पंखे का इन्तेज़ाम था ताकि सड़कों पर नमाज़ न होने की दशा में चक ज़ीरो रोड पर जगहा न मिलने पर अधिक से अधिक नमाज़ीयों की नमाज़ अदा हो सके। म्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार सुन्नत जमात की सभी मस्जिदों में जुम्मतुल विदा की नमाज़ तय समय पर अदा की गई। तो वहीं शिया समुदाय में चक जामा मस्जिद के साथ करैली में मस्जिद ए खदीजा, दांदूपूर की शिया मस्जिद व सैदाबाद की इबादत गाह व प्रीतमनगर की मस्जिद में जुम्मतुल विदा की विशेष नमाज़ अदा कर देश में अमन चैन, खुशहाली, रोज़ी में बरकत, सेहत ओ सलामती, नेक राह चलने और गुनाहों से माफ करने की बारगाहे खुदावन्दी में हांथ फैला कर दुआ मांगी गई।

होली मिलन एवं परिचय सम्मेलन आज

प्रयागराज। नगर केशरवानी वैश्य सभा के तत्वाधान में कल 6 अप्रैल को शयन कल 7ः00 बजे से श्री कटरा राम वाटिका में केशरवानी समाज का होली मिलन एवं परिचय सम्मेलन का कार्यक्रम होगा।राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सतीश चंद्र केसरवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त

कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल कोलकाता हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सूर्य प्रकाश केसरवानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में हैदराबाद से अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष यस यन केसरी उपस्थित होंगे। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने जानकारी दी की कार्यक्रम का उद्घाटन प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय संरक्षक शिव कुमार वैश्य होंगे। प्रमिल केसरवानी प्रदेश महामंत्री ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में वाराणसी, मिर्जापुर, कानपुर, लखनऊ, फतेहपुर आदि कई जिलों से केशरवानी समाज के प्रतिनिधि उपस्थित होकर विवाह योग युवक एवं युवतियों का परिचय होगा।

उप प्रधानाचार्य का विदाई समारोह आज

होलागढ़ (प्रयागराज)। शेरवानी इंटर कालेज मुकुंदपुर के वरिष्ठ शिक्षक / उप प्रधानाचार्य विष्णु दत्त मिश्र का कल यानी शनिवार को शिक्षक और छात्र सेवानिवृत्ति के बाद विदाई समारोह करेंगे। जानकारी विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डाक्टर सर्वेश शुक्ल ने दी है।

इंद्रजीत की मौत की उच्च स्तरीय जाँच के लिए सड़क पर उतरे सपाई

जिलाधिकारी एवं डी.सी.पी. का घेराव कर दिया ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। नैनी जेल में बंद इंद्रजीत निवासी बंदी पट्टी, थाना सराय मामरेज की मौत को पुलिस अभिरक्षा में मौत का गंभीर मामला बताते हुए इसकी उच्च स्तरीय जाँच, दोषी पुलिस एवं जेल के कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई तथा मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की मांग को लेकर आज समाजवादी पार्टी के लोग सड़क पर उतरे। जिलाधिकारी एवं डी सी पी गंगानगर से अलग अलग मिलकर ज्ञापन सौंपा। सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव विधायक गण श्रीमती विजमा यादव, हाकिम लाल बिन्द के नेतृत्व में सैकड़ों सपा कार्यकर्ताओं ने आज प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर पूरे मामले में पुलिस एवं जेल कर्मियों की लापरवाही एवं गैर जिम्मेदाराना करतूत की शिकायत की।ज्ञापन में कहा गया है कि इंद्रजीत को सराय मामरेज थाने में ही जमकर मारा पीटा गया था। उसे गहरी चोट आई थी लेकिन तत्काल इलाज की बजाय उसे जेल भेज दिया गया। ज्ञापन के साथ अख़बारों की कटिंग भी संलग्न

की गई है जिसमें इंद्रजीत के जहर के कारण हुई मौत की आशंका जताई गई है। सपा नेताओं का कहना है कि पूरे मामले कि गंभीरता के साथ उच्च स्तरीय जाँच हो और सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाय।सपा नेताओं ने सराय ममरेज के थानाध्यक्ष, चौकी इंचार्ज जंघई सहित अन्य पुलिस कर्मियों को तत्काल हटाने की मांग की। इसके साथ ही मृतक इंद्रजीत के परिजनों को कम से कम 50 लाख रूपये की आर्थिक सहायता शासन द्वारा दिलाने की मांग उठाई।

इस मौके पर अनिल यादव, विधायक गण डॉ मान सिंह यादव, श्रीमती विजमा यादव, हाकिम लाल बिन्द, उपाध्यक्ष डॉ राजेश, दान बहादुर मधुर, पूर्व प्रमुख संदीप यादव, नाटे चौधरी, शांति प्रकाश पटेल, दूधनाथ पटेल, कुलदीप यादव, मुलायम यादव, आसुतोष तिवारी, सचिन श्रीवास्तव, सुरेश यादव आदि मौजूद रहे।

मदरसा मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी- फुज़ैल

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश कांग्रेस राज्य समिति के सदस्य फुज़ैल हाशमी ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा मदरसा एक्ट रद्द करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फ़ैसले पर अंतरिम रोक लगाये जाने पर खुशी जाहिर की है। आज यहां हिम्मतगंज कैम्प कार्यालय में शहर अल्पसंख्यक विभाग की बैठक में उन्होंने कहा कि एपेक्स कोर्ट ने फैसले में माना कि हाईकोर्ट ने मदरसा एक्ट के प्रावधानों को समझने में भूल की है। हाईकोर्ट का यह मानना कि ये एक्ट धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ़ है, पूरी तरह गलत है। यह भी कहा कि हाईकोर्ट का यह अधिकार नहीं बनता कि इस एक्ट को रद्द करे। 17 लाख छात्र और 25000 मदरसे इस आदेश से प्रभावित हुए हैं। कहा कि सन् 1908 से मदरसे रजिस्टर्ड हो रहे। बैठक में मोदी और योगी सरकार पर मुसलमानों के संवैधानिक एवं मौलिक अधिकारों के हनन का आरोप भी लगाया गया।अध्यक्षता शहर अध्यक्ष अरशद अली ने की। इस दौरान परवेज़ सिद्दीकी, खुशनवेदा फारूकी, एहतेशाम अहमद, नाज़ खान, शहजादुल हक, सरताज़ मोहम्मद, गजाली खान, महफूज अहमद, तालिब अहमद, जाहिद नेता, मो अहमद एडवोकेट, मो. हसीन, शमसुल इस्लाम, मो मोबिन, मुख्तार अहमद, गुलाम वारिस, शमशाद अहमद आदि थे।

संगम तट पर दुकानें उजाड़ने के विरोध में सौंपा ज्ञापन

प्रयागराज। आज कचहरी इलाहाबाद में रेहड़ी पटरी में संगम नोज में दुकान लगाकर, जीविका कमा रही सैकड़ों महिलाओं ने जीविका उजाड़, कथित मेला प्राधिकरण कर्मियों द्वारा मान मर्दन करनें वालों के खिलाफ जांच कर एफआईआर कर जेल भेजने, रेहड़ी पटरी कानून 2014 लागू करने, संगम में प्रशासन द्वारा किए जा रहे रोजी उजाड़ने को रोकने की मांगों पर सामाजिक न्याय आंदोलन व जनता दल यूनाइटेड बैनर से प्रदर्शन हुआ। उन्होंने मांग पत्र एडीएम सिटी विनोद कुमार सिंह को सौंप कर उजाड़ रोकने मांगों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की बात कही।

आंदोलन का नेतृत्व कर रही सामाजिक न्याय आंदोलन की अध्यक्ष

अनु सिंह ने कहा संगम नोज, संगम पर दो हजार चौदह से लगातार हर साल तीज त्यौहार पर लोकल भ्रष्ट प्रशासन दलाल मिलकर दुकानों की तोड़ फोड़ कर उजाड़ करते हैं। प्रशासन को लिखित आंदोलन से ज्ञापन मांग कर हर नुकसान को चेताया जा रहा है। पंडा के तख्त दरिया के किनारे लगे हैं। लेकिन वहीं जीविका कमा रही पिछड़ी दलित समाज की महिलाएं पुरुषों के साथ लगातार हमला हो रहा है। प्रशासन संवेदना के साथ रेहड़ी पटरी कानून 2014 लागू करें। जिसले रोजी उजाड़ से वंचित हो रहे लोगों की जीविका सुनिश्चित की जा सके। संगम की साझी विरासत आबाद हो।

प्रदर्शन में बुद्ध प्रकाश, पिंटू सिंह, शशी निषाद, मनीषा, ललिता, अनिता, शांति, विमला, पुष्पा, रानी, गुड़िया, उमा, सोना, सुनीता, सरिता, माधुरी, रीना, सीमा, सिमरन, सीमा, कमलेश, सुमन, रेनू विजय आदि मुख्य विचार रखे।

फीस वृद्धि पर अभिभावकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा ज्ञापन

प्रयागराज। सरकार द्वारा निजी स्कूलों में 15 प्रतिशत फीस बढ़ाने से आक्रोशित अभिभावकों ने आज उत्तर प्रदेश अभिभावक एकता समिति के प्रदेश अध्यक्ष विजय गुप्ता के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का घेराव करके उप जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह को ज्ञापन देकर बढ़ी हुई फीस वापस लेने की मांग की।

ज्ञापन सौंपते हुए विजय गुप्ता ने कहा कि शिक्षा माफियाओं के दबाव में आकर स्कूल प्रशासन हर वर्ष 15त्न फीस वृद्धि की है। वह किसी भी तरह से ठीक नहीं है। क्योंकि कोरोना काल में आम आदमी की कमर टूट गई जो अभी तक सम्भल नहीं सके, फीस वृद्धि के कारण लोगों को अपने बच्चों को शिक्षित करने में असहजता होगी। इसलिए शासन को फीस वृद्धि के निर्णय पर पुनः विचार करके उसे वापस लेना चाहिए।

ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से बृजेश निषाद, सोनी अग्रहरि, रानी केसरवानी, प्रमोद गुप्ता, विकास अग्रहरि, विपिन केसरवानी, बबीता केसरवानी, राजकुमार जायसवाल, अनीता गुप्ता, अजय गुप्ता, संगीता केसरवानी, अनिकेत जायसवाल, कमलेश कुमार, पिंटू वाल्मीकि, कुंदन सिंह, मनीष गुप्ता आदि अभिभावक शामिल रहे।

कौड़ियाड़ीह में श्रीमद्भागवत कथा 11 से

लोकमित्र ब्यूरो

होलागढ़ (प्रयागराज)। जनपद प्रतापगढ़ के कौड़ियाड़ीह ,जलेशरगंज में पूर्व प्रधानाचार्य पंडित माता प्रसाद पाण्डेय के आवास पर 11 अप्रैल से श्रीमद्भागवत कथा होगी।कथा व्यास/ कुलगुरु भागवत भूषण संतोष जी महराज एवं मुख्य यजमान पूर्व ग्राम प्रधान श्रीमती विद्यावती एवं पूर्व प्रधानाचार्य माता प्रसाद पाण्डेय सपत्नीक रहेंगे।प्रमुख व्यवस्थापक भट्ठा मालिक जमुना प्रसाद पांडेय ने बताया कि 11 अप्रैल को ही प्रातः काल कलश यात्रा भी निकाली जाएगी।जिसमे सैकड़ों श्रीमद्भागवत भक्त भाग लेंगे। कलश यात्रा का

निर्देशन वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल पांडेय करेंगे।बताया कि कलश यात्रा घोड़ा बग्घी और डीजे बाजा के साथ मंडप से शिव मंदिर हरनाहर तक जाएगी।

बुजुर्ग की हत्या व आत्महत्या के बीच उलझी पुलिस रेल ट्रैक पर मिला बुजुर्ग का क्षत-विक्षत शव

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर शुक्रवार को बुजुर्ग का क्षत-विक्षत शव मिला है। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस हत्या व आत्महत्या के बीच उलझी रही।

मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के नेवढ़िया खास (कंवरिया) का रहने वाला अरुण कुमार बिंद (50) वर्ष गाजियाबाद में रेलवे विभाग के एसएसई विभाग ने कार्यरत हैं। शुक्रवार सुबह तकरीबन 6 बजे के आसपास दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग के मेजारोड रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक के अपलाइन सिग्नल के पास उसका क्षत-विक्षत शव पाया गया। शव मिलने

से अफरा तफरी देखी गयी।हादसे की जानकारी पर स्टेशन में तैनात रहे आरपीएफ के कांस्टेबल प्रवीण कुमार गुर्जर ने जीआरपी मांडा को मामले से अवगत कराया। कुछ ही देर में मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच उसकी शिनाख्त अरुण कुमार के रूप में किया। परिजनों की माने तो अरुण

गाजियाबाद से घर वापसी के वक्त हुआ हादसा

कुमार गुरुवार शाम गाजियाबाद से घर के लिए निकला था और सुबह उसका शव प्लेटफार्म नंबर एक पर पाया गया है।

अरुण कुमार की मौत पर कई तरह की चर्चाएँ रहीं।उसकी मौत मेजारोड में कैसे हुई और इसके पीछे की वजह क्या हो सकती है,इन तमाम सवालों का जबाब जीआरपी पुलिस ढूढ़ रही है। फिलहाल मौके पर पहुंचे परिजन अपना मुंह नहीं खोल रहे हैं। इस हत्या या आत्महत्या की गुत्थी के बीच जीआरपी ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जिंदगी में तब्दीली के लिए आता है रहमान- मुफ्ती फजलुर रहमान इलाहाबादी

लोकमित्र ब्यूरो

मऊआइमा (प्रयागराज)। रमजान के रोजे का मकसद यह है कि हम रमजान के बाद भी अपने आप को बुराइयों और बुरे कामों से दूर रखें। अगर हम ऐसा करने में सफल हैं तो हमने रमजान के संदेश पर अमल किया।

उक्त बातें आज अलविदा की नमाज से पहले अपने बयान में युवा आलिम मुफ्ती फजलुर रहमान इलाहाबादी ने मऊआइमा स्थित जामा मस्जिद आजमपुर में कहीं। उन्होंने कहा रोजे का मकसद तकवा परहेज गारी है। तकवा कहते हैं कि इंसान झूठ, चोरी, डकैती, धोखा और तमाम बुराइयों से दूर रहे। अल्लाह और उसके रसूल के बताए हुए सीधे और सच्चाई के रास्ते पर चले। उन्होंने कहा रमजान का महीना जिंदगी में तब्दीली के लिए आता है। रोजे की हालत में जिस तरह हम अपने आप को गुनाह के कामों से बचाते थे, रमजान के बाद भी हम गुनाह के कामों से अपने आप को बचायें, तब समझिए कि आपने रमजान के सिद्धांतों पर अमल किया। मुफ्ती इलाहाबादी ने कहा इस्लाम की शिक्षा यह है कि धरती पर जो लोग भी बसते हैं उनका धर्म कुछ भी हो, उनके साथ दया का करो। उनके दुख दर्द में काम आओ, तो अल्लाह ताला आप पर भी रहम करेगा। उन्होंने कहा ईद की खुशी में गरीब, कमजोर, बेसहारा लोगों को भी शामिल करें। ईद पर्व पर उनकी ज्यादा से ज्यादा मदद करें, ताकि गरीब लोग भी ईद मना सकें।

शिव प्रकाश की गेंदबाजी से शिवपुर क्लब जीता

प्रयागराज। शिवपुर क्रिकेट क्लब ने जेसीएफ क्लब को आठ विकेट से हराकर साबिरा बेगम अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में शिव प्रकाश पाण्डेय की अचूक गेंदबाजी (6-2-09-5) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर शुक्रवार को खेले गए मैच में जेसीएफ क्लब ने 24.4 ओवर में 106 रन (उज्ज्वल यादव 24, अमन कुमार 22, शिव प्रकाश पाण्डेय 5/09, रोहित पटेल 2/19) बनाये।जवाब में शिवपुर क्लब ने 10.2 ओवर में 2 विकेट पर 107 रन (रुद्रांश सिंह 55 नाबाद, आयुष मौर्य 17, अंश यादव 1/27) बना लिए। शिव प्रकाश को मैन ऑफ दि मैच चुना गया।

जुमे की नमाज में अकीदतमंदों ने मांगी अमन की दुआ

इमाम ने कहा, पाक माह में बरसती है अल्लाह की रहमत

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। माहे रमजान का पहला और दूसरा अशरा समाप्त होने के बाद तीसरे अशरे में अलविदा जुमा की नमाज शुक्रवार को क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में पढ़ी गई। इस पाक माह में 25 रोजे मुकम्मल हो चुके हैं। इस बार माहे रमजान तीन खंडों में बंटा हुआ है। बता दें कि जुमे का इस्लाम धर्म में विशेष महत्व है। और रमजान के पाक महीने के जुमे की अहमियत और भी बढ़ जाती है।

शुक्रवार को जुम्मे की नमाज को लेकर मस्जिदों में एक अलग ही रौनक देखने को मिली।क्षेत्र के अलग-अलग मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज पढ़ी गई।मेजारोड के सोरांव गांव स्थित मदीना मस्जिद में अलविदा जुमे की नमाज को लेकर खास तैयारियां की गई थी।

बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी लोग मस्जिद में इबादत करते नजर आए। अकीदतमंदो ने मुल्क की तरक्की अमन चैन खुशहाली की दुआ मांगी है।मदीना मस्जिद के इमाम मौलाना अब्दुल कलाम ने बताया कि अलविदा जुमे में नमाज अदा कर लोग जो जायज दुआ मांगते हैं वह पूरी होती है। साथ ही व्यक्ति को अपने गुनाहों की माफी भी मिलती है।

इस दौरान मोहम्मद रज़्ज़ाक, नईम अहमद, रमजान, मोहम्मद अरमान, मोहम्मद यूनुस, नजीर अहमद, अजीज अहमद, मौलाना अजहर, वकील अहमद, चंदू,मुन्ना, असफाक अहमद, जान मोहम्मद

मोहम्मद मंसूर सहित भारी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

सपा कार्यालय में मनाई गई महर्षि कश्यप एवं निषादराज गुह्य की जयंती

प्रयागराज। महर्षि कश्यप एवं निषाद राज गुह्य की जयंती आज समाजवादी पार्टी कार्यालय जार्ज टाउन में मनाई गई। दोनों महापुरुषों के चित्र पर फूल माला अर्पित कर नमन करने के उपरांत उनके पदचिन्हो पर चलने और उनके आदर्शो को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, विधायक संदीप पटेल, वरिष्ठ नेता महेन्द्र निषाद आदि वक्ताओं ने कहा कि दोनों महापुरुषों से जीवन के संघर्षो और मानवीय मूल्यों को बचाये रखने की प्रेरणा मिलती है। आज की पीढ़ी के लिए वरदान है।

इस अवसर पर अनिल यादव, डॉ मानसिंह, संदीप पटेल, महेन्द्र निषाद, मंजू यादव, दूधनाथ पटेल, शांति प्रकाश पटेल, रविन्द्र यादव, डॉ राजेश यादव, दान बहादुर मधुर, आसुतोष तिवारी, सुधीर निषाद, गीता पासी,सचिन यादव, संदीप बिन्द, जयशंकर भारतीय, पूर्व प्रमुख संदीप यादव, नवीन यादव, कुलदीप यादव, इंजी विक्रम यादव, नाटे चौधरी, के के यादव, जगदीश यादव, राकेश सिंह, शंकर लाल, संदीप कटका आदि मौजूद रहे।

बालाडीह के उपभोक्ता लो वोल्टेज से परेशान

होलागढ़ (प्रयागराज)। विद्युत उपकेंद्र कल्याणपुर के बाला डीह और भगवान दीन के पूरा के दर्जनों उपभोक्ता इन दिनों लो वोल्टेज और फाल्ट के कारण प्रेषण हैं। उपभोक्ताओं की मानें तो जेई फोन नहीं उठाते और विद्युत कर्मी बिल वसूली में व्यस्त होना बता रहे हैं ऐसे में उपभोक्ताओं की कौन सुने यह बड़ी समस्या है।

शुआट्स कर्मी के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। शुआट्स के प्रसार विभाग में कार्यरत मीना नाथन व अन्य के खिलाफ एक महिला द्वारा गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया।

शुआट्स कैम्पस में रहने वाली रीतू यादव पत्नी सतीष यादव के अनुसार जब उनके पति घर पर नहीं थे तब बुधवार रात्रि 8.15 बजे मीना नाथन उनके पुत्र श्रेय नाथन, एनोस नाथन सहित दो अज्ञात व्यक्ति जबरन उनके घर में घुस आये और मारपीट करने लगे। इतने में जब उनके पति सतीष यादव आये तो उन्हें भी उक्त लोगों ने बुरी तरह पीटा जिससे सतीष यादव गम्भीर रूप से घायल हो गये। उक्त लोगों ने रीतु यादव को परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। रीतु यादव ने नैनी थाने में तहरीर दी जिसके आधार पर मीना नाथन श्रेय नाथन, एनोस नाथ सहित अन्य दो लोगों के विरूद्ध धारा 147, 452, 323, 504 व 506 में मुकदमा दर्ज किया गया।

मदरसा बोर्ड की बहाली पर शिक्षकों में खुशी की लहर

लोकमित्र ब्यूरो

मऊआइमा (प्रयागराज)। सुप्रीम कोर्ट द्वारा शुक्रवार को मदरसा बोर्ड को बहाल किए जाने पर मदरसा के शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। मऊआइमा नगर पंचायत के मदरसा इस्लामिया अबूहलीमपटटी, मदरसा अनवारूल उलूम, मदरसा इस्लामिया आदि के शिक्षक मोहम्मद अकमल प्रधानाचार्य, सलाह उद्दीन,अबूजर, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद अकरम, मोहम्मद फैज, शफीकुलरहमान प्रधानाचार्य, मौलाना सालिम, साजिद, रईस अहमद, अख्तर हुसैन आदि ने खुशी का इजहार करते हुए सुप्रीम कोर्ट के प्रति आभार जताया।

इन लोगों ने कहाकि शिक्षकों के ऊपर आया रोजी रोटी का संकट सुप्रीम कोर्ट ने दूर कर दिया तथा छात्रों को शिक्षा प्रदान करने की राह आसान कर दी।

लोकसभा चुनाव,2024 चुनावी चौपाल

सांसद ऐसा हो जो विकास के मुद्दे पर करे कार्य

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। लोकसभा चुनाव को लेकर गहमागहमी तेज हो गई है। इसी कड़ी में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं की नब्ज टटोल जा रही है। कौशांबी लोकसभा संसदीय सीट में सुबह चाय पर हुई चर्चा के दौरान मतदाताओं ने अपनी बात खुलकर सामने रखी।चाय पर चर्चा के दौरान लोगों ने अपनी बात बेबाकी से रखी। चर्चा में व्यापार, सड़क और बेरोजगारी , स्वास्थ्य व शिक्षा के मुद्दे उठे। व्यापार मंडल दारानगर के अध्यक्ष शिव शंकर केसरवानी ने कहा कि विकास के नाम पर यहां कुछ नहीं मिला है। लोकसभा सीट पर सुविधाओं का अभाव है। शिव शंकर केसरवानी ने कहा कि देश में विकास हो रहा है, लेकिन कौशांबी की कोई सुध लेने वाला नहीं है। स्वास्थ्य, शिक्षा आदि पर ध्यान नहीं दिया गया ।

सांसद ऐसा हो जो व्यापारियों की समस्याओं को समझे।म्योहरा के मतदाता लवकुश अग्रहरी का कहना है की यहां के सांसद का ध्यान विकास की ओर नहीं था। शिक्षा के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोई सुविधा नहीं मिली। प्रदेश सरकार ने कानून व्यवस्था में सुधार किया है पर्यटन की दृष्टि से कड़ा में काडीडोर के साथ महिलाओ के लिए उच्च शिक्षा के लिए महिला महाविद्यालय की स्थापना होनी चाहिए।

म्योहरा के संदीप अग्रहरी का कहना है की अब तक जो सांसद बने सिर्फवादे किए यहां मुख्य समस्या ट्रेन कनेक्टिविटी की है, व्यापारियों को काफी परेशानी होती है। लोगों ने कई बार सुबह में ट्रेन चलाने की मांग उठाई, लेकिन कुछ नहीं मिला। हमारी मांग है कि जो भी सांसद आए, कनेक्टिविटी पर ध्यान दे पाएं। सिराथू रेलवे स्टेशन को जकशन बनाए जाय।सिराथू कस्बे के रमन केसरवानी का कहना है की सिराथू रेलवे स्टेशन के पांच किलोमीटर के क्षेत्र में शक्तिपीठ कड़ा धाम , ख्वाजा कड़क शाह मजार , संत मूल दास आश्रम सहित कई दार्शनिक स्थल है , सिराथू जक्शन बनने से जनपद के लोगो को इसका फायदा मिलेगा और विकास को एक नई गति मिलेगी।

बालू पट्टाधारक ने नहर पुलिया पर किया अवैध कब्जा, डीएम से शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। विकास खंड नेवादा के एक गांव में बालू पट्टा धारक ने नहर पुलिया पर अवैध कब्जा कर धर्म कांटा लगा दिया है जिससे गांव को लोगो को जलनिकासी के लिए परेशानी होती है , ग्राम प्रधान ने मामले की शिकायत डीएम से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

विकास खंड नेवादा के चकपिन्हा गांव की ग्राम प्रधान सुमैंया बानो ने डीएम कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया की गांव के रास्ते में सरकारी तालाब है जिसमे गांव के पानी के जलनीकासी के लिए दो पुलिया पड़ी हुई है । गांव का पानी पुलिया के माध्यम से बगल ने स्थित नहर में जाता है ।ग्राम प्रधान का आरोप है की एक बालू पट्टा धारक द्वारा पुलिया को पाटकर धर्म कांटा लगा दिया है जिससे जल निकासी के लिए गांव के लोगो को परेशानी होगी, प्रधान ने मामले में डीएम से कार्यवाही की मांग की है।

सेवानिवृत शिक्षक रावेन्द्र सिंह को दी गई विदाई

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू/ नारा, कौशाम्बी। विकास खंड सिराथू के उच्च प्राथमिक विद्यालय जुवरा में प्रधानाध्यापक रवींद्र सिंह की अगुवाई में सेवानिवृत्त शिक्षक रावेन्द्र सिंह को विदाई देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रमोहन सिंह पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी और विशिष्ट अतिथि सुरेन्द्र पटेल खण्ड शिक्षा अधिकारी रहे और कार्यक्रम का संचालन अभिषेक सिंह द्वारा किया गया। रावेन्द्र सिंह ने शिक्षकों से अपने सेवाकाल के अनुभवों को साझा करते हुए सभी शिक्षकों को छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होने की प्रेरणा दी।

प्राथमिक शिक्षक संघ कौशाम्बी के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता बल्कि अनुभव अर्जित करने पश्चात् वह समाज के निर्माण में अमूल्य योगदान देता है। रावेन्द्र भैया आदर्श व्यक्तित्व के स्वामी है, हम सभी शिक्षकों को आपसे बहुत सीखने को मिला है तथा ईश्वर से प्रार्थना है कि आपका आगामी जीवन में स्वस्थ और आनंदपूर्वक व्यतीत हो। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष नेवादा प्रमोद सिंह, सिराथू ब्लॉक अध्यक्ष ईश्वर शरण सिंह, सरसवा ब्लॉक अध्यक्ष विनय सिंह, मंत्री आलोक सोनी,कुशल सिंह,शंकर दयाल सिंह,राम हरी सिंह , जिला समन्वयक वीरेंद्र कुमार व धर्मेन्द्र पटेल , एस0 आर0 जी0 कौशाम्बी ओमप्रकाश सिंह, अभिषेक सिंह,भीम प्रकाश, योगेन्द्र सिंह,मार्तण्ड सिंह,अनुराग सिंह, गौरव सिंह,आदि शिक्षक पदाधिकारी और शिक्षक ने प्रतिभाग किया।

जु-जित्सु नेशनल चैंपियनशिप का चौक स्टेडियम लखनऊ में हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जु जित्सु संघ इंडिया की तरफसे चौक स्टेडियम लखनऊ में पांच दिवसीय नेशनल स्तरीय जु-जुत्सु प्रतियोगिता का आयोजन 29 मार्च से 2 अप्रैल तक किया गया। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, झारखंड, हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली, असम, मेघालय आदि प्रदेश की टीमों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम का शुभारंभ जुजित्सु संघ के नेशनल सेक्रेटरी जनरल अमित अरोड़ा ने किया। कार्यक्रम का समापन उत्तर प्रदेश शासन के गन्ना मंत्री द्वारा किया गया। जाह्नवी शर्मा का चयन 01 मई से दुबई में आयोजित हो रहे इंटरनेशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ पर दुर्भाग्यवश इसी प्रतियोगिता में खेल के दौरान हाथ में लगी चोट के कारण उनका जाना अभी संशय में है।

शॉर्ट सर्किट से ट्रांसफार्मर में लगी आग

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। मुख्यालय स्थित संयुक्त जिला चिकित्सालय में आज अचानक परिसर में लगे ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से अस्पताल परिसर में अफरा तफरी मच गई। इस दौरान कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई। लेकिन संयुक्त जिला चिकित्सालय के फायर सिलेंडरों द्वारा किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। सूचना फायर विभाग को दे गई लेकिन विभाग के पहुंचने तक आग पर काबू पा लिया गया। घटना से किसी भी प्रकार का हता हत की सूचना नहीं मिली है।

सैनी के पचासा के मेधावियों को मिला सम्मान

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड कड़ा के सैनी के पचासा में स्थित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को कक्षा 5 के बच्चों का विदाई समारोह सम्पन्न हुआ। इस दौरान कक्षा 1 से कक्षा 5 तक में कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को ब्लॉक एआरपी किशोर गुप्ता,सुरेंद्र मौर्या व विद्यालय की प्रधानाध्यापक रेनू सिंह ने पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के शिक्षक कृष्ण कुमार जायसवाल ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मेहनत ही जीवन का मूल मंत्र होना चाहिए। तत्पश्चात अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अभिभवाको को विद्यालय में बेहतर शिक्षा के साथ साथ मिलने वाली निःशुल्क सुविधाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रवींद्र नाथ चेतक ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के स्टाफ प्रदीप कुमार, हंसराज, रवींद्र नाथ, आकांक्षा यादव व विद्यालय की पूर्व शिक्षिका उत्कर्षा जायसवाल सहित अभिभावक व ग्रामवासी मौजूद रहे।

चोरों ने काटी सेंध, चोरी करने में असफल

सिराथू, कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के टड़हर गांव में गुरुवार की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए सेंध काट डाली लेकिन जगहट होने पर चोरी का प्रयास सफल नहीं हुआ। गांव के रामकिंकन गांव के प्रारंभ में ही रोड के किनारे एक मकान बनाकर किराना की दुकान खोल रखी है। रोज की तरह वह गुरुवार को दुकान से गांव के अंदर बने घर चले गए। दुकान की छत पर बने कमरे में उनके पिता बंधु पटेल और भांजा रवि सो रहे थे। रवि ने बताया की रात दो बजकर सत्रह मिनट पर उसे कुछ खटखटाने की आवाज सुनाई दिया तो उसने आवाज लगाई लेकिन कोई उत्तर नही मिला। काफी देर जागते रहने के बाद दुबारा की आवाज न आने के बाद वह फिर सो गया। सुबह उधर से गुजर रहे ग्रामीणों ने दुकान के पीछे की दीवाल से सेंध कटी होने पर दुकानदार को बताया।

सपा नेता ने क्षेत्र का भ्रमण कर सपा की नीतियों को बताया

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव आनंद मोहन सिंह पटेल ने शुक्रवार को सिराथू विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जनों गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान सपा नेता आनंद मोहन सिंह पटेल ने अटसराय, कोखराज , अजुहा , अमिरतापुर सहित कई गांव पहुंचे जहां उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों पर जमकर हमला बोला। सपा सरकार के कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। सपा नेता आनंद मोहन सिंह पटेल ने कहा कि, देश में महंगाई अपनी चरम सीमा पार कर चुकी है। इस मौके पर आशीष पासी , लवकुश पटेल , बच्छराज पासी , मलखान पासी सहित कई सपाई मौजूद रहे।

जिलाबदर आरोपी को किया गया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिलाधिकारी द्वारा आरोपी जैद मोहम्मद उर्फजायद निवासी परास थाना सैनी को जिलाबदर का आदेश किया गया था। मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि आरोपी जनपद में आया है। जिलाधिकारी के आदेश के उल्लंघन करने पर थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक आलोक राज मय हमराह पुलिस बल द्वारा जैद मोहम्मद उपरोक्त को लोहदा मोड़ से गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया।

दहेज हत्या के वांछित आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उपनिरीक्षक जनार्दन सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित आरोपी दसवन्त उर्फ लल्लन निवासी ग्राम पोतनिहा का पुरा मजरा घासीपुर थाना पश्चिम शरीरा को पलरा सेगराहा नहर पुलिया से गिरफ्तार किया गया।

प्रतिबंधित गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक संजय राम मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर आरोपी उमेश कुमार रैदस निवासी नेता नगर कस्बा व थाना मंझनपुर को शहीद बाबा नहर पुलिया के पास से 850 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

अवैध तमंचा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कौशाम्बी पुलिस उपनिरीक्षक दिलीप कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा अमित कुमार निवासी बड़ा गढ़वा थाना व जनपद कौशाम्बी को 01 अदद तमंचा 12 बोर 02अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ अशोक स्तम्भ किला तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

नाजायज चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक जय प्रकाश यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा हैदर निवासी नया नगर कस्बा व थाना मंझनपुर को 01 अदद नाजायज चाकू के साथ हजरतगंज कस्बा मंझनपुर से गिरफ्तार किया गया।

दो वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना कोखराज पुलिस उपनिरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी गोकरण पाण्डेय निवासी दरवेशपुर थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक संजय राय मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी महताब निवासी चक नगर कस्बा व थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक बलराम सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा सुरेन्द्र कुमार निवासी अम्बेडकर नगर कस्बा व थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को 20लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक रणजीत सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा गनेश प्रसाद निवासी बनवापर हब्बु नगर थाना कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी को 12 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक मिश्रा लाल चौधरी मय हमराह पुलिस बल द्वारा सतीश कुमार निवासी रसीदमई थाना कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक धीरेन्द्र कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा बुद्धराम निवासी नगियामई थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को 11 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 201 वाहनों का ई-चालान किया गया, 01 वाहन से 500 रू0 सम्मन शुल्क वसूला गया तथा 02 वाहनों को सीज किया गया। थाना पिपरी पुलिस द्वारा गलत नम्बर धारण किये 25 ट्रकों का चालान, 02 ट्रकों का ओवर स्पीड पर चालान एवं 04 थ्रीव्हीलर का क्षमता से अधिक सवारी पर चालान किया गया तथा संदीपनघाट पुलिस द्वारा 10 वाहनों का हूटर व 25 वाहनों का काली फिल्म निकलवाया गया।

निरोधात्मक कार्यवाही मे तीन गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना महेवाघाट से 01, थाना कोखराज से 02) कुल 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने प्रभारी कार्मिकध्मुख्य विकास अधिकारी के साथ कार्यालय कक्ष में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए प्रभारी एमसीएमसी, प्रेक्षक व्यवस्था, वीडियोग्राफी व्यवस्था, स्टेशनरी एवं बूथों पर दिव्यांग शौचालय व्यवस्था के साथ बैठक की गई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने अब तक की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए जिला पंचायतराज अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग शौचालय, पेयजल एवं रैम्प आदि आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कर लिया जाय।

इसके साथ ही उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को मतदान केन्द्रों के सभी शौचालयों की साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के लिए सभी तैयारियॉ समय से पूर्ण कर लिया जाय तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम निरन्तर संचालित किया जाय, विशेषकर कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर विशेष ध्यान देते हुए व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जाय। उन्होंने वीडियोग्राफी व्यवस्था के लिए की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि समय से आवश्यकतानुसार वीडियोग्राफी व्यवस्था सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने प्रभारी प्रेक्षक व्यवस्था एवं स्टेशनरी व्यवस्था से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए सभी कार्यवाही समय से पूर्ण करने के निर्देश दियें। इस अवसर पर प्रभारी कार्मिक मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

मोरंग के ढेर पर फिसली बाइक, दो लहूलुहान

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। पश्चिम शरीरा थाना अंतर्गत फैजीपुर असाढ़ा गॉव के रहने वाले गुड्डू पंडित और गुड्डू यादव एक ही दोपहिया वाहन पर सवार होकर रात लगभग 10 बजे सिराथू से वापस अपने घर की तरफ जा रहे थे। जैसे ही ये लोग टेंघाई के पास पहुचे सामने से आ रही गाड़ी की लाइट की वजह से सड़क के किनारे लगी मोरंग की ढेर नहीं दिखी और उसी पर इनकी बाइक फिसल गयी जिससे दोनों लोग चोटहिल हो गए। रास्ते से गुजर रहे किसी राहगीर ने 108 एम्बुलेंस पर फोन किया। 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंचकर दोनों को एम्बुलेंस में शिफ्ट किया और जिला अस्पताल में भर्ती करवाया।

अजुहा में मनाया जा रहा है आर्य समाज का 98वा वार्षिकोत्सव

लोकमित्र ब्यूरो

अजुहा, कौशाम्बी। नगर पंचायत अजुहा के सब्जी मंडी में आयोजित आर्य समाज के 98वें वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को प्रदेश के विभिन्न प्रान्तों से आये कथावाचक विद्वानों ने उपस्थित जनसमुदाय को आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन वृतांत एवम उनके अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश पर विस्तार से संगीतमयी प्रवचन में विस्तार से वर्णन किया है । पंडित योगेश भारद्वाज ने कहा की आर्य समाज का सिद्धांत लोगो को पंखण्ड से दूर करता है ,वेदों के मार्ग पर ही चलकर मनुष्य का कल्याण सम्भव है उन्होंने ने बताया महर्षि स्वामी दयानंद ही स्वतंत्रता के प्रथम उद्घोषक थे उन्ही के विचारों को सुनकर भारतीय सपूतों ने स्वतंत्रता का बिगुल फूंका गोपाल कृष्ण गोखले,बालगंगा धर तिलक गोविंद रानाडे

आदि महापुरूष महर्षि स्वामी दयानंद के विचारों से ओतप्रोत थे। पंडित नरेश दत्त ने महिलाओं को अंधविश्वास से दूर रहने को कहा। अशर्फी लाल शास्त्री ने आर्य समाज के सिद्धांतो को बताते हुए अपने व्यक्त रखे।

इस मौके पर आर्य समाज के प्रधान कपुरचन्द्र सहित दर्जनों आर्य समाज के लोग मौजूद रहे।

मंदिर परिसर में अराजक तत्वों का जमावड़ा, आसपास फैली गंदगी

कौशाम्बी। जिले के मंझनपुर थाना क्षेत्र नगर पालिका परिषद रत्नावली पुरम वार्ड नंबर 19 के गांव बभनपुरवापुरवा में मां काली माता का प्राचीन मंदिर स्थापित है। जहां पर भक्तगणों द्वारा पूजा अर्चना की जाती हैं। मंदिर से कुछ दूरी पर स्थित मोहन पुत्र तेजी,नेता पुत्र मोहन नथून पुत्र छोटे लाल तीरथ पुत्र हीरालाल तेजी पुत्र जगत दलित परिवारों के लोगों द्वारा सुबह शाम परिसर में बैठ कर अराजकता करने के बाद गंदगी फैलाते हैं। महिलाओं द्वारा जूठे बर्तन साफ करने से दुर्गंध निकलती है।

महिला बीट आरक्षियों ने बालिकाओं को बताया आत्मरक्षा के गुण

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद के मंझनपुर थाना, कोखराज थाना व करारी थाने की महिला बीट आरक्षियों द्वारा भ्रमण कर बच्चियों छात्राओं महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल थाना पुलिस एवं महिला पुलिसकर्मियों को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- (1) 1076 मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन तथा 1078, 181, 112 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।

हमारी कौमी एकता दुनिया में है मुल्क की खास खूबसूरती- प्रमोद तिवारी

रोजा इफ्तार में विधायक मोना ने अमन व चैन का दिया पैगाम

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर के गांधी इण्टर कालेज के बगल सामुदायिक प्रेक्षागृह में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा रोजा इफ्तार कार्यक्रम में भारी तादात में रोजेदार जुटे दिखे। इफ्तार के पहले लोगों ने राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता एवं इलाकाई विधायक आराधना मिश्रा मोना के साथ मुल्क में तरक्की तथा खुशहाली की दुआ की गयी। कार्यक्रम मे बतौर मुख्यअतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि दुनिया में हिन्दुस्तान की खूबसूरती हमारी कौमी एकता की मिसाल लिए हुए है। उन्होने कहा कि रमजान का यह महीना हमें एक साथ कदम बढ़ाते हुए मोहब्बत की ताकत पर वतन की तरक्की और इसे दुनिया में शानदार बनाये रखने की राह दिखलाता है। सांसद प्रमोद तिवारी ने रमजान के मुकददस महीने की लोगों को मुबारकबाद सौपते हुए इस बात की भी तारीफ की कि रामपुर खास में अर्से से भाईचारे की मजबूती मिसाल बनी हुई है। इफ्तार मे शामिल हुई इलाकाई विधायक एवं सूबे की कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि रमजान के महीने में खुदा हमारी हर नेकी को कबूल किया करता है। विधायक मोना ने कहा कि यह मौका हमें मुल्क में अमन व चैन के साथ वतन परस्ती का पैगाम दिया करता है। विशेष मेहमान पूर्व विधान परिषद सदस्य एसपी सिंह पटेल रहे। इफ्तार पार्टी में सबसे पहले शाही इमाम मो. ईसा ने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की ओर से प्रमोद तिवारी को हाजी रूमाल भेंट करते हुए उनकी रहनुमाई में इलाके की कामयाबी पर लोगों से एकजुटता की बात कही।

वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अमिताभ शुक्ल ने आयोजन समिति की ओर से प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना व पूर्व एमएलसी एसपी सिंह पटेल को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। इफ्तार दावत के बाद राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी तथा एमएलए मोना ने एक एक कर लोगों से मुलाकात कर सबकी सलामती को लेकर दुआ की। ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू ने स्वागत तथा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दृगपाल यादव ने आभार जताया। इस मौके पर नन्हें खाँ, राजा मुन्ना, मो. इरफान, सहाबुददीन, अनवारूल हसन, अमीन अंसारी, मो. मुख्ताक, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, रिंकू सिंह परिहार, लल्लन सिंह, अशोकधर दुबे, रामकृपाल पासी, महेन्द्र सिंह, रामबोध शुक्ल, इम्तियाज खां, छोटे लाल सरोज, धर्मेन्द्र शुक्ल आदि रहे।

सकूनियत से अता हुई अलविदा की नमाज

लालगंज, प्रतापगढ़। इलाके मे अलविदा की नमाज सकूनियत के साथ अता हुई दिखी। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा अर्धसैनिकबलों के जवानों को भी अलविदा की नमाज को लेकर सुबह से दोपहर बाद तक मुस्तैद देखा गया। अकीदतमंदो ने मस्जिदों मे पहुंचकर परवर दिगार आलम से सुकून व खुशी के लिए दुआ पेश की। वहीं एसडीएम प्रवीण कुमार द्विवेदी तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने इलाके भर मे दौरा कर अलविदा की नमाज को लेकर शांति व्यवस्था के प्रबन्धों की देखरेख करते नजर आये। मस्जिदों के समीप एहतियातन पुलिस फोर्स को भी तैनात देखा गया। इलाके के नगर पंचायत की बाजार की मस्जिद में भी बड़ी तादात में अकीदतमंद जुटे और अलविदा की नमाज में शामिल हुये। वहीं खानापट्टी, तकिया, खालसा सादात, डीह मेंहदी, सगरा सुंदरपुर, हण्डौर, तिलौरी, बरिस्ता, तेजगढ़, रानीगंज कैथौला, अठेहा, कुम्भीआइमा, मसनी, पिंजरी, शुकुलपुर, दीवानगंज, सलेम भदारी, ढ़िगवस, जलेशरगंज, मे भी लोगों को जुमां की नमाज में उत्साह के साथ शामिल होते देखा गया। स्थानीय नगर पंचायत इलाके मे नगर पंचायत की कार्यदायी संस्था द्वारा अलविदा की नमाज को लेकर सुबह से ही साफ सफाई के बंदोबस्त भी होते दिखे। ईओ दिनेश सिंह व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने साफ सफाई के अभियान की संयुक्त रूप से देखरेख मे जुटे भी नजर आये। अलविदा की नमाज सकुशल होने से प्रशासनिक अमले मे भी सकून का माहौल दिखा।

चुनावी शिकायतों के निस्तारण व अनुमति के लिए ऐप को बनाया जाएगा प्रभावी-एसडीएम

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। आम चुनाव में शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर तहसील में सी-विजल ऐप को प्रभावी बनाया जाएगा। इसके तहत निर्वाचन से जुड़ी शिकायतों का प्रत्येक दशा में सौ मिनट के भीतर निस्तारण सुनिश्चित होगा। यह जानकारी एसडीएम प्रवीण कुमार द्विवेदी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में दी है। एसडीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से शिकायतों को इस ऐप के जरिए ही शिकायतें दर्ज कराए जाने के परामर्श दिये। एसडीएम ने बताया कि सी-विजल ऐप को मोबाइल में लोड कराया जाएगा। वहीं उन्होनें बताया कि राजनीतिक दलों को कार्यक्रमों की अनुमति के लिए आवेदन के लिए सुविधा ऐप को भी गतिमान रखा जाएगा। अनुमति सम्बन्धी प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए एसडीएम ने अपने स्तर पर एनकोर पोर्टल को भी उपयोग में लाये जाने की बात कही। बैठक का संचालन निर्वाचन पटल सहायक सुरेश यादव ने किया। बैठक में भाजपा के बृजेन्द्र पाण्डेय व ललित त्रिपाठी, सपा के रोशन लाल सरोज, कांग्रेस के ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा आप के वृहस्पति पाण्डेय शामिल रहे।

वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार गया जेल

लीलापुर-प्रतापगढ़। मुकदमे में वांक्षित वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार भेजा गया जेल। स्थानीय थाना लीलापुर के उ0नि0 अशोक सिंह पांच अप्रैल को मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान क्रि0अपील न0 926/2001 से सम्बन्धित एक वारण्टी अभियुक्त भुल्लर पुत्र उमर खान निवासी नौतरवा सिन्धौर थाना लीलापुर, जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया ।

सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण हटाये जाने को लेकर सीआरओ ने कसी लगाम

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। जिले के मुख्य राजस्व अधिकारी के शुक्रवार को तहसील के निरीक्षण में अफसरो व कर्मचारियों ने दिन भर हडकंप का माहौल दिखा। मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार ने तहसील सभागार में राजस्व कार्यो की प्रगति को लेकर समीक्षा की। उन्होने क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षको से गांव की सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई को लेकर सवाल दागे। राजस्व निरीक्षकों के जबाब से असंतुष्ट सीआरओ का पारा चढ़ आया। उन्होने तहसीलदार से कहा कि वह स्वयं सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण हटाये जाने की कार्रवाई की सर्किलवार भौतिक समीक्षा करें। सीआरओ ने तहसीलदार न्यायालय द्वारा गांव सभा की जमीन पर अवैध कब्जे के बाबत जुर्माना वसूल किये जाने की प्रक्रिया में भी ढिलाई देखकर नाराजगी जतायी। खसरा एवं खतौनी के सत्यापन में भी सीआरओ राकेश कुमार मातहतो पर तल्ख दिखे। राजस्व वादों के निस्तारण को लेकर सीआरओ ने एसडीएम न्यायालय तथा एसडीएम न्यायिक व तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार न्यायालय की पत्रावलियों का भी अवलोकन किया। उन्होनें वादों के निस्तारण में समयबद्धता पर जोर दिया। तहसील परिसर में साफ सफाई के बाबत नायब नाजिर को भी सीआरओ की डांट सुननी पड़ी। सीआरओ ने तहसील कार्यालय के विभिन्न पटलों का भी निरीक्षण कर पत्रावलियों और अभिलेखों को दुरूस्त रखे जाने के मातहतों को कडे निर्देश दिये। सीआरओ ने कम्प्यूटरीकृत खतौनी को भी काश्तकारों को उपलब्ध कराने में त्वरित प्रक्रिया पर जोर दिया। सीआरओ के निरीक्षण को लेकर दिन भर तहसील में कर्मचारी सकते मे देखे गये। एसडीएम प्रवीण द्विवेदी ने मुख्य राजस्व अधिकारी को वांछित सूचनाएं प्रदान की। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह व नायब तहसीलदार पंकज कुमार मौजूद रहे।

पूर्व प्रबन्धक रामसिंह का निधन, जताया गया दुःख

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्र के असरही गांव निवासी एवं नगर के अवधेश विद्या निकेतन इण्टर कालेज के पूर्व प्रबंधक रामसिंह 85 का गुरूवार की देर रात बीमारी के चलते आकस्मिक निधन हो गया। वह पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. राजा दिनेश सिंह के खांटी समर्थक भी माने जाते रहे। रामसिंह के निधन पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने गहरा दुख जताया है। वहीं पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह ने भी स्व. रामसिंह के निधन पर परिजनों से संवेदना जतायी है। विद्या निकेतन के प्रधानाचार्य सुरेश सिंह, हरदेव सिंह, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, सभासद दारा सिंह, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विनय सिंह, प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल, अधिवक्ता केशवदत्त तिवारी आदि से स्वर्गीय सिंह के आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिलाधिकारी को घोंसला भेंटकर जैव विविधता संरक्षण की किया अपील

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने गुरुवार को जैव विविधता संरक्षण जागरूकता अभियान के तहत डीएम आवास पर पहुंच कर जिलाधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन को पक्षियों का घोंसला भेंटकर जैव विविधता संरक्षण की अपील किया।जिससे हमारा पर्यावरण संतुलित बना रहे।इसके साथ ही पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने जिलाधिकारी संजीव रंजन से बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए जनपद में तालाबों और गड्ढों नालों को भरवाने की मांग उठाई। जिस पर जिलाधिकारी प्रतापगढ़ ने शीघ्र ही पानी भरवाने का आश्वासन दिया।साथ ही पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने समाज के सभी लोगों से अपील किया कि अपने स्तर से जहां भी जगह हो गड्ढे खोदकर पशु-पक्षियों को पीने के लिए पानी भरें और यही गड्ढे बरसात में वर्षा जल संचयन का कार्य करेंगे।इस मौके पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि जैव विविधता संरक्षण हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है जिससे अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण को स्वच्छ और संतुलित रखा जा सके।इस अवसर पर पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि हमें पशु पक्षियों के आवास को उजाड़ने का कोई अधिकार नहीं है।जितना हो सके हमें पेड़ों को लगाकर वन्य एवं सभी जीव जंतुओं को जीवन जीने में मदद करें और उनका पुराना प्राकृतिक आवास वापस लाएं तभी धरती का पर्यावरण और हमारा जीवन सुरक्षित रह सकता है।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा,मुख्य राजस्व अधिकारी प्रतापगढ़ राकेश कुमार गुप्ता और पर्यावरण सेना के नमन कुमार तिवारी मौजूद रहे।

सामूहिक श्रीराम कथा को लेकर निकली भव्य शोभा यात्रा, मगन हुए श्रद्धालु

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर के अझारा वार्ड में प्राथमिक विद्यालय के समीप आयोजित सामूहिक श्रीराम कथा को लेकर श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा विंध्याचल देवी धाम से इनहन भवानी होते हुए घुइसरनाथ धाम पहुंची। बाबा धाम में पताका पूजन के बाद श्रद्धालु भजन संकीर्तन के साथ लालगंज नगर के हरिहरमंदिरम पहुंचे।

यहां से शोभा यात्रा कथास्थली पहुंची। कथाव्यास गोविंदभाई जी महराज के मुखारबिंद से आज शनिवार से श्रीराम कथा श्रद्धालु सुनेंगे। शोभा यात्रा में श्रीराम नाम का जयकारा भी गूंजता दिखा। वहीं जगह जगह श्रद्धालुओं ने शोभा यात्रा में भगवान श्रीरामचंद्र की झांकी तथा देवी देवताओं के चित्रों पर पुष्पवर्षा भी की। शोभा यात्रा में शामिल महिलाएं श्रीराम नाम संकीर्तन में भावविभोर दिखी।

नगर तथा वार्डो में शोभा यात्रा को श्रद्धालु अपलक निहारते भी दिखे। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सभासद धर्मपाल, साहित्यकार अनूप प्रतापगढ़ी, पं. देवानंद मिश्र, अधिवक्ता अवनीश दुबे, पूर्व प्रधान विद्याशंकर मिश्र, प्रियम मिश्र, राजभान तिवारी, मुरारी मोहन मिश्र, सत्यम मिश्र, बड़े लाल मिश्र, महेश मिश्र, शिवम मिश्र, कुलदीप तिवारी, ललित तिवारी, अंकित तिवारी, कमलेश मिश्र, अजय मिश्र, आशीष, अभय दुबे राजा, विनीत मिश्र, विनय कुमार मिश्र आदि रहे।

जालसाजी कर जमीन का करा लिया बैनामा, पति-पत्नी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। जालसाजी करके जमीन का बैनामा करा लेने के आरोप को लेकर कोतवाली पुलिस ने पति पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कौशिल्यापुर गांव निवासी शिवकुमार साहू पुत्र बदलू साहू ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके भाई विजय साहू ने पिता को बहला फुसलाकर लालगंज स्थित रजिस्ट्री कार्यालय ले गये और पन्द्रह और सोलह मार्च को पिता के नाम से एक गाटा की जमीन का बैनामा अपनी पत्नी उषा साहू के नाम करा लिया। मामले की जानकारी पीड़ित को इक्तीस मार्च को हुई तो वह आवाक रह गया। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर के आधार पर पति पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

नारी अबला नहीं सबला, साबित किया था लीलावती सेनानी ने

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़।महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्र दत्त सेनानी की धर्मपत्नी सामाजिक कार्यकर्ता लीलावती सेनानी की प्रथम पुण्यतिथि शुक्रवार को मनाई गई। सेनानी निवास पर स्वर्गीय चंद्र दत्त सेनानी एवं स्वर्गीय लीलावती सेनानी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। गोष्ठी के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी कार्यक्रम अखिल भारतीय श्रीचंद्र दत्त सेनानी स्मारक न्यास के बैनर तले किया गया। इस मौके पर राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में मरीजों में फल वितरण भी किया गया। सभी वार्डो में फल दिया गया। फल वितरण कार्यक्रम एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रमुख चिकित्सा डा.मनोज खत्री, सीएमएस डा. रीना प्रसाद ,प्रथमेश मिश्र सेनानी, साहित्यकार डा. दयाराम मौर्य रत्न, सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत नंदन ओझा, तारा सिंह, जिला पंचायत सदस्य पूनम इंसान, सामाजिक कार्यकर्ता आनंद मोहन ओझा, भाजपा नेता भास्कर दुबे, अनूप उपाध्याय, संतोष द्विवेदी, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री विनोद पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश त्रिपाठी, मुनीर अली, कमलेश सुरेश शुक्ला, राजेश त्रिपाठी, अशोक श्रीवास्तव, रवि विश्वकर्मा, राम प्रताप मिश्रा, रामसूरत यादव, अवधेश मणि त्रिपाठी, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, ऋषि केसरवानी, अशोक श्रीवास्तव, राम लखन रावत, पप्पू बुंदेला आदि शामिल हुए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए वक्ताओं ने कहा कि श्रीमती लीलावती सेनानी एक अत्यंत निर्भीक, साहसी उदारता दया की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने कभी भी स्वाभिमान के साथ समझौता नहीं किया। हर जरूरतमंद व्यक्ति की हमेशा मदद की। उन्होंने अत्यंत निर्भीकता और बहादुरी के साथ न केवल चंद्र दत्त सेनानी, बल्कि अपने पुत्र शिव प्रकाश मिश्र सेनानी के सामाजिक व राजनीतिक कार्यों में बढ़-चढ़कर के भागीदारी की। उन्होंने समाज में अबला के पर्याय को सबला में बदलने और खुद उसे रास्ते पर चलकर दूसरी महिलाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत के रूप में काम किया। श्रद्धांजलि सभा में खड़े होकर मां रहकर उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

पुलिस ने दर्जनों मुकदमों के आरोपी व हिस्ट्रीशीटर को गिरफतार कर जेल भेजा

उदयपुर प्रतापगढ़- दर्जनों मुकदमों के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया शुक्रवार सुबह लगभग सात बजे उप निरीक्षक सचिन कुमार अपने हमराही के साथ चेकिंग पर निकले थे द्य जैसे ही ननैया मोड़ के पास पहुंचे थे की मुखबिर खास ने सूचना दिया कि हिस्ट्रीशीटर लखापुर मोड़ के पास खड़ा हो कर वाहन का इंतजार कर रहा है। यह सूचना मिलते ही थाने पर सूचना देकर उप निरीक्षक नंदलाल यादव तथा आधा दर्जन सिपाही को बुला लिया द्य पुलिस के पहुँचने पर युवक भागने की कोशिश किया किंतु पुलिस आवश्यक कार्यवाही करते हुए घेरकर पकड़ लिया। तलासी में लगभग ढाई किलो अवैध गांजा बरामद किया द्य पूंछतांछ में अपना नाम शमीम उर्फ ननकुल्ले पुत्र स्व, अलेमान निवासी कुरैसी का पुरवा राहाटीकर बताया आरोपी पर उदयपुर में चौदह मुकदमें रायबरेली के डीह में दो तथा नसीराबाद थाने में एक मुकदमा संगीन धाराओं में दर्ज है द्य पुलिस ने शुक्रवार को हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को जेल भेज दिया

पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान,कई के काटे चालान

लोकमित्र ब्यूरो

दुर्गागंज प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर चौकी इंचार्ज पृथ्वीगंज के नेतृत्व में शुक्रवार को छैवा के पुल के पास पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। बगैर कागजात व बिना हेलमेट, वाहन में ब्लैक शीशा के कारण कई वाहनों के चालान काटकर जुर्माना भी वसूला गया। पुलिस की चेकिंग से बाइक सवारों में हड़कंप मचा गया। कई बाइक चालक दूर से ही चेकिंग देखकर बाइक घुमाकर रफूचक्कर हो गए। वहीं बिना हेलमेट घर से निकले बाइक सवारों का भी चालान काटा गया। इस दौरान चौकी इंचार्ज अनिश कुमार ने कहा कि नियमों की अनदेखी करना कितना घातक होता है यह हादसा की चपेट में आने पर पता चलता है। बिना हेलमेट लगाए घर से बाहर कदापि न निकलें। बिना हेलमेट बाइक चलाना जानलेवा साबित होता है। यातायात नियमों के पालन से ही सड़क दुर्घटना पर विराम लगना संभव है। वही लगभग दो दर्जन वाहनों का चलाना काटा गया।उधर पुलिस की चेकिंग अभियान से बाइक व कार सवारों में अफरा-तफरी मचा रहा। बाइक सवार रास्ता बदलकर गंतव्य तक पहुंचते रहे। मौके पर चौकी इंचार्ज अनिश कुमार हेड कांस्टेबल भोला सिंह कांस्टेबल यतेन्द्र,शिवम, चंद्रकेश व महिला पुलिस बल भी मौजूद थे।

चोरी की मोटर साइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

कोहंडौर,प्रतापगढ़। पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।'पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना कोहंड़ौर के उ0नि0 राजकुमार मिश्रा मय हमराह उ0नि0 एनामुल अहमद, यूटी उ0नि0 सुजीत कुमार यादव, का0 अवनीश कुमार, का0 श्याम कुमार' द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त एव संदिग्ध व्यक्ति, वाहन की चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के कान्धरपुर मोड़ ग्राम कस्बा कोहंड़ौर के पास से चोरी की 01 अदद मोटर साइकिल के साथ 01 अभियुक्त 'आशीष कुमार वर्मा पुत्र काशीराम निवासी सांगापुर थाना पीपरपुर, जनपद अमेठी' को गिरफ्तार किया गया ।

चोरी के ट्रैक्टर व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद

कुण्डा,प्रतापगढ़। पुलिस ने चोरी के टैक्टर व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद किया है। अवैध तमंचा,कारतूस के साथ दो अभियुक्त व एक बालअपचारी को गिरफ्तार किया है।'पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल' के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध,अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 'थाना नवाबगंज के उ0नि0 श्री मिथिलेश कुमार मय हमराह' द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त , विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र नवाबगंज के रायसमदपुर तिराहा लालगंज रोड़ के पास से थाना स्थानीय पर पंजीकृत 'मु0अ0सं0 38,2024 धारा 379 भादवि' से संबंधित 03 अभियुक्तों '01. अंकित सरोज पुत्र स्व0 अमृतलाल नि0ग्राम कंदई थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ़ 02. कुंदन कुमार उर्फगाजी पुत्र स्व0 वंशीलाल गौतम नि0ग्राम रेवली थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ़ 03. 01 अभियुक्त बाल अपचारी' के पास से चोरी के अभियोग से सम्बन्धित 01 अदद ट्रैक्टर का बम्पर व घटना में प्रयुक्त हीरो स्पलेण्डर प्लस मोटर साइकिल तथा 'अभियुक्त अंकित सरोज के पास से अवैध तमन्चा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद' किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में 'अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि व 3,25 आर्म्स एक्ट' की बढ़ोत्तरी की गई। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम लोगों के पास से जो मोटर साइकिल बरामद हुई है उसी से दिनांक 03,4.04.2024 की रात्रि में पवन कुमार यादव की बिल्डिंग की दुकान के सामने से ट्रैक्टर का बम्पर चुराया था और आज बेचने के लिए जा रहे थे। अभियुक्त अंकित सरोज द्वारा बताया गया कि चोरी के दौरान अपनी सुरक्षा के लिए यह तमन्चा अपने साथ रखता हूं।

अनियंत्रित ट्रैक्टर के अप्पे में टक्कर मारने से चालक की मौत, कई गंभीर

लोकमित्र ब्यूरो

पूरामुफ्ती, कौशाम्बी। पूरामुफ्ती थाना गेट के समीप शुक्रवार की सुबह बेकाबू ईंट लदे ट्रैक्टर ट्राली ने अप्पे में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आटो के बगल में खड़े दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर डाक्टर ने उन्हें एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे।

संदीपन घाट थानाक्षेत्र के रसूलाबाद कोइलहा गांव निवासी कमलेश पासी (35) पुत्र रामलखन पासी ट्रैक्टर चालक था। वह कोइलहा स्थित एक ईंट भट्ठे का ट्रैक्टर चलाता था। शुक्रवार सुबह वह ट्रैक्टर ट्राली में ईंट लादकर प्रयागराज की तरफ जा रहा था।इसी दौरान पूरामुफ्ती थाना गेट के समीप बेकाबू होकर सड़क किनारे सवारी के इंतजार में खड़ी अप्पे में टक्कर मार दिया। इसके बाद वहीं समीप खड़े हटवा निवासी यूसुफ(12) पुत्र जाकिर और बिहका गांव निवासी इकरार अहमद (26) पुत्र इफ्तेखार अहमद भी गंभीर रुप से घायल हो गए। जबकि ट्रैक्टर की सीट पर बैठे ही चालक की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों की हालत नाजुक होने पर डाक्टर ने एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरु कर दी है।

पीएम श्री विद्यालय का जांगला काट पंखा उठा ले गए चोर

लोकमित्र ब्यूरो

बारा, कौशाम्बी। थाना कौशाम्बी के पीएम श्री विद्यालय जाठी का जांगला कटकर अज्ञात चोरों ने छत पर लगा पंखा खोला कर हांथ साफ कर दिया जिसकी शिकायत पीएम श्री विद्यालय जाठी के प्रधानाध्यपक रमेश सिंह ने ऑनलाइल एफआईआर दर्ज करा कर कौशाम्बी थाना में सूचना दे कर दर्ज शिकायत किया।

चोरों ने दरवाजे की कुंडी काटकर जेवरात समेत लाखों का सामान किया पार

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। चरवा थानाक्षेत्र के शेखपुर रसूलपुर गांव में गुरुवार की रात सूने घर के दरवाजे की कुंडी काट कर चोरों ने नकदी समेत लाखों रुपये का जेवरात पार कर दिया। सुबह पड़ोसियों ने ताला टूटा देखा तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने गृहस्वामी को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद परिजन बदहवास हालत में घर पहुंचे। घर में बिखरा सामान देख परिजनों के होश उड़ गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। प्रयागराज जनपद के झूंसी थाना अंतर्गत मनकापुर मजरा अंदावा निवासी अरुण कुमार साहू की ससुराल चरवा के शेखपुर रसूलपुर गांव में है। वह अपनी पत्नी गुड़िया साहू के साथ ससुराल में ही रहकर किसानी करते है। अरुण ने बताया कि गुरुवार को घर में ताला बंद कर मनकापुर में एक निमंत्रण में शामिल होने के लिए परिवार के साथ गए थे। रात में चोर घर के दरवाजे की कुंडी काट कर कमरे में घुस गए।

कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखा दो हजार रुपया नकद, सोने की जंजीर, अंगूठी, आधा किलो चांदी के जेवरात, बर्तन, सिलाई मशीन, कपड़ा समेत लगभग डेढ़ लाख रुपये का सामान पार कर दिया। सुबह उठने पर पड़ोसियों ने घर के दरवाजे की कुंडी कटी देखी तो उनके होश उड़ गए। पड़ोसियों फोन के माध्यम से घटना की जानकारी अरुण को दी। जानकारी मिलने के बाद परिजन बदहवास हालत में घर पहुंचे। वहां का नजारा देख उनके होश उड़ गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

शॉर्ट सर्किट से फसल में लगी आग, गेंहू की फसल जलकर खाक

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के जवई पडरी गांव में शुक्रवार को शॉर्ट सर्किट से गेंहू के फसल में आग लगे गई , फसल में लगी आग को देख ग्रामीणों में कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।पईसा थाना क्षेत्र के जवई पडरी गांव के बाहर शॉर्ट सर्किट के चलते गेहूं की फसल में आग लग गई । गांव के अब्दुल मन्नान ने बताया की वह खेत बटाई पर ले रखा था फसल जलने से काफी नुकसान हो गया , वही बगल में स्थित केवल प्रसाद निर्मल का चार विश्वा गेहू की फसल जलकर खाक हो गई , ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया , मामले में हल्का लेखपाल को जानकारी दी गई है।

वाल पेन्टिंग के माध्यम से मतदाताओं को 20 मई अवश्य मतदान करने के प्रति किया जा रहा जागरूक

छात्राओं ने मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय के निर्देशानुसार एवं प्रभारी स्वीपध्मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी के निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024, स्वीप के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जनपद के मतदाताओं को 20 मई 2024 को अवश्य मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा हैं। इसी श्रृंखला में दीवारों पर मतदाता जागरूकता स्लोगन से सम्बन्धित वाल पेन्टिंग यथा-÷सबका यह अरमान है, करना अब मतदान है। भारत देश महान है, करते सब मतदान हैं। प्रजातन्त्र से नाता है, भारत के मतदाता हैं। आओ मिलकर अलख जगायें, शत-प्रतिशत मतदान करायें। हम अपना कर्तब्य निभायेंगे, सबसे मतदान करायेंगे।

आदि के माध्यम से भी जनपद के मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा हैं। स्वीप के अन्तर्गत तिलक इंटर कॉलेज कनैली, प्राथमिक विद्यालय अशोकपुर एवं कम्पोजिट विद्यालय चक गुरैनी के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामवासियों को 20 मई 2024 को अवश्य मतदान करने के लिए जागरूक किया।

इसी प्रकार कम्पोजिट विद्यालय गौरातफारिक की छात्राओं ने मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया।

ब्लॉक प्रमुख ने शैक्षिक भ्रमण को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

लोकमित्र ब्यूरो

अजुहा, कौशाम्बी। अजुहा कस्बे में स्थित महात्मा बुद्ध महाविद्यालय में बीएड संकाय के छात्रों का शैक्षिक भ्रमण हरिद्वार , ऋषिकेश , आगरा, मथुरा , कुरुक्षेत्र के लिए प्रस्थान किया। शैक्षिक भ्रमण को महाविद्यालय के प्रबंधक व ब्लॉक प्रमुख अनुज सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अनुज सिंह ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण से छात्रों में ऐतिहासिक, भौगोलिक परिस्थितियों से वास्तविक साक्षात्कार कर सकते हैं। शैक्षिक भ्रमण ज्यादा व्यवहारिक है। इससे छात्रों में सीखने के प्रति रुचि बढ़ जाती है। शैक्षिक भ्रमण से छात्रों में छिपी प्रतिभा को निखारने में मदद मिलती है।विद्यालय के प्राचार्य धरणी धर ने बताया की दस दिवसीय शैक्षिक भ्रमण में हरिद्वार , ऋषिकेश , अमृतसर बाघा बार्डर , मनाली , रोहतांग , आगरा , मथुरा , कुरुक्षेत्र का भ्रमण कराया जायेगा । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य धरणी धर , साकेत चौधरी , प्रमोद कुमार सहित विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहे।

सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असमाजिक तत्वों पर होगी कार्रवाई-अजीत सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। ईद उल फित्तर पर्व को देखते हुए पूरामुफ्ती पुलिस ने कमर कस ली है। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा के निर्देश पर शुक्रवार को थाना परिसर में एसओ ने सम्भ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान आगामी पर्व को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने की अपील की।

पीस कमेटी की बैठक के दौरान एसओ अजीत सिंह ने बताया कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस ने अभी से ही शिकंजा कसना प्रारंभ कर दिया गया है। यदि कोई असामाजिक तत्व सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करेगा तो ऐसे उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी बीट सिपाही और हल्का दरोगाओं को निर्देशित किया कि वह सभी धर्म गुरुओं को विश्वास में लेते हुए आने वाले त्योहार को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करने का काम करें। एसओ ने आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार को मनाने की अपील करते हुए कहा कि अराजकतत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। किसी भी प्रकार की अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आप लोग अपने कस्बा व क्षेत्र में किसी भी तरह की अराजकता न फैलने दें और किसी भी तरह की अफवाहों पर भी ध्यान न दें। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी किसी भी तरह की ऐसी पोस्ट जिससे माहौल खराब हो जाए उसको करने से मना किया। इस मौके पर एसएसआई अर्जुन सिंह, एसआई वरुण कांत, संतोष यादव, सुशील कुमार, चौकी प्रभारी सल्लाहपुर हर्षवीर सिंह, चौकी प्रभारी बेगम बाजार अमित सिंह और राजेश सिंह समेत इलाके के सम्भ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

अजुहा में स्थित विपदन क्रय केंद्र में गेहूं की खरीद शुरू

लोकमित्र ब्यूरो

अजुहा, कौशाम्बी। अजुहा कस्बे में नवीन मंडी में स्थित विपडन क्रय केंद्र में गेहूं खरीद शुरू हो गई शुक्रवार को केंद्र में धुमाई के एक किसान ने अपने उपज को क्रय किया ।अजुहा कस्बे में स्थित विपडन क्रय केंद्र में सिराथू तहसील क्षेत्र के धुमाई गांव के रहने वाले किसान रवि शेखर पाल पुत्र राम स्वरूप पाल ने 15 कुंतल 50 किलो गेंहू की उपज का क्रय किया। विपडन निरीक्षक अजुहा सतेंद्र कुमार ने बताया की गेहूं खरीद की शुरुआत हो चुकी है। इस वर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपए है जो पिछले वर्ष की तुलना में 150 रुपए समर्थन मूल्य में वृद्धि के साथ पल्लेदारी भी समर्थन मूल्य के साथ वापस की जाएगी। 15 अप्रैल के बाद से खरीद में तेजी आने की पूरी उम्मीद है।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरुण मिश्रा ने बीएसए से किया शिष्टाचार भेंट

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के ब्लाक इकाई कड़ा का चुनाव गुरुवार को बीआरसी कड़ा में संपन्न हुआ जिसमें अरुण कुमार मिश्रा अध्यक्ष, बी डी राना मंत्री और अजय कुमार कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए । इसी क्रम में शुक्रवार को नवनिर्वाचित ब्लाक अध्यक्ष अरुण मिश्रा ने मंझनपुर बीएसए आफिस पहुंचकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा से एक शिष्टाचार भेंट कर मुंह मीठा कराया। उसके बाद शिक्षकों की किसी भी प्रकार की उचित समस्याओं को बिना किसी देरी के निराकरण करने का अनुरोध करते हुए सभी शिक्षकों की तरफ से स्कूलों में बेहतर पठन पाठन का विश्वास दिलाया। जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को जीत की बधाई देते हुए शुभकामनाएं दिया और कहा की किसी भी शिक्षक को अनावश्यक परेशान होने की आवश्यकता नही है। आप सभी मन लगाकर स्कूलों में अनुकूल वातावरण बनाते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रदान करें। शिक्षकों की जो भी समस्याएं आएंगी उन्हे नियमानुसार हल किया जाएगा। इस अवसर पर संघ जिला अध्यक्ष राम प्रताप लाली, जिला मंत्री गुणेष त्रिपाठी, रघुनाथ द्विवेदी , ज्ञानेंद्र शुक्ला महाकाल सहित काफी शिक्षक उपस्थित रहे।

संदिग्ध दशा में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

लोकमित्र ब्यूरो

नेवादा, कौशाम्बी। पिपरी कोतवाली क्षेत्र के दुर्गापुर गांव में शुक्रवार की सुबह संदिग्ध दशा में युवक का शव कमरे के अंदर फांसी के फंदे पर लटकता मिला। युवक का शव फंदे पर लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्गापुर गांव निवासी उमेश मिश्र किसानी करते हैं। उनके दो बेटे थे। बड़ा बेटा नितेश मिश्र दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। छोटो बेटा जीतेंद्र मिश्र उर्फबब्बू (19) पिता के साथ मिलकर किसानी करता था। घर पर उमेश उनकी पत्नी और बेटा जितेंद्र ही रहते थे। गुरुवार रात जितेंद्र खाना खाकर कमरे में सोने के लिए चला गया। शुक्रवार सुबह देर तक कमरे से बाहर न निकलने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने खिड़की से देखा तो जितेंद्र का शव साड़ी के सहारे चुल्ले से लटकता मिला। शव फांसी के फंदे पर लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलने के बाद चौकी प्रभारी लोधौर पुलिस फोर्स और फील्ड यूनिट की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक के मोबाइल फोन को कब्जे में लेकर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

परिजनों के सो जाने पर युवती नगदी-जेवरात लेकर फरार

लोकमित्र ब्यूरो

चरवा, कौशाम्बी। चरवा थानाक्षेत्र के एक गांव से गुरुवार की रात परिजनों के सो जाने के बाद एक युवती घर में रखी नगदी और जेवरात लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई।सुबह उसे घर में न देख परिजनों के होश उड़ गए।परिजनों ने तमाम जगह उसकी तलाश की। सुराग लगाने के दौरान पता चला कि वह गांव के ही एक युवक के साथ फरार हो गई है। निराश होकर पिता ने शुक्रवार को थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस युवती के सुराग में जुट गई है।

चरवा क्षेत्र के एक गांव का युवक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। उसके अनुसार गुरुवार की रात वह परिजनों के साथ घर में सो रहा था। इसी दौरान उसकी 22 वर्षीय पुत्री घर में रखा दस हजार रुपए नगद और चांदी के जेवरात लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई।सुबह घर में पुत्री को न देख उसके होश उड़ गए।उसने तमाम संभावित ठिकानों पर उसकी तलाश की। इसी दौरान पता चला कि वह गांव के ही एक युवक के साथ फरार हो गई है।पिता ने शुक्रवार को थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के पुलिस युवती के सुराग में जुट गई है।

शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई अलविदा की नमाज, एसडीएम सीओ ने किया क्षेत्र का भ्रमण

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। अलविदा की नमाज शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई। मस्जिद में बड़ी संख्या में रोजेदार जमा हुए। रोजेदारों ने खुदा से अमन और तरक्की की दुआ मांगी। सिराथू तहसील क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मस्जिदों में अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की गई। रमजान के पाक महीने के आखिरी शुक्रवार को अलविदा की नमाज अदा की जाती है। जिसके बाद ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। मुस्लिम समाज के लोग पूरे उल्लास के साथ नमाज में शामिल हुए। इस दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। सिराथू तहसील क्षेत्र के सिराथू , अजुहा , परास , सैनी , कड़ा , दारानगर , देवीगंज , औरैनी , अफजलपुर वारी , पईसा सहित विभिन्न गांव में पुलिस फोर्स भी पूरी तरह से अलर्ट रही। इस मौके पर एसडीएम सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार विश्वकर्मा पुलिस के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर जरूरी निर्देश दिए । क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से अलविदा की नमाज सम्पन्न हुई।

अलविदा की नमाज सकुशल सम्पन्न

नारा, कौशाम्बी। मुस्लिम समुदाय में माहे रमजानुल मुबारक का आखिरी जुमा अलविदा जुमा कहलाता है। मुस्लिम समुदाय रमजान का चांद निकलने के बाद एक माह का रोजा रखते हैं। और इसी माह में पड़ने वाले आखिरी जुमा को मस्जिद में एकत्र होकर नमाज अदा करते हैं जिसे अलविदा जुमा कहते हैं। ग्राम सभा नारा की चार मस्जिदों में अलविदा की नमाज पढ़ाई गई। बड़े कुआं मस्जिद में सय्यद चांद मियां काजमी मदीना मस्जिद में हाफिज अब्दुल अजीज, एक मीनारा मस्जिद में हाफिज सिराजुल हक साहब, सैदाबाद मस्जिद में हाफिज कय्यूम साहब ने इमामत फरमाई।

गेंहू के खेत में आग लगने से डेढ़ बीघा फसल जलकर राख

लोकमित्र ब्यूरो

मनौरी, कौशाम्बी। चायल तहसील के जुनैदपुर कोइलहा गांव में शुक्रवार की सुबह संदिग्ध दशा में गेंहू के खेत में आग लग गई। कुछ ही देर में आग की लपटें आसमान को छूने लगी। आग की लपटों को देख मौके पर जुटे ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते तब तक सगे भाई की डेढ़ बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। किसान ने घटना की जानकारी तहसील प्रशासन को दे दी है।

चरवा थाने के सैय्यद सरावां गांव निवासी दानी यादव का पुश्तैनी खेत संदीपन घाट थाने के जुनैदपुर कोइलहा गांव में है। दानी और उनके भाई राधे यादव ने अपने खेत में गेंहू की फसल लगा रखी है। फसल पक कर तैयार थी। इसी दौरान शुक्रवार सुबह संदिग्ध दशा में उनके खेत में आग लग गई। कुद ही देर में आग की लपटें आसमान को छूने लगी। आग की लपटों को देख मौके पर जुटे ग्रामीणों ने सबमर्सिबल के सहारे काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते तब तक दोनों भाइयों की डेढ़ बीघा फसल जलकर राख हो गई। जानकारी मिलने के बाद दोनों किसान भाई बदहवास हालत में घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस के साथ-साथ तहसील प्रशासन को दे दी है।

सम्पादकीय

मध्यम अवधि की आर्थिक नीति

सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसकी योजना एक विकसित भारत तैयार करने की है। इस लक्ष्य के लिए कई तिथियों के सुझाव सामने आए, हालांकि सबसे अधिक जिक्र 2047 का है जब देश की आजादी की 100वीं वर्षगांठ होगी। ऐसी महत्त्वाकांक्षा तय करना एकदम उचित है। बहरहाल, ऐसे लक्ष्य के लिए जिस पैमाने पर वृद्धि हासिल करनी होगी उसे हासिल करना आसान नहीं होगा। इसके लिए दशकों तक साल दर साल कम से कम आठ फीसदी की दर से वृद्धि हासिल करनी होगी। यदि हम ऐसा कर सके तब जाकर 14,000 डॉलर प्रति व्यक्ति के नॉमिनल सकल घरेलू उत्पाद तक पहुंच सकेंगे जो उच्च आय वाले देशों के लिए वर्तमान मानक है।अब तक करीब छह देशों ने यह स्तर हासिल किया है। परंतु ऐसी वृद्धि हासिल करना संभव है। चीन वर्षों की तेज वृद्धि के बाद अगले कुछ वर्षों में 14,000 डॉलर का स्तर प्राप्त कर सकता है। यह स्थिति तब है जबकि हाल के दिनों में चीन की आर्थिक गति कमजोर पड़ी है। पूर्वी यूरोप और पूर्वी एशिया के कई देशों ने भी इस समय में तेज वृद्धि बरकरार रखी है।भारत जैसे जटिल देश में यह स्पष्ट है कि ऊंची और टिकाऊ वृद्धि अपने आप नहीं आएगी। वर्तमान परिदृश्य में तो ऐसा ही प्रतीत होता है। सन 1990 और 2000 के दशक की स्वर्णिम अवधि के उलट आज वैश्विक हालात प्रतिकूल हैं। महत्त्वाकांक्षी विकासशील देशों के लिए भी हालात मुश्किल हैं। इसकी कई वजह हैं।पहली, कारोबारी व्यवस्था बहुत सीमित हो गई है क्योंकि विभिन्न देश ऐसी औद्योगिक नीतियों में व्यस्त हैं जहां घरेलू सब्सिडी और शुल्क दरों से जुड़े प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। दूसरा, अमेरिका और चीन के बीच छिड़े शीतयुद्ध ने मूल्य श्रृंखलाओं को विभाजित कर दिया और निवेश रणनीतियों को जटिल बना दिया। तीसरा, तकनीकी बदलावों ने किफायती श्रम लागत के इर्दगिर्द बनी विकास नीतियों को मुश्किल बना दिया है।अन्य वृहद रुझानों को भी इसमें शामिल करना होगा जिसमें जलवायु परिवर्तन का प्रभाव तथा पर्यावरण के अनुकूल बदलावों का असर शामिल है। कार्बन उत्सर्जन को कम करने की आवश्यकता भारत समेत किसी भी देश की क्षमता को प्रभावित करती है। उन्हें सस्ती ऊर्जा के लिए घरेलू कोयले पर निर्भर रहना पड़ता है।इससे औद्योगीकरण की लागत बढ़ती है क्योंकि मध्यवर्ती वस्तुएं बनाने के लिए उच्च लागत वाली तकनीकों की आवश्यकता होती है। ऐसे में निकल जैसे नए संसाधन और जिंस विदेशी मुद्रा भंडार पर अधिक असर डालते हैं तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में हालात को मुश्किल बनाने का काम करते हैं।ऐसे में यह मानना अतिरिक्त रूप से आशावादी होगा कि विभिन्न केंद्रीय मंत्रालय उचित नीतियां बनाकर इन जटिल वैश्विक और आर्थिक हालात से आसानी से निपट सकेंगे। ऐसा रवैया भारत को आर्थिक वृद्धि के क्षेत्र में कुछ बेहतर स्थिति में रख सकता है लेकिन इससे विकसित भारत बनाने के लिए आवश्यक टिकाऊ वृद्धि हासिल होती नहीं दिखती।ऐसे में मध्यम अवधि में अधिक सुसंगत नीति बनाने का कोई अन्य विकल्प नहीं नजर आता जो वृद्धि और विकास के लिए जरूरी विभिन्न प्रासंगिक क्षेत्रों को एकीकृत कर सके तथा उपरोक्त रुझानों और शक्तियों का भी ध्यान रखे। जरूरी नहीं कि मध्यम अवधि की ऐसी रणनीतियों को भी अतीत की पंचवर्षीय योजनाओं की सांविधिक शक्ति की आवश्यकता हो।परंतु वे विभिन्न मंत्रालयों में नीति निर्माण को लेकर अहम निर्देश दे सकती हैं जो अन्यथा लंबी या मध्यम अवधि के नियोजन में क्षमता की कमी के शिकार होते हैं। इस कार्य की वास्तविक जगह नीति आयोग होगा।सरकार का यह आंतरिक थिंक टैंक अपनी बौद्धिक क्षमता को बढ़ा सकता है और उसे वृद्धि के लिए मध्यम अवधि का खाका तैयार करने का काम दिया जा सकता है जिसे समय-समय पर आंतरिक और बाह्य विकास के लिए समायोजित किया जा सकता है।

मेष राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज परिवार की सलाह आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगी। आज आपके भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। छात्र आज कुछ नया करने की कोशिश करेंगे, आपको अपने दिनचर्या में कुछ बदलाव करने की जरूरत है।

वृष राशि:आज का दिन आपके लिए समान्य रहेगा। आज आपके विरोधी भी आपके काम की सराहना करेंगे। आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। नौकरी करने वाले लोगों को सहयोगीयो से मदद मिलेगी जिससे आपका कार्य जल्दी पूरा हो जायेगा।

मिथुन राशि:आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। व्यापार मेंयोजनाबद्ध तरीके से काम करने से आपको लाभ की प्राप्ति होगी। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएगी।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपको खुशियाँ देंगे। आज कार्यो में माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आपके काम समय से पूरे हो जाएंगे।

सिंह राशि: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरुरत का सामान खरीदेंगे। दांपत्य जीवन में और मधुरता आएगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है, पार्टी में कोई नई जिम्मेदारी मिलेगी।

कन्या राशि:आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। आज कोई शुभ समाचार मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। आपके मन में किसी व्यक्ति की मदद करने का भाव आयेगा। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं। आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए।

तुला राशि:आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी:छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए। घर के बड़ो से कोई नई बात आप सीखेंगे।

वृश्चिक राशि:आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। व्यापार को बढ़ाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियो का हल मिलेगा। मिलजुल कर किए गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। निवेश के मामले में आपको घर के बड़ो से कोई नई सलाह मिलेगी।

धनु राशि:आज नए कार्यो करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा, आप किसी मंदिर जा सकते हैं जहां आपको खुशी मिलेगी। करियर में आप नये आयाम स्थापित करेंगे। परिवार में किसी सदस्य को सरकारी नौकरी मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा, लेकिन आप किसी व्यक्ति के बहकावे में आकर कोई बड़ा निवेश ना करें।

मकर राशि: आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको कोई नई जिम्मेदारी सौंप सकते हैं जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं वो आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है।आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी। बड़े बुजुर्गों के पैर छुएं, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा। आज कोई नई जिम्मेदारी आपको मिलेगी, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल रहेंगे। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा मुनाफा होगा।

मीन राशि :आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आयेगा। समाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। घर से कलेश दूर हो जाएंगें।

बंद हो किसी भी भारतवासी को 'बाहरी' उम्मीदवार बताना

आर.के. सिन्हा

आगामी लोकसभा चुनावों के लिए नामांकन पत्र भरने और चुनाव प्रचार का काम प्रतिदिन गति पकड़ता जा रहा है। इसके साथ ही सभी दल अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा भी करते जा रहे हैं। संयोग से अभी तक किसी प्रत्याशी पर 'बाहरी' उम्मीदवार होने का आरोप अभी तक नहीं लगा है। हालांकि, हमारे यहां किसी को भी बिना किसी कारण के बाहरी उम्मीदवार बता दिया जाता है। याद करें 2014 के लोकसभा चुनाव के समय जब नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से चुनाव लड़ने का फैसला किया था तो कांग्रेस के नेता उन्हें 'बाहरी' बताने में लगे थे। इसी तरह अरुण जेटली के 2014 में अमृतसर से चुनाव लड़ने पर विवाद खड़ा हो गया था। उन्हें भी कांग्रेस ने बाहरी उम्मीदवार कहा था। यह आरोप उस कांग्रेस के नेताओं ने लगाए थे जिस पार्टी ने देश के 1952 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में बाहरी दिल्ली सीट से मलयाली सज्जन सी.कृष्ण नायर को अपना उम्मीदवार बनाया था। दिल्ली उन्हें गांवों का गांधी कहती थी। सी.कृष्ण नायर की दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को स्थापित करने में अहम भूमिका रही थी। वे लोकसभा के 1957 में हुए चुनाव में भी जीते थे। जिस कांग्रेस ने नायर साहब को टिकट दिया था उसी ने 1957 के लोकसभा चुनाव में अंबाला में जन्मी बांग्ला परिवार से संबंध रखने वाली सुचेता कृपलानी को नई दिल्ली सीट से अपना उम्मीदवार बनाया। सुचेता जी आगे चलकर उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री भी बनीं।सच में अपने ही देश में कोई बाहरी उम्मीदवार कैसे हो सकता है। सारा भारत हम सबका है। यहाँ हरेक भारतवासी नागरिक को कहीं भी रहने या कहीं से भी चुनाव लड़ने का पूरा अधिकार है। तब किसी को बाहरी कहना हर लिहाज से निंदनीय है। सुचेता जी के पति और प्रख्यात स्वाधीनता सेनानी आचार्य कृपलानी बिहार के भागलपुर और सीतामढ़ी से सांसद रहे। यानी एक सिंधी बिहार से सांसद बना।अब जार्ज फर्नांडीज को लें। जार्ज साहब भले ही दक्षिण भारत से आते थे, पर बिहार उन्हें अपना मानता था और वे बिहार को अपना मानते थे। बिहार ने उन्हें तहेदिल से आदर भी दिया। उन्होंने भी बिहार को पूरी तरह अपना लिया था। वे भोजपुरी भाषा और मैथली भाषा भी मजेकी बोल लिया करते थे। जॉर्ज साहब को बिहार की जनता ने कई बार लोकसभा में भेजा। वह मुंबई से भी लोकसभा का चुनाव जीते। बिखरे बाल, बिना प्रेस किया हुआ खादी का कुर्ता-पायजामा, मामूली सी चप्पल पहनने वाले जार्ज साहब जैसा मजदूर नेता, प्रखर वक्ता, उसूलों की राजनीति करने वाले इंसान अब फिर से देश शायद ही देखेगा। वे चिर बागी थे। उनका कोई चुनावी जातीय समीकरण भी नहीं था । उनका कोई संगठित काडर भी नहीं था, फिर भी वह अंतरराष्ट्रीय हैसियत के नेता थे।इससे पूर्व भी 1962 और 1967 में बिहार ने मराठी मधु लिमये को लोकसभा में बार-बार भेजा। वह जब संसद में होते थे, तो सत्तापक्ष को डर सताता रहता था कि कब उनपर तीखे सवालों की बौछार हो जाएगी। बिहार की राजनीति की बात मधु लिमये के ज़िक्र के बिना पूरी नहीं हो सकती। वह मूल रूप से पुणे के थे। एक मराठी व्यक्ति का बिहार से चार बार चुनाव जीतना अपने आप में अनोखा है। राज्यसभा में ऐसे कई दूसरे नेता हुए हैं, लेकिन लोकसभा में ऐसे उदाहरण कम ही देखे गए हैं। लिमये का बचपन महाराष्ट्र में बीता, उनकी पूरी पढ़ाई भी वहीं से हुई, वो महाराष्ट्र की राजनीति में भी सक्रिय थे। उन्होंने जब राष्ट्रीय राजनीति में क़दम रखा तो चुनाव लड़ने के लिए बिहार ही चुना। पहली बार वो 1962 में मुंगेर से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। 1964 में, सोशलिस्ट पार्टी और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी का विलय हुआ और यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी बनी थी। मधु लिमये पहली बार यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर लोकसभा गए थे। 1967 के चुनावों में, लिमये ने यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर मुंगेर से जीत हासिल की। 1973 में, लिमये ने बिहार के बांका से चुनाव जीता। किसी को अपने ही देश में बाहरी कह कर अपमानित करना सही नहीं है। कानपुर से एस.एम.बैनर्जी लंबे समय तक सांसद बनते रहे। वह बांग्लाभाषी थे और बंगाल से कानपुर में आकर बसे थे। वह मजदूर नेता थे।अजीब विडंबना है कि हमारे यहां कुछ तंग दिल लोग जिसको चाहते हैं बाहरी बता देते हैं। यह स्थिति तब है जब हम भारतीय करीब एक-डेढ़ दर्जन देशों में सांसद से लेकर प्रधानमंत्री, उप राष्ट्रपति और राष्ट्रपति तक बन गए। इनमें मलेशिया, मारीशस, त्रिनिडाड, ग्याना, केन्या, फीजी, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा वगैरह देश शामिल हैं। कैरिबियाई देश ग्याना में 1960 के दशक में भारतीय मूल के छेदी जगन राष्ट्रपति बन गए थे। उसके बाद तो शिवसागर राम गुलाम (मारीशस), नवीन राम गुलाम (मारीशस), महेन्द्र चौधरी(फीजी), वासदेव पांडे (त्रिनिडाड), एस.रामनाथन (सिंगापुर), श्रृषि सुनक (ब्रिटेन), कमला हैरिस (अमेरिका) सरीखे भारतवंशी विभिन्न देशों के प्रधानमंत्री, उप राष्ट्रपति और राष्ट्रपति बनते रहे। अभी हाल में ही एक भारतीय मूल के नागरिक भी थरमन षणमुखरत्नम को भारी बहुमत से सिंगापुर का राष्ट्रपति चुना गया।बेशक, हम भारतीयों को अपना नजरिया बदलना होगा। अपनी सोच के दायरे का विस्तार करना होगा। हमें जाति, भाषा, मजहब, लिंग आदि के बंधनों को तोड़ना होगा। आपको वर्तमान में भारतवंशी सांसद अफ्रीका से लेकर यूरोप, अमेरिका और न्यूजीलैंड की संसद में मिलेंगे। मतलब यह है कि रोजगार की तलाश में दूर देश जाने वाले भारतीय अब वहां की किस्मत ही लिखने लगे।अगर बात साउथ अफ्रीका की करें तो वहां पर मेवा रामगोविंद सांसद हैं। उनसे पहले भी कुछ और भारतवंशी सांसद रहे हैं। परमिंदर सिंह मारवाह युगांडा की पार्लियामेंट में थे। वह चाहते हैं कि भारत के निवेशक युगांडा के कृषि क्षेत्र में आएं। उनके परिवार ने 1970 के दशक में भी युगांडा को नहीं छोड़ा था जब ईदी अमीन भारतीयों पर जुल्म ढा रहे थे। उनके दादा युगांडा में बसे थे। उनके दादा रेलवे में थे। उन्होंने 1930 और 1940 के दशक में ईस्टअफ्रीकी देशों में रेल लाइनेंबिछाई थीं। अब बात केन्या की। इधर कुछ साल पहले तक एक सरदारनी सांसद थीं। उनका नाम है सोनिया विरदी। सोनिया केन्या में महिलाओं के अधिकारो के लिए लड़ती हैं। दरअसल वह पहली एशियाई मूल की महिला सांसद हैं केन्या में।सियासत में नाम कमाने के लिहाज से भारतवंशियों के लिए कनाडा बहुत उर्वरा भूमि है। वहां कई भारतीय मूल के सांसद हैं। कुल मिलाकर बात यह है कि हमारे यहां किसी को अपने सियासी स्वार्थों के लिए बाहरी कहना बंद होना चाहिए। देश अब बदल रहा है। हवा के रूख को पहचानें।**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

गांधी परिवार के सामने क्या बड़ी सियासी लाइन खींचना चाहते हैं रॉबर्ट वाड्रा



अजय कुमार,लखनऊ

कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा के पति और राहुल गांधी के जीजा रॉबर्ट वाड्रा ने अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जाता कर अमेठी की राजनीति में सनसनी फैला दी है।रॉबर्ट वाड्रा का नाम कहीं और से चर्चा में नहीं आया।वाड्रा ने स्वयं अमेठी से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है,लेकिन संभवता गांधी परिवार के लिये यह फैसला लेना मुश्किल होगा कि रॉबर्ट को अमेठी से चुनाव लड़ाया जाये।इसके पीछे ठोस आधार भी है। रॉबर्ट को लड़ाने में सबसे बड़ी समस्या यह है कि उनकी छवि काफी खराब यानी एक भ्रष्टाचारी के रूप में बनी हुई है।रॉबर्ट को अमेठी से चुनाव लड़ाया गया तो बीजेपी के लिये कांग्रेस और गांधी परिवार पर भ्रष्टाचार को लेकर हमला तेज करने का और भी मौका मिल जायेगा।फिर रॉबर्ट की कोई सियासी पहचान भी नहीं है।रॉबर्ट को चुनाव लड़ने पर यदि गांधी परिवार के भीतर सहमति बनी हुई होती तो कांग्रेसियों की एक बड़ी फौज रॉबर्ट को चुनाव लड़ाने के लिये हो हल्ला मचाने लगती,लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। इस मतलब साफ है कि रॉबर्ट वाड्रा अपनी ससुराल से अलग लाइन पर चल रहे हैं।दरअसल,रॉबर्ट चुनाव लड़कर कांग्रेस में अपना रूतबा बढ़ाना चाहते हैं।ऐसे में वह राहुल गांधी के समानांतर खड़े नजर आ सकते हैं।कुल मिलाकर रॉबर्ट वाड्रा गांधी परिवार के सामने एक बड़ी लाइन खींचना चाहते हैं। वह गांधी परिवार को चुनौती देते दिख सकते हैं। इसलिये राबर्ट का अमेठी से चुनाव लड़ने का सपना पूरा होता नहीं दिख रहा है। खैर, रॉबर्ट वाड्रा के अमेठी से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर करने के बाद इतना जरूर हुआ है कि अब कांग्रेस का ध्यान इस ओर लगा हुआ है कि अमेठी की चुनावी रणभूमि में जल्द से जल्द अपना योद्धा उतारकर कमजोर हो रहे कार्यकर्ताओं को मजबूती देने का है। माना जा रहा है कि पार्टी अब कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता प्रतापगढ़ से रामपुर खास से विधायक आराधना मिश्रा मोना पर दांव खेल सकती है। अब सभी को कांग्रेस राहुल गांधी की हां और न का ही इंतजार है। राहुल गांधी की ओर से तस्वीर साफ होते ही किसी एक प्रत्याशी का नाम उजागर हो जायेगा। वहीं, कांग्रेस के अमेठी के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने एक बार फिर अपनी बात दोहराते हुए कहा कि हमारे हिसाब से तो राहुल भइया ही अमेठी से चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। गौरतलब हो, रॉबर्ट वाड्रा ने एक समाचार एजेंसी से बातचीत करते हुए कहा कि अमेठी के लोग चाहते हैं कि उनके निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करूं। वर्षो तक गांधी परिवार ने रायबरेली व अमेठी में कड़ी मेहनत की। अमेठी के लोग वास्तव में वर्तमान सांसद (स्मृति ईरानी) से परेशान हैं, मतदाताओं को लगता है कि उन्होंने स्मृति ईरानी को चुनकर गलती की है। ब्रहाल, कांग्रेस उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर अखिलेश यादव के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ रही है. कांग्रेस को अमेठी और रायबरेली समेत 17 सीटें लड़ने के लिए मिली हैं. अमेठी और रायबरेली सीट पर कांग्रेस ने अभी तक अपने उम्मीदवारों का ऐलान नहीं किया है. इन दोनों ही सीटों पर संशय बना हुआ है. ये दोनों सीटें अहम हैं, क्योंकि ये सीटें हमेशा गांधी परिवार का गढ़ रही हैं. हालांकि, 2019 में राहुल गांधी अमेठी सीट हार गए थे.दशकों तक जिस अमेठी में गांधी-नेहरु परिवार का डंका बजता था। आज उसी अमेठी में भाजपा की स्मृति का जादू चल रहा है। दस साल पहले आम चुनाव 2014 में भाजपा प्रत्याशी के रूप में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुकाबला करने अमेठी आई स्मृति ईरानी ने मात्र 23 दिनों में ही यहां के लोगों से कुछ ऐसा नाता जोड़ा कि उन्हें तीन लाख से अधिक मत प्राप्त हुए। मोदी सरकार में स्मृति ईरानी को हार के बाद भी मंत्री बनाया गया। इसी के साथ स्मृति ने अमेठी में अपनी सक्रियता बढ़ा दी। स्मृति की सक्रियता का लाभ भाजपा को मिलने लगा और एक के बाद एक चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में आने लगे।

गांव-गांव, घर-घर स्मृति अपनी नई पहचान बनाने में पूरी तरह सफल रही। आम चुनाव 2019 में स्मृति अमेठी में भाजपा का कमल खिलाने में कामयाब हुई। इसी के साथ कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की जीत का सिलसिला भी चौथी बार थम गया। इससे पहले राहुल गांधी ने 2004, 2009 व 2014 में अमेठी हैट्रिक लगा चुके थे। अमेठी के चुनावी रणभूमि में भले ही अभी तक केंद्रीय मंत्री व सांसद स्मृति ईरानी अकेली घोषित योद्धा हों पर उनकी सक्रियता चुनाव को लेकर काफी बढ़ गई है। पिछले चार दिन वह अमेठी में रहकर बूथवार चुनावी लड़ाई में बड़ी जीत के लिए रणनीति बनाने में जुटी रही। वर्ष 1967 में अस्तित्व में आई अमेठी संसदीय सीट में कुल पांच विधानसभाएं हैं। इनमें अमेठी, जगदीशपुर, गौरीगंज व तिलोई अमेठी जिले की हैं, जबकि सलोन विधानसभा रायबरेली जिले की है। बीते तीन चुनावों की बात करें तो अमेठी की जनता का मूड बदला-बदला नजर आया। वर्ष 2009 में कांग्रेस के टिकट पर चुनावी समर में उतरे राहुल गांधी ने 57.24 फीसदी मतों के अंतर से जीत दर्ज की, लेकिन, 2014 के चुनाव में परिणाम कुछ अलग दिखा। इस बार भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरीं स्मृति जूबिन ईरानी मजबूती से लड़ीं। यह बात अलग है कि राहुल गांधी ने जीत दर्ज की, लेकिन मतों का प्रतिशत 25.07 फीसदी घटने के साथ ही जीत के अंतर में 32.83 फीसदी कमी आई। फिर वर्ष 2019 के चुनाव में स्मृति ने गांधी परिवार के गढ़ को ध्वस्त कर जीत दर्ज कर ली। संसदीय सीट की पांच विधानसभाओं में से चार पर भाजपा ने जीत हासिल की थी। ऐसे में इस बार गैर कांग्रेसी सांसद के दोबारा जीतने, जीत का अंतर बढ़ाने, सभी पांचों विधानसभा सीटों से जीत हासिल करने की एक बड़ी चुनौती स्मृति ईरानी के सामने है।

बहुजन समाज पार्टी अब अपनी ताकत दिखाने की शुरुआत कर चुकी है

अशोक भाटिया

लोकसभा चुनाव हो या प्रदेश का विधानसभा चुनाव, उत्तर प्रदेश के घटनाक्रम का हमेशा से ही इन चुनावों पर प्रभाव रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 की बात करें तो पश्चिम यूपी में सभी पार्टी के योद्धा करीब करीब मैदान में उतर ही चुके हैं। इन सब में सबसे खास उम्मीदवार अगर किसी के हैं तो बहुजन समाज पार्टी के हैं जिनको बड़ी ही सूझबूझ के साथ और चुन चुनकर मायावती ने टिकट दिया है। मेरठ हो या कैराना या बिजनौर ही क्यों न हो भाजपा के कोर वोटर को प्रभावित करने वाले उम्मीदवारों को बीएसपी ने अपने खेमे से उतारा है। मायावती की ये सूझबूझ भाजपा के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। दरअसल, मुस्लिम बहुल कुछ एक सीटों को छोड़कर बीएसपी ने अधिकतक सीटों पर अपने प्रत्याशी भाजपा के कोर वोट बैंक को प्रभावित करने वाले ही उतारे हैं। ध्यान देना होगा कि अगर ये बीएसपी के उतारे गए उम्मीदवारों ने अपने जाति से संबद्ध वोट पर कब्जा कर लिया तो भाजपा के साथ बड़ा खेल हो जाएगा। इस बारे के लोकसभा में पश्चिम उत्तरप्रदेश में जातिगत समीकरण का चुनाव पर गहरा असर रह सकता है जो परिणामों को बदलने का माद्दा रखते हैं।2014 की बात करें तो में पश्चिम उत्तरप्रदेश में आने वाली सभी 14 सीटों पर भाजपा जीत हासिल किया था और 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा-रालोद गठबंधन का खास असर रहा था। बिजनौर, नगीना, सहारनपुर के साथ ही मुरादाबाद, संभल, रामपुर व अमरोहा सीटों पर गठबंधन ने नए जातीय समीकरण को भुनाकर जीत हासिल की थीं। 2019 से 2024 का चुनाव इस तरह अलग है कि बसपा इस बार किसी के साथ गठबंधन में नहीं है। रालोद इस बार भाजपा के साथ है और सपा कांग्रेस का गठबंधन है। पश्चिम उत्तरप्रदेश में जातिगत समीकरण बिल्कुल साफ है। उत्तरप्रदेश के इस क्षेत्र में कुछ ऐसी जातियां है जिनको भाजपा के कोर वोटर के तौर पर देखा जाता है- ये जातियां हैं- त्यागी, ठाकुर,ब्राह्मण, सैनी,प्रजापति, कश्यप,सेन आदि समाज ।वहीं जाटों की पार्टी के तौर पर पश्चिम उत्तरप्रदेश में रालोद की पहचान है। इस तरह इन सभी जातियों का भाजपा के पक्ष में आना तय था। बाकी आर एल डी के जरिए जाट समाज का वोट भी हालिस किया जा सकता था। लेकिन गेम जितना सरल दिख रहा है उतना है नहीं क्योंकि एकेल चुनाव लड़ रहीं मायावती ने गेम को इतना सरल रहने नहीं दिया है।बिजनौर में भी बीएसपी ने भाजपा का गेम बिगाड़ते हुए जाट चेहरे विजेंद्र सिंह को टिकट दिया है। दरअसल, यहां पर जाट वोट बैंक रालोद व भाजपा के माने जाते रहे हैं लेकिन मायावती ने अपने बेहतरीन चुनावी रणनीति का परिचय देते हुए जाट, दलित समीकरण को भुनाने की कोशिश की है।

इतना ही नहीं सपा ने भी यहां दांव चलते हुए अति पिछड़े सैनी समाज के दीपक सैनी पर विश्वास किया है। यहां के सैनी समाज को भी भाजपा के वोट बैंक के रूप में देखा जाता है। 2019 में बीएसपी ने गुर्जर उम्मीदवार पर भरोसा किया था और पिछड़े दलित, मुस्लिम समीकरण को भुनाते हुए सीट अपने पाले में भी कर लिया था। इस बार भाजपा-रालोद गठबंधन के प्रत्याशी चंदन चौहान है जो मीरापुर से रालोद विधायक है और गुर्जर समाज से आते हैं। चौ। नारायण सिंह जोकि प्रदेश के डिप्टी सीएम रह चुके हैं उनके दादा थे। चंदन चौहान के पिता संजय चौहान सांसद रह चुके हैं। मेरठ से किसी त्यागी को पहली बार बीएसपी ने टिकट दिया है, अब से पहले तक मुस्लिम को ही पार्टी मौका देती रही थी। देवव्रत त्यागी बीएसपी कैंडिडेट हैं और त्यागी समाज को यहां पर भाजपा के कोर वोटर के रूप में देखा जाता रहा है। सपा ने पहले तो दलित भानु प्रताप सिंह को इस सीट से उतारा लेकिन अब गुर्जर विधायक अतुल प्रधान पर दांव लगाया है। वहीं वैश्य उम्मीदवार और रामायण में राम की भूमिका से प्रसिद्धि पाने वाले अरुण गोविल पर भाजपा ने विश्वास किया है। यहां इंतजार इस बात का होगा कि अरुण गोविल बीएसपी के देवव्रत त्यागी के सामने टिक पाते हैं या नहीं।कैराना की बात करते हैं, बीएसपी ने यहां स ठाकुर समाज से आने वाले श्रीपाल राणा को चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं यहां पर भाजपा का कोर वोटर ठाकुरों को माना जाता है। ऐसे में भाजपा के सामने बीएसपी कैंडिडेट एक चुनौती की तरह साबित हो सकता है। इकरा हसन को सपा-कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने गुर्जर समाज से आने वाले और यहां से मौजूदा सांसद प्रदीप चौधरी पर फिर से भरोसा जताया है।स्पष्ट है कि मायावती का पूरा फोकस दलित, मुस्लिम और ब्राम्हणों पर दिखाई दे रहा है। मायावती की पार्टी की ओर से तीन अलग-अलग सूची जारी की गई है। बुधवार को 12 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है। इससे पहले 16 प्रत्याशियों की पहली और नौ उम्मीदवारों की दूसरी सूची भी पार्टी की ओर से जारी की गई थी। बसपा की ओर से सभी सीटों पर नए चेहरे पर दांव लगाया गया है। 2019 में चुनाव जीतने वाले 10 सांसदों में से सिर्फ गिरीश चंद्र जाटव को ही टिकट दिया गया है।

उनकी सीट बदल दी गई है। इस बार नगीना की बजाय बुलंदशहर से उन्हें उतर गया है। तीसरी लिस्ट की 12 प्रत्याशियों में तीन ब्राह्मण, तीन दलित, दो मुस्लिम, एक ठाकुर और एक खत्री के अलावा दो ओबीसी हैं। जबकि पहले जो 25 प्रत्याशियों की सूची जारी की गई थी उसमें आठ सवर्ण, 7 मुस्लिम, 7 अनुसूचित जाति और दो ओबीसी को मैदान में उतर गया था। पार्टी की ओर से ठीक इसी तरीके की रणनीति 2007 में दिखाई गई थी। मायावती की ओर से 2024 की चुनावी लड़ाई में ब्राह्मण, दलित, मुस्लिम का फार्मूला बनाया गया है। पार्टी की ओर से इन्हीं तीन जातियों को महत्व भी दिया जा रहा है। दलित और मुस्लिम समुदाय से 10-10 उम्मीदवारों को अब तक टिकट दिया जा चुके हैं जबकि ब्राह्मण समुदाय से 8 प्रत्याशी उतारे गए हैं। इस सूची में पांच ठाकुर प्रत्याशी भी है। दिलचस्प बात यह भी है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा , समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने एक भी ठाकुर प्रत्याशी नहीं दिया है। लेकिन बसपा ने तीन पर भरोसा जताया है। बसपा की ओर से मुरादाबाद, संभल, अमरोहा, कन्नौज, लखनऊ, रामपुर, सहारनपुर जैसी सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी उतारे गए हैं। ऐसे में कहीं ना कहीं इन सीटों पर समाजवादी पार्टी का भी खेल बिगड़ सकता है। दरअसल, लगातार हार के बाद बसपा लगातार प्रयोग कर रही है। उसने 2022 और फिर नगर निकाय चुनाव में मुस्लिम कार्ड खेला, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। ऐसे में मंथन के बाद बसपा फिर एक प्रयोग करने जा रही है। मायावती लगातार एक साल से कह रही हैं कि बसपा अकेले चुनाव लड़ेंगी। बैलेंस ऑफ पावर बनाने की भी बात कर रही हैं। बैलेंस ऑफ पावर का मतलब यह है कि चुनाव बाद अगर किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिलता तो उस हिसाब से निर्णय लिया जाएगा।वहीं, राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा बचाना भी बसपा का मकसद है। गठबंधन में उसे बहुत कम सीटें मिलतीं। ऐसे में कुल वोट प्रतिशत गिर सकता था। यही वजह है कि सीट के अनुसार जहां जिस जाति का प्रभाव है, उसके अनुसार टिकट दिए गए हैं।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

प्राथमिक विद्यालय उतरार में दीक्षांत समारोह आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा – बाबागंज विकास खंड की ग्राम पंचायत उतरार के प्राथमिक विद्यालय उतरार में शुक्रवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा पांचवीं के बच्चों की विदाई की गई। सभी बच्चों को सम्मानित कर उन्हें अंकपत्र व उपहार प्रदान कर विदा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ होकर अतिथियों के स्वागत, माल्यार्पण व रोली टीका लगाकर अभिवादन के साथ किया गया। विद्यालय में आयोजित वार्षिक परीक्षा में सभी कक्षाओं के बच्चों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय के रूप में सम्मानित किया गया और बाद में पांचवीं कक्षा के सभी बच्चों को टीका लगाकर उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया गया साथ ही साथ इन सभी बच्चों को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव की ओर से पानी की बोतल व टिफिन उपहार स्वरूप प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने मौजूद सभी लोगों से अपने बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालयों में कराने की अपील की। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव के द्वारा शीघ्र ही विद्यालय को स्मार्ट क्लास युक्त विद्यालय बनाने के साथ सम्पूर्ण परिसर में टाइलीकरण, इंटरलॉकिंग व सीसीटीवी जैसी सुविधाओं से विद्यालय परिसर को लैस कराने की बात कही गयी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज विनोद यादव, एसआरजी चंद्रजीत यादव, आशुतोष निर्मल, एआरपी जयराम यादव, डा. सुंदरम श्रीवास्तव, प्रधानाध्यापक अजय शुक्ल, शिक्षक बबलू सोनी, सुमन मौर्य, शिक्षामित्र सुनीता देवी, सुमन देवी, पप्पू तिवारी, संदीप तिवारी, गीता देवी, रन्नू देवी, संदीप यादव व रामसिंह आदि उपस्थित रहे।

दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

मान्धाता,प्रतापगढ़। पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।'पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल' के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध,अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 05.04.2024 को 'थाना मान्धाता से उ0नि0 श्री सुभाष चन्द्र सिंह' मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर 'थाना मान्धाता के मु0अ0सं0 26,24 धारा 147, 323, 504, 506, 376डी, 452, 427 भादवि' में वांछित अभियुक्त 'नौशाद पुत्र मो0 शब्बीर नि0ग्राम बढैया सेवईत थाना सोरांव जनपद प्रयागराज' को थानाक्षेत्र मान्धाता के तरौला बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया।

गुणवत्ता परक शिक्षा देना ही शिक्षक का कर्तव्य -गोविंद मिश्रा

लोकमित्र ब्यूरो

लीलापुर-प्रतापगढ़ । विकास खण्ड लक्ष्मणपुर अंर्तगत तिना गांव स्थित नेशनल फ्लावर एकेडमी में वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम समारोह पूर्वक आयोजित किया गया।अंक पत्र विद्यालय और छात्र की बौद्धिक क्षमता का पैमाना होता है।शिक्षकों को गुणवत्ता परक शिक्षण कार्य करने पर बल दिया।उक्त बातें नेशनल फ्लावर अकेडमी के निदेशक गोविन्द मिश्र ने वार्षिक परीक्षाफल वितरण करते हुए कही।अपने ही विद्यालय में सम्मानित होने पर मेधावी छात्र छात्रों के चेहरे खिल गये।विद्यालय के निदेशक द्वारा वार्षिक परीक्षा में अपनी कक्षा में प्रथम स्थान पाने सभी मेधावी छात्र छात्राओं में दिव्यांशी मिश्रा,अंशिका पाल,आयुषी जायसवाल,अबु हमजा,शेखर मिश्र,दिव्याशु तिवारी,अबु तालिब,विकास सरोज,विश्वजीत विश्वकर्मा, प्रियांशी सरोज समेत टाप फाइव तक के छात्रों को मेडल,प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।विद्यालय की प्रधानाचार्य विभा मिश्रा ने समारोह में शामिल अभिभावकों का स्वागत एवं आभार प्रकट करते हुए विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का संचालन संतोष पाण्डेय ने किया।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक राम नरेश यादव,निशा सिंह,स्वाती मिश्रा,प्रतिभा शुक्ला,विभा शुक्ला,प्रदीप सिंह,साकिर अली,राजू जायसवाल,विवेक शुक्ल,सन्ध्या,पुष्पेन्द्र व राजेंद्र मिश्रा समेत कई लोग मौजूद रहे।

आखिरी जुमा पर खुदा से मांगी अमन चैन की दुआ

मस्जिदो पर जुटे रहे नमाजी, प्रशासन रहा एलर्ट

लोकमित्र

प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। रमजान के आखिरी जुमे की नमाज नगर के विभिन्न मस्जिदो में शुक्रवार को दोपहर में अदा की गई। मुस्लिम भाइयो ने नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी। आखिरी जुमा की नमाज में भारी संख्या में छोटे, बड़े, बूढ़े सभी लोग आए। नमाज अदा करने के बाद सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर छोटी ईट की बधाई दी। मस्जिदो की साफसफाई की गई थी। मस्जिदो के आस पास पुलिस भी चौकस रहीं। आखिरी जुमे पर शहर की सभी मस्जिदो पर खुदा के बंदो ने नमाज अदा कर सभी के लिए अमन चैन की दुआ मांगी।

आखिरी जुमा पर लगभग सभी मस्जिदो में भीड़ रही। सबसे ज्यादा भीड़ सिप्टैन रोड स्थित जामा मस्जिद में रही। वहां पर हजारो लोग मस्जिद से बाहर नमाज अदा कर रहे थे। इसके अलावा स्टेशन रोड, पंजाबी मार्केट, अबुल कलाम, पल्टन बाजार, खुशखुशवापुर के मस्जिदो में आखिरी जुमा की नमाज अदा की गई। सभी मस्जिदो में दोपहर में एक घण्टे के बीच अलग अलग समय पर नमाज अदा की गई। मस्जिद में भीड़ होने की वजह से महिला स्टोर्स के पास नमाजी सड़क पर बैठकर नमाज अदा कर रहे थे। शहर के हर मस्जिदो पर पुलिस भी तैनात रही। नफीस खान ने बताया कि रमजान शरीफका जो आखिरी जुमा होता है उसे अलविदा भी कहते है। अलविदा की नमाज में सारे मुसलमान एकत्र होकर मस्जिद में अपने दोनो हाथो को उठाकर अमन चैन की दुआ मांगते है।

शिकायत की जाँच को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे एसडीएम

लोकमित्र ब्यूरो

खेमीपुर प्रतापगढ़।एसडीएम कुंडा भरत राम ने हीरागंज बाजार नगर पंचायत कार्यालय पहुंच कर सफाई व्यवस्था और जल निकासी की हकीकत खंगाली। इस दौरान नालियों की सफाई न होने पर ईओ को कड़ी फटकार लगाई।एसडीएम कुंडा भरत राम यादव शुक्रवार को नगर पंचायत के अस्थाई कार्यालय हीरागंज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र के 10 मतदान बूथों के बीएलओ के साथ बैठक करके क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।इसके बाद वह शिकायतकर्ता पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभय प्रताप सिंह पप्पन द्वारा की गई शिकायत का संज्ञान लेते हुए नगर पंचायत में जल निकासी की व्यवस्था देखने के लिए पूरे हीरागंज बाजार का भ्रमण किया। इस दौरान कई जगह जल जमाव और गंदगी देखकर उन्होंने ईओ दिनेश सिंह

को कड़ी फटकार लगाई और समयबद्ध तरीके से नालियों की सफाई की बात कही। नगर पंचायत में बैठक के दौरान शिकायतकर्ता पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभय प्रताप सिंह पप्पन और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि के समर्थकों के बीच बहस भी हुई। जिस पर एसडीएम ने मौके पर थाना अध्यक्ष महेशगंज को बुलवाकर हंगामा करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आदेश दिया। इस दौरान नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था जल निकासी आदि को लेकर हो रही शिकायतों की भी जाँच की गई। साफ सफाई और जल निकासी मे लापरवाही बरतने पर ईओ दिनेश सिंह को जल्द से जल्द सुधार करने का निर्देश दिया गया ।

दुबौली सुखऊ का कोटा निरस्त होने से आक्रोशित ग्रामीण हो रहे लामबंद

लोकमित्र

प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। पट्टी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दुबौली सुखऊ में श्रीमती वंदना सिंह ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में कल गुरूवार को उचित दर विक्रेता अशोक कुमार यादव सम्बंध में एक बैठक आहूत की गयी। जिसमें ग्रामीणो द्वारा यह कहा गया कि उपजिलाधिकारी पट्टी, मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ द्वारा उक्त दिवस पर दिए गए जिलाधिकारी के पत्र पर यदि कार्यवाही नहीं की गयी तो ग्राम सभा के कार्डधारक अशोक कुमार यादव उचित दर विक्रेता के विरूद्ध की दुकान को निरस्त कराने हेतु लामबंद होंगे। अनेको बाद प्रार्थना पत्र देने के बावजूद भी कार्यवाही न होना पूर्ति निरीक्षक पट्टी की शिथिलता प्रतीत होती है। कई बार जांच में पूर्ति निरीक्षक अधिकारी व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, ग्राम सभा अध्यक्ष प्रधान को बिना सूचना दिए कोटेदार की जांच किये परन्तु जांच कोटेदार के पक्ष में करने के उपरान्त उचित दर विक्रेता की दुकान बहाल करने की साजिश रचे। परन्तु उच्च अधिकारियो के निर्देशन पर बार बार इनके मनसूबे पूर्ण नहीं हुए। ग्राम सभावासियों की जिलाधिकारी से प्रार्थना है कि ग्राम सभा में खुली बैठक करके ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में समस्त कार्डधारको को बुलाकर बयान लिया जाय, उसके क्रम में तत्काल कोटे को निरस्त किया जाय। यदि ऐसा नहीं होता है तो समस्त कार्डधारक लामबंद होने के लिए विवश होंगे। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर अवधेश सिंह, लालमणि सिंह, रामशिरोमणि, सीमा सिंह, सावित्री सरोज, खुशी बिंद, सरला देवी, शीतला प्रसाद गौड़, मेवालाल गौड़, लाल साहब सिंह, शोभनाथ सिंह व अन्य ग्राम सभा के लगभग 50 से अधिक महिलाएं और पुरूष मौजूद रहे।

राजा भैया ने जन समस्याओं का किया त्वरित निस्तारण

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। प्रदेश के कोने-कोने से हजारों की संख्या में जन समस्याओं को लेकर राजभवन बेंती में आए हुए लोगों का शुक्रवार को जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा के विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने पारी पारी से सभी लोगों की जन समस्याओं को सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से वार्ता करके निस्तारित करने का निर्देश दिया। वहीं कुछ मामलों में जनप्रतिनिधियों को मौके पर भेज कर निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया।इस दौरान डॉ कैलाश नाथ ओझा, प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज, पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार, प्रमुख कुंडा संतोष सिंह, पूर्व प्रमुख बिहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, प्रमुख बिहार रामचंद्र सरोज, प्रमुख बाबागंज प्रतिनिधि रामयस सरोज, पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज, प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, प्रमुख कालाकांकर, अनिल शुक्ला गुरुजी सकरदहा, प्रदीप शुक्ला ब्लाक अध्यक्ष विहार, विनोद यादव व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज नगर पंचायत प्रधान उतरार, सुमित तिवारी फूलमती,सूरज मिश्रा धमुहन, एडवोकेट पंकज तिवारी, प्रधान अर्जुन अतेरू आंनद देव पांडेय, समाजसेवी नीतीश पांडेय राज पटना, समेत हजारों लोग मौजूद रहे।

गुनाहों की माफी मिलती है -सद्दाम

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। नगर पंचायत प्रतापगढ़ सिटी में आज माहे रमजान का आखिरी जुमा के नमाज अदा किया गया।

इस मौके पर पूर्व चेयरमैन अब्दुल माजिद नब्बन नेता ने कहा ऐसी मान्यता है कि जो लोग हज की यात्रा के लिए नहीं जा पाते अगर वे इस जुमे के दिन पूरी शिद्दत और एहतराम के साथ नमाज अदा करें तो उन्हें हज यात्रा करने के बराबर सवाब मिलता है।

अलविदा जुमे को अरबी में जमात-उल-विदा के नाम से जाना जाता है। और समाजवादी छत्रपति राष्ट्रीय सचिव सद्दाम अहमद माजिद एडवोकेट ने कहा अलविदा जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों में एक अलग ही रौनक देखने को मिलती है।

मस्जिदों में इसके लिए खास तैयारी की जाती है। सभी लोग नए वस्त्र पहनकर नमाज अदा करने के लिए जाते हैं। बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी लोग इस दिन मस्जिदों में इबादत करते हैं।

ऐसा कहा जाता है कि अलविदा जुमे में नमाज अदा कर लोग जो जायज दुआ मांगते हैं वह पूरी होती है। साथ ही अल्लाह की रहमत और बरकत मिलती है।

साथ ही व्यक्ति को अपने गुनाहों की माफी मिलती है। अलविदा जुमे के बाद ईद का पर्वअलविदा जुमे के बाद ईद का पर्व मनाया जाएगा। जिसे ईद-उल-फित्तर या मीठी ईद के नाम से जामा जाता है।

ईद का पर्व इस्लामिक कैलेंडर के 10वें महीने शव्वाल की पहली तारीख को चांद देखने के बाद हर साल मनाया जाता है।

इस महीने की पहले चांद वाली रात को ईद-उल-फित्तर का पर्व मनाया जाएगा।

दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, तमंचा,कारतूस बरामद

लीलापुर,प्रतापगढ़। पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है उसके पास से तमंचा,कारतूस भी बरामद किया है। 'पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध,अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है ।'इसी क्रम में थाना लीलापुर के उ0नि0 श्री मो0 इबरार खां' मय हमराह का0 हरेन्द्र सिंह, का0 प्रेमदत्त, का0 विनय यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय पर पंजीकृत 'मु0अ0सं0 26,2024 धारा 323,504,506,452,354ख, 376डी भादवि व 3(1)द, 3(1)ध व 3(2)5क एससीध्एसटी एक्ट थाना लीलापुर' से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त 'अजय प्रताप सिंह उर्फ अंजू सिंह पुत्र स्व0 रंगबहादुर सिंह निवासी ग्राम सराय मकई थाना लीलापुर, जनपद प्रतापगढ़' को 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम सराय मकई के पास से गिरफ्तार किया गया । 'अभियुक्त अजय प्रताप सिंह उर्फ अंजू सिंह उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया, बरामदगी के संबंध में अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना लीलापुर में मु0अ0सं0 126,2024 धारा 3,25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया ।'

अपहरण के अभियोग में वांछित गिरफ्तार

लालगंज,प्रतापगढ़। अपहरण के मामले में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध,अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।इसी क्रम में थाना लालगंज से 'उ0नि0 श्री दीपक कुमार यादव मय हमराह म0का0 अमित शुक्ला' द्वारा देखभाल क्षेत्र तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना लालगंज के 'मु0अ0सं0 76,24 धारा 363, 366 भादवि' में वांछित 'अभियुक्त 'सूरज उर्फ विष्णु पुत्र राजकुमार सोनकर निवासी ब्रह्मचारीभुवन का पुरवा थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़' को थानाक्षेत्र लालगंज के धधुआगाजन नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

बच्चों को रिपोर्ट कार्ड वितरित

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय तख्त के पुरवा में शुक्रवार को सत्र 2023 24 में अपनी कक्षा को पास करने वाले बच्चों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक पंकज सिंह द्वारा रिपोर्ट कार्ड वितरित किया गया। इस दौरान रिपोर्ट कार्ड प्रकार बच्चे काफी खुश दिखाई दिए। इस दौरान सुमन यादव, सुरेश यादव, संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

3 अदद अवैध देसी बम के साथ गिरफ्तार

प्रतापगढ़। पुलिस ने तीन अदद देसी बम के साथ अभियुक्त का गिरफ्तार किया है।जनपद के 'थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 श्री सुमित सिंह' मय हमराह देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्ति, वाहन, रात्रि गश्त के दौरान थानाक्षेत्र कोतवाली नगर के गोडे गेट के पास से 01 व्यक्ति 'चन्दन सरोज पुत्र देवी प्रसाद निवासी ग्राम गोडे थाना कोतवानी नगर जनपद प्रतापगढ़' को 03 अदद देसी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में 'थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0 183,2024 धारा 4,5 विस्फोटक अधिनियिम' का अभियोग पंजीकृत किया गया।

मानवता से बढ़कर कोई धर्म नहीं -अजीत पांडेय

प्रतापगढ़। जब इंसान इस संसार से जाता है तब उसकी दौलत की उसके लिए कोई अहमियत नहीं होती।अहमियत यह होती है कि उसने जीवन को कैसे जिया और उसके सोच मानवता के लिए कैसे थे,उसके कर्म कैसे थे। उक्त बातें एएसआर ग्रुप के चेयरमैन, शिव साई धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष व श्रीराम सेवा संस्थान के संरक्षक पट्टी के गांधियावा गांव निवासी प्रसिद्ध शिक्षाविद अजीत पांडेय सर ने बेसार गांव में देवनारायण बिंद अग्नि पीडित की मदद के दौरान कही।आगे उन्होंने कहा कि मानवता से बढ़कर कोई धर्म नहीं है हमे जाति धर्म से ऊपर उठकर सोचना और मानवता के लिए कार्य करना चाहिए।

वर्तमान समय में अजीत पांडेय सर मुंबई में है उन्हे फोन द्वारा श्रीराम सेवा संस्थान के सचिव अनुराग तिवारी द्वारा इस अग्नि पीड़ित परिवार के बारे में अवगत कराया गया जिस अग्निकांड में पीड़ित का भैंस जलकर मर गई थी।सूचना प्राप्त होते ही अजीत सर द्वारा अपने प्रतिनिधि के रूप में सूरज पांडेय को भेजकर पीड़ित परिवार का आर्थिक सहयोग कराय गया।इस मौके पर प्रदीप पांडेय ग्राम प्रधान गांधियावा, मनोज पांडेय,सुनील पाण्डेय,सुभाष बिंद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

समाजसेवी ने रोजा इफ्तार द्वारा कायम की भाईचारे की मिसाल

लोकमित्र ब्यूरो

खेमीपुर प्रतापगढ़ ।रमजान के पवित्र महीने में रोजेदार के लिए रखे इफ्तार प्रोग्राम। कुंडा विकासखंड के पिंगरी ग्राम सभा मे आयोजित इफ्तार पार्टी प्रोग्राम में क्षेत्र के युवा पत्रकार राज शुक्ला समेत तमाम समाजसेवी और रोजेदार शामिल हुए।इफ्तार पार्टी का प्रोग्राम रमजान के अंतिम जुम्मा के दिन किया गया । भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग पहुंच कर कार्यक्रम में शामिल हुए । रोजेदारों के घर समाजसेवी ने फल भी वितरित किया।

आवश्यकता है

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र लोकमित्र को जनपद प्रतापगढ़ की सभी तहसीलों, ब्लॉक मुख्यालयों और प्रमुख बाजारों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। समाचारों की समझ रखने वाले युवा और उत्साही लोग समाचार पत्र के विवेकनगर (प्रतापगढ़) स्थित कार्यालय में या नीचे दिए गए फोन नंबरों पर किसी भी कार्य दिवस में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच सम्पर्क कर सकते हैं।

9839665450
7007509037

समाजसेवी प्रभात मिश्रा ने बुजुर्ग महिला की बचाई जान

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडाप्रतापगढ़। घरेलू कलह से आजिज आकर बुजुर्ग महिला गंगा में कूद कर जान देने जा रही थी । मौके पर समाजसेवी ने पहुंचकर आत्महत्या करने से बुजुर्ग महिला को रोका। बुजुर्ग महिला के परिजनों ने समाजसेवी का खूब सरहना किया। बता दे की बाबागंज विकासखंड के सम्मानित ग्राम पंचायत राजापुर के ममईपुर गांव निवासी प्रभात मिश्रा वरिष्ठ समाजसेवी है। बीते बुधवार को किसी कार्य से प्रयागराज जा रहे थे फाफामऊ गंगा पुल पर तेलियरगंज क्षेत्र की रहने वाली एक बुजुर्ग महिला उम्र करीब 65 वर्ष परिवार की कलह से आजिज होकर गंगा में छलांग लगाकर अपनी जान देने जा रही थी। समाजसेवी की नजर बुजुर्ग महिला पर पड़ी तो दौड़कर समाजसेवी ने बुजुर्ग महिला की जान बचाई। साथ ही समझा बुझा कर घर वालों को बुलाकर वापस घर भिजवाए। इस सराहनीय कार्य से बुजुर्ग महिला के पूरे परिवार के लोगों ने समाजसेवी प्रभात चंद्र मिश्रा की सराहना किया।

विद्युत शार्ट सर्किट से लगी आग दो बीघे गेहूं अरहर की फसल जलकर राख

लोकमित्र ब्यूरो

बीरापुर,प्रतापगढ़। जरियारी गांव में विद्युत शार्ट सर्किट से अचानक लगी आग से गेहूं और अरहर की करीब दो बीघा फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के घंटो अथक प्रयास के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। रानीगंज थाना क्षेत्र के जरियारी गांव में शुक्रवार की दोपहर अचानक विद्युत तार में शार्ट सर्किट होने से गेहूं के खेत में चिंगारी गिरने से आग पकड़ ली। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते हल्ला गुहार मचाते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर करीब गेहूं और अरहर की तैयार दो बीघे फसल धूधू कर जलने लगी। हल्ला गुहार पर जुटे सैकड़ो ग्रामीणो ने घंटो अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में जरियारी गांव निवासी चौहरजा प्रसाद उपाध्याय का लगभग एक बीघा गेहूं की फसल और और बिन्द बहादुर सिंह की 10 विश्वा तैयार गेहूं की फसल और आशुतोष सिंह की करीब 10 विश्वा तैयार अरहर की फसल जलकर राख हो गई। भीषण अग्निकांड में सैकड़ो बास नीम आम सीसम चिलबिल के वृक्ष भी जलकर राख हो गए। ग्रामीणों के घंटे अथक प्रयास के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया।

वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार गया जेल

लोकमित्र ब्यूरो

लीलापुर-प्रतापगढ़। मुकदमे में वांक्षित वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार भेजा गया जेल। स्थानीय थाना लीलापुर के उ0नि0 अशोक सिंह पांच अप्रैल को मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान क्रि0अपील न0 926,2001 से सम्बन्धित एक वारण्टी अभियुक्त भुल्लर पुत्र उमर खान निवासी नौतरवा सिन्धौर थाना लीलापुर, जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया ।

अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार

उदयपुर,प्रतापगढ़। पुलिस ने अवैध गांजा के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।'पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल' के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध,अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जनपद के 'थाना उदयपुर के उ0नि0 श्री सचिन कुमार मय हमराह' देखभाल क्षेत्र,चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र उदयपुर के लखापुर मोड़ के पास से 01 अभियुक्त 'शमीम उर्फननकुल्ले पुत्र स्व0 अलेमान नि0ग्राम कुरैशी का पुरवा मजरे राहटीकर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़' को 2 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया

मन्दाकिनी स्वच्छता के लिए युवराज ने फावडा उठाकर बताया पसीना

चित्रकूटः रामानन्द मिशन के तत्वाधान में शुक्रवार को मन्दाकिनी स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। युवराज आचार्य रामचन्द्र दास ने ''रामकथा मन्दाकिनी चित्रकूट चित चारू। तुलसी सुभग सनेह बन सिय रघुवीर बिहारू'' चौपाई के जरिए अभियान की शुरूआत की।

धर्मनगरी चित्रकूट के मन्दाकिनी तट पर स्थित तुलसी घाट, तुलसी पीठ आमोदवन में पद्मविभूषण तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरू रामानन्दाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज की प्रेरणा से उनके उत्तराधिकारी युवराज आचार्य रामचन्द्र दास महाराज के नेतृत्व में मन्दाकिनी स्वच्छता अभियान शुक्रवार को शुरू किया गया। जिसमें जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा मन्दाकिनी तट की स्वच्छता के लिए अभियान चलाकर जनमानस को मन्दाकिनी तट की स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।

उत्तराधिकारी आचार्य रामचन्द्र दास महाराज ने जनमानस को मां मंदाकिनी के आध्यात्मिक एवं पौराणिक महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के स्वच्छता अभियान भविष्य में भी निर्बाध रूप से चलते रहेंगे। साथ ही जनमानस को प्रकृति के रक्षण एवं गंदगी न फैलाने का संकल्प दिलाया।

इस मौके पर जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर पाण्डेय, मदन मोहन दास, हिमांशु त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटना के आरोपी को 1500 रुपये के अर्थदण्ड की सजा

चित्रकूटः सड़क दुर्घटना के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को 1500 रूपए के अर्थदण्ड तथा न्यायालय उठने तक की सजा से दण्डित किया।

अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह ने बताया कि कोतवाली में सड़क दुर्घटना के मामले में आरोपी राज तिलक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद सिविल जज (सीडि) एफटीसी सोनम गुप्ता ने दोष सिद्ध होने पर निर्णय सुनाया। जिसमें आरोपी राज तिलक को 1500 रूपए अर्थदण्ड एवं न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई गई।

सपा ने मनाई महर्षि कश्यप व निषादराज की जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में महर्षि कश्यप एवं भगवान श्रीराम के सखा निषादराज गुह्र की जयंती के अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में सपा कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर विचार गोष्ठी संपन्न हुई। गोष्ठी का प्रारम्भ महर्षि कश्यप एवं निषाद राज गुह्र के चित्र पर माल्यार्पण कर लिया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सपा गठबंधन प्रत्याशी राजेन्द्र एस बिन्द ने कहा कि महर्षि कश्यप एवं श्रृंगवेरपुर के राजा गुह्यराज निषाद दोनो महापुरूषो का जीवन दर्शन मानवता के लिए प्रेरणादायक है। निशादराज का स्वयं के हित की चिंता किये बिना मित्र की मदद का भाव बिरले ही लोगों में दिखाई देता है। सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि निषाद राज का जन्म केवट जाति के परिवार में हुआ था और वो राजा होते हुए भी अपने कर्म को प्रधानता देते थे। उन्होने कहा कि हमें महर्षि कश्यप व निषाद राज के आदर्शों पर चलकर उनके विचारो को जन-जन के बीच पहुँचाने का काम करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, सुरेंद्र सिंह पटेल, राजेश भारतीय सहित अन्य लोगों ने भी विचार व्यक्त किए।

संस्कार भारती का रामोत्सव और चैती समारोह कल

महोत्सव का आयोजन पक्काघाट पर किया जाएगा-शिवलाल गुप्त

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। संस्कार भारती के तत्वावधान में नूतन वर्षाभिनंदन समारोह के अंतर्गत 7 अप्रैल को रामोत्सव एवं चैती समारोह का आयोजन नगर के पक्काघाट पर किया जाना है तथा कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सायं 6ः30 बजे होगा। कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए वरिष्ठ लोकगायक शिव लाल गुप्त ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अयोध्या श्रीराम मंदिर मुकदमे के पक्षकार अधिवक्ता डा. पी. एन. मिश्र अधिवक्ता सर्वोच्च न्यायालय तथा विशिष्ट अतिथि अयोध्या जन्म भूमि में विराजमान श्रीराम लला का स्केच बनाने वाले कलाकार डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा होंगे। उन्होंने आगे बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों के गायक कलाकार शामिल होंगे

और मुख्य आकर्षण छाऊ नृत्य होगा जिसकी प्रस्तुति झारखंड रांची के कलाकार सृष्टिधर महतो के नेतृत्व में 18 सदस्यीय टीम करेगी। उन्होंने आगे कहा कि संस्कार भारती के तत्वावधान में कई वर्षों से नव संवत्सर के आगमन पर चैती महोत्सव का आयोजन परंपरागत ढंग से किया जाता रहा है। उसी क्रम में 7 अप्रैल को रामोत्सव एवं चैती समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

दिव्यांग बच्चों को संगीत के माध्यम से दिया गया मतदान का संदेश

चित्रकूटः जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय सीतापुर में दिव्यांग मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यकम आयोजित किया गया। जिसमें दिव्यांगजनों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 में अधिक से अधिक मतदान करने विषयक जागरूक किये जाने के लिए दिव्यांग बच्चों द्वारा संगीत के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने जनपद के मतदाताओं से अपील की कि 20 मई को होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष रैपुरा ने बताया कि उप निरीक्षक दिनेश कुमार पाण्डेय तथा आरक्षी राममूरत मिश्रा द्वारा प्रदीप कुमार निवासी बसिला को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना रैपुरा में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

आंबेडकर जयंती मनाने की बनी रणनीति

जिलाधिकारी ने कहा, देश के विकास में बाबा साहब के योगदान से नई पीढ़ी को अवगत कराएं

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। आगामी 14 अप्रैल को डा. भीमराव अम्बेडकर की जंयती मनाये जाने के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कार्यक्रमों की रूप रेखा को अंतिम रूप दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि 14 अप्रैल को प्रातः 10 बजे जनपद के सभी विद्यालयों में डा. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण तथा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी डिग्री कालेजों, इण्टर कालेजों में डा.अम्बेडकरजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर भाषण प्रतियोगितायें आयोजित की जाएं। उन्होंने जनपद के समस्त कालेजो के प्रधानाचार्यो, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को

निर्देशित किया कि ये सभी कार्यक्रम आयोजित कराना सुनिश्चित करायेंगे।

कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि अपने कार्यालय में 14 अप्रैल को डा. भीमराव अम्बेडकरजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं गोष्ठी का आयोजन करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा विद्यालयों के प्रधानाचार्य और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिताओं के माध्यम से करें मतदान के प्रति जागरूक - सीडीओ

चित्रकूटः लोकसभा समान्य निर्वाचन- 2024 मतदान में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के उद्देश्य से स्वीप योजना के अंतर्गत विभिन्न स्तरों से कराए जाने वाले प्रचार प्रसार के लिए शुक्रवार को विकास भवन सभागर में स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यो की बैठक मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर की अध्यक्षता में हुई।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी प्रधानाचार्यो से कहा कि निर्वाचन आयोग के इस महत्वपूर्ण कार्य में सभी की भागीदारी आवश्यक है। विद्यालय में पढ़ने वाले वे छात्र-छात्राएं जिनकी उम्र 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूरी हो गई हो और वो अभी भी मतदाता न बन पाए हो तो उनका फॉर्म 6 भरा कर बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची में नाम पंजीकरण करवा दें। जिससे वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। साथ ही जिन विद्यालयों में निर्वाचन साक्षरता क्लबों का गठन न हुआ हो वे गठन करते हुए निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार छात्र-छात्राओं के मध्य मतदाता जागरूकता पर आधारित निबंध, भाषण, क्विज, रंगोली, मेहदी, चित्रकला आदि प्रतियोगिता तथा नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन करते हुए युवा मतदाता एवं छात्र-छात्राओं के माध्यम से अभिभावकों को मतदान के लिए जागरूक करने का कार्य अवश्य करें। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन प्रार्थना स्थल पर मतदान के महत्व के बारे में छात्र-छात्राओं को अवश्य बताएं। जिससे वह अपने घरों में इस पर चर्चा करें।

इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, शिक्षक सुरेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी पट्टी जिला प्रतापगढ़
मुकदमा संख्या ञ्ज 202902570402666
राम नरेश
बनाम
अवध नरेश
बनाम -
1- अवध नरेश सुतगण भगौती दीन निवासी ग्राम परहदा सुमेर पर0 तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ ।
अन्तर्गत धारा 144 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 भूमि स्थित ग्राम भाट पट्टी तह 0पट्टी जिला प्रतापगढ़।
तारीख पेशी 23 - 04 -2024
यह कि वादी ने उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है ऐतद द्वारा सम्मन नोटिस आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक 23- 04- 2024 को वास्ते प्रार्थना पत्र टी 0आई 0 व तनकीह प्रातः 10 बजे स्वयं या मार्फत अपने वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाबदेही दावा करें ऐसा न करने में असफल रहने पर आपके विरुद्ध वाद प्रार्थना पत्र का एक पक्षीय रूप में सुना जायेगा और हस्ताक्षरित किया जाएगा ।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिनांक 02 मास 04 सन 2024को जारी किया गया।
आज्ञा से

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 1984 अनुक्रमांक नंबर 1271 4382 और इंटरमीडिएट वर्ष 1986 अनुक्रमांक नंबर 649238 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

रमेश चंद्र वर्मा
पुत्र अंबिका प्रसाद
निवासी ग्राम पेरई तिल्हापुर मोड़
तहसील चायल कौशांबी

मां कर्मा बाई के बताए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

चित्रकूटः साहू समाज धर्मशाला चित्रकूट में मां कर्मा देवी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ उत्तर प्रदेश तैलिक साहू महासभा के मण्डल अध्यक्ष शिवकुमार साहू ने मां कर्मा देवी की मूर्ति में माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

उत्तर प्रदेश तैलिक साहू महासभा के मण्डल अध्यक्ष शिवकुमार साहू ने कहा कि मां कर्मा देवी का जन्म 273 विक्रम में हुआ था। ग्रह नक्षत्र का शोधन करने पर इनका नाम कर्मा देवी रखा गया था। मां कर्मा देवी भगवान कृष्ण की अन्य भक्त थी। उन्होंने समाज की कुरीतियों को मिटाने के लिए लोगों को जागरूक किया था। साथ ही समाज सेवा क्षेत्र में भी इनका अभिनंय स्थान था। पूर्व जिलाध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि आज हमारा साहू समाज बहुत पीछे चला गया है। जिस दिन की यह घटना है। उसी तिथि

से भगवान जगदीश स्वामी के मन्दिरों मे भक्त कर्मा देवी की खिचडी को ही सर्व प्रथम भगवान को भोग लगाया जाता है एवं प्रसाद के रुप मे खिचडी बांटी जाती है। सम्पूर्ण भारत वर्ष मे जहां भी भगवान जगन्नाथ स्वामी के मन्दिर है, उन पर हमारे स्वजातिये बन्धुओ का स्वामित्व है। जिसका श्रेय हमारी साहू जाति की भक्त शिरोमणि कर्मा मां को ही है।

इस मौके पर धर्मशाला प्रबन्धक भगवान दीन साहू, पूर्व अध्यक्ष संजय साहू, उत्तर प्रदेश तैलिक साहू महासभा जिलाध्यक्ष मनीष साहू, मनमोहन, अशोक साहू, राम नारायण साहू, बंशीलाल साहू, रामेश, चन्द्र भान साहू, राजेश साहू, अनिल, रामदयाल, गोविन्द साहू आदि मौजूद रहे।

मारपीट के 3 आरोपियों को अर्थदण्ड की सजा

चित्रकूटः मारपीट के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने 3 आरोपियों को एक-एक हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अभियोजन अधिकारी श्रीकान्त यादव ने बताया कि शिकायतकर्ता ने सरधुवा थाना में मारपीट करने वाले तीन आरोपियों छोट्टन यादव, बंगाली यादव व धुरेन्द्र कुमार निवासीगण हरीशनपुर के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद एससी एसटी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दीपनारायण तिवारी ने दोष सिद्ध होने पर निर्णय सुनाया। जिसमें आरोपी छोट्टन यादव, बंगाली यादव व धुरेन्द्र कुमार को एक-एक हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

मनाई गई महर्षि कश्यप जयंती

चित्रकूटः विकासखंड कर्वी अंतर्गत ग्राम सभा मकरी पहरा में सृष्टि रचयिता महर्षि कश्यप और भगवान गुहराज निषाद की जयंती के अवसर पर ग्राम सभा मकरी पहरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ग्राम प्रधान सरनाम सिंह, पंचायत सहायक उमेश कुमार, बृजेश सिंह, अर्जुन कश्यप और पवन निषाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पवन निषाद ने बताया कि समाज को आगे बढाना है तो उसके लिए एकता होनी चाहिए। एक दूसरे को सहयोग देना चाहिए ताकि हमारा समाज एकजुट हो। इस मौके पर भैरों रैकवार, देवराज निषाद, चुनकावन निषाद, मुंशी निषाद, राममिलन निषाद, राजेंद्र निषाद, रामकुमार निषाद, अर्जुन कश्यप, रामनरेश निषाद, राजाराम निषाद, रामसनेही रैकवार, उमेश चंद्र रैकवार, राजू सिंह, असगर अली आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का किया खुलासा

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में सरधुवा पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये 1 चोर को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया। सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी ने बताया कि बीते गुरूवार को वादी मंगल व रामसुहावन पुत्रगण रजपाल निवासी बरद्वारा ने थाना सरधुवा में सूचना दी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने दीवाल फांदकर उनके सोने व चांदी के जेवरात चोरी कर लिये हैं। इस सूचना पर थाना सरधुवा में अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया

सूचना

मेरे पैन कार्ड नम्बर JKHPSO759E में मेरे पिता के नाम की स्पेलिंग 'JIT LAL' गलत अंकित है,जबकि जीतलाल पटेल की सही स्पेलिंग JEET LAL PATEL है और मेरी सही जन्मतिथि 05/05/1994 है,जबकि पेन कार्ड में 27/07/1994 अंकित हो गया है,जो गलत है।

रमाशंकर पटेल
पुत्र जीत लाल पटेल
निवासी परसरामपुर पर०पट्टी,
तह०रानीगंज जिला प्रतापगढ़ (उ०प्र०)
मो०न०7268899869

10 आरोपियों के विरुद्ध गुण्डा तथा 5 आरोपियों के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले 10 आरोपियों के विरुद्ध गुण्डा तथा 5 आरोपियों के विरुद्ध मिनी गुण्डा की कार्यवाही की गयी।

कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा श्रवण कुमार उर्फ शिवम प्रजापति निवासी पुरानी बाजार, रवि कुमार निवासी शत्रुध्नपुरी, दिनेश कुशवाहा निवासी यादव का पुरवा सीतापुर, सोनू निवासी छिछरिया, अन्नू उर्फअनूप पयासी निवासी पुरानी बाजार तथा सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी द्वारा विनोद तिवारी निवासी गडौली, चन्दा निवासी अतरौलीमाफी,

मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय द्वारा उपदेश उर्फ उदेग्य, मयंक त्रिपाठी, करन निवासीगण गायत्री नगर के विरुद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

इसी प्रकार मानिकपुर प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह द्वारा विनय, रामबाबू निवासीगण सिगवां मजरा कोटा कंदैला, बड्डू निवासी इन्द्रानगर, धनन्जय उर्फछोटू निवासी शिवनगर व बाराती कोल निवासी गोविन्द नगर के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

गिरगिट की तरह बदलते नजर आयधर्ती पुत्र नेता जी के करीबी

निकाय चुनाव में साथ न मिलने पर पहना था पीला अंगौछा

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, कौशाम्बी। राजनीति में कहा जाता है कि कब कहाँ क्या हो जाय कुछ नहीं कहा जा सकता। अपने फायदा के लिए कब किस पार्टी का झंडा लेकर नारा लगाते हुए प्रचार प्रसार शुरू कर दिया जाता है। राजनीति का कोई भरोसा नहीं। और बस यही कहा जाएगा यह सब राजनीति में चलता है। ऐसा ही कुछ नेता का रंग करारी में गिरगिट की तरह बदलते नजर आय। जो पहले कभी लाल टोपी पहनकर राजनीति को चमकाया और कभी अपने आपको धर्ती पुत्र नेता जी साथ न छोड़ने की कसम खाई थी लेकिन निकाय चुनाव में पार्टी का साथ न मिलने से पार्टी के खिलाफ नारे बाजी और धरना भी शुरू किया यही नहीं सत्ता पक्ष के नेता से मिलना जुलना शुरू हो गया और आगामी लोकसभा चुनाव में जिताने का भी जिम्मा लिया था। और पीला अंगौछा बराबर पहनते हुए सुर्खियां बटोरने लगे। अभी मात्र तीन माह पहले तक पीला अंगौछा पहनते नजर आय और पर्सनल गाड़ी में भी अक्सर पीला अंगौछा रखा नजर आता रहा, और जिंदाबाद के नारे लगते थे। जिले का एक विकास पुरुष नेता को खुले आम विरोध करते रहें अब जैसे ही चुनाव का सीजन आया वक्त बदलते देर नहीं हुवा कि। उछल कर पुनः खेमे में जाकर धर्ती पुत्र नेता की तारीफकरते नजर आय !करारी सहित जिले में चर्चा हो चली !वाह रे नेता जी आपकी बात का क्या कहना।

क्यों पलटे पीला फूल से लाल टोपी में

करारी, कौशाम्बी। हाल ही में चुनाव का त्यौहार 20 मई को है ऐसे में अपनी पहुँच बनाने के लिए करीबी नेताओं से पीला फूल की तरफ जाने को राजी करते रहे। तभी उक्त साथी नेताओं ने पीला फूल की खुशबु सूंघने से बेहतर, लाल टोपी या हाथ दिखाते नजर आय लेकिन पीला फूल को हरगिज बर्दाश्त न कि ऐसे में नेता जी हवा में रह गए, और मजबूरन पुनः घर वापसी को तैयार हुए।

कर सकते हैं विभीषण का रोल

करारी, कौशाम्बी। आगामी चुनाव में कहीं अपना चुनाव का पिछला बदला इसी आगामी चुनाव में विभीषण का रोल अपना कर अपना पुराना बदला निकालने से बाज नहीं आएँगे।

नौगिरा में उत्कृष्ट बच्चों को मेडल व उपहार देकर किया पुरस्कृत

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड सिराथू के उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगीरा में शुक्रवार को कक्षा आठ के बच्चों को परीक्षाफल वितरण के साथ साथ उनका विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मेडल व उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एआरपी सतीश चंद्र शर्मा ने मां सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उसके बाद बच्चों ने सरस्वती वंदना के साथ गीत, नृत्य आदि का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अंत में कक्षा के आठ के बच्चों का परीक्षाफल वितरण किया गया जिसमें रमेश कुमार प्रथम, करिश्मा चौधरी द्वितीय और स्वाति चौधरी को तीसरा स्थान मिला। तीनों बच्चों को मुख्य अतिथि ने परीक्षाफल के साथ मेडल, प्रशस्तिपत्र और उपहार देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर शिक्षक विकास कुमार, मार्च में सेवानिवृत हुए प्रधानाध्यापक शारदा प्रसाद सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामभवन सहित स्कूल के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

कार में रखा नकदी से भरा बैग गायब, केस दर्ज

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे में नेशनल हाइवे पर कार में रखा नकदी से भरा बैग टप्पेबाजों ने पार कर दिया , पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।प्रयागराज जनपद के मांडा रोड निवासी मनोज कुमार विश्वकर्मा व शिवेश कुमार विश्वकर्मा गुरुवार की शाम कार से कानपुर जा रहे थे। कार सवार जैसे ही सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे पहुंचे तभी कार अजुहा में रोककर नाश्ता करने लगे , मनोज का आरोप है की एक व्यक्ति ने बताया की आपकी कार से मोबिल गिर रहा है मनोज अपने साथियों के साथ बोनट उठाकर मोबिल देखने लगे तभी कार में रखा नकदी से भरा बैग गायब था । पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच में जुट गई है।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/-प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

अपने ही जुटे साइकिल' की हवा निकालने में, बैठकों से नहीं बनी बात

सुलतानपुर। सपा प्रत्याशी भीम निषाद ने चीनी मिल स्थित केंद्रीय कार्यालय खोला हुआ है। खुलने वाले दिन को कार्यालय पर लगा ताला एक सप्ताह बाद भी नहीं खुला। लोकसभा प्रभारी से लेकर पूर्व विधायक व संगठन के प्रमुख जिम्मेदार प्रत्याशी को पचा नहीं पा रहे। लखनऊ में हुई दो बैठके बेमानी हो गई हैं। अब आब्जर्वर आकर यहां हकीकत परखेगें। ये सूरतेहाल तब बनी हुई है जब 14 हजार से जीत दर्ज कराने वाली मेनका गांधी तीन लाख पार का नारा देकर चार दिनों से क्षेत्र में दो-दो दर्जन गांवों का दौरा कर रही। ऐसे में कहा जा सकता है कि सपाई साइकिल हवा निकालने में जुटे हैं।

गौरतलब रहे कि बीते 16 मार्च को भीम निषाद इंडिया गठबंधन से सपा उम्मीदवार घोषित हुए। 21 मार्च को भीम ने अंबेडकर नगर से सटे दोस्तपुर से अपना चुनावी शंखनाद किया। 28 मार्च को उन्होंने जिले में चुनाव कार्यालय खोला। इसी दिन बातौर गठबंधन प्रत्याशी उनकी कांग्रेस कार्यालय पर पहली परिचयात्मक बैठक भी हुई। लेकिन यही वो दिन था जब जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायकों का गुट कार्यक्रम से दूरी बना टिकट कटाने के लिए लखनऊ में डटे थे। सभी पूर्व मंत्री राम भुआर निषाद को प्रत्याशी बनाने के लिए घोड़ा खोले हुए थे। भीम भी लखनऊ पहुंचे दोनों खेमा अखिलेश के सामने हुआ दफ्तर में बात बनने के बाद यहां लौटते ही विरोध के बिगुल बज उठे। दो दिन क्षेत्र में कैंपेनिंग करने के बाद भीम निषाद इसौली विधायक के साथ फिर लखनऊ पहुंचे। फिर दोनों मुखिया के सामने हुए। काफी समझाने बुझाने के बाद लोकसभा प्रभारी से लेकर जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायकों का गुट भीम को प्रत्याशी मानने को राजी नहीं हुआ। ऐसे में आब्जर्वर आकर ग्राउंड रिपोर्ट लेगा इसके बाद अंतिम निर्णय आएगा। इस स्थिति में वर्कर खासा ऊहापोह में हैं कि पब्लिक में कैसे जाएं और क्या बताएं। दरअस्ल इसकी सबसे बड़ी वजह छनकर जो सामने आ रही है वो ये कि जिले में दो लाख से अधिक निषाद मतदाता हैं। प्रत्येक निषाद वोटर ने भीम को लेकर माइंड सेट कर लिया है। ऐसे में 4 जून को परिणाम जो भी आए, अगर माइनस में नतीजा रहा लेकिन मत प्रतिशत बढ़ा तो भीम का चेहरा एक बड़े नेता के रूप में होगा। यहां जयसिंहपुर विधानसभा सीट निषाद बाहुल्य सीट

☞ऑब्जर्वर सुल्तानपुर में आकर परखेंगे हकीकत

भी है। जहां दो बार बीएसपी से भाग्य आजमाने वाले राज प्रसाद उपाध्याय ने दल बदल कर निषाद पार्टी से टिकट लिया और निषाद वोटों से चुनकर विधानसभा पहुंच गए। सपा के पूर्व विधायक और वर्तमान में लोकसभा प्रभारी अरुण वर्मा इसी जयसिंहपुर से 2012 में एमएलए हुए थे। सबसे कम उम्र में विधायक बनने वाले वो पहले नेता थे। लेकिन इसके बाद 2017 और 2022 में जयसिंहपुर की जनता ने उन्हें जनप्रतिनिधि चुनने से इनकार कर दिया। ऐसे में उन्हें डर है कि भीम अगर चुनाव लूज कर गए तो यहां वे निषादों के नेता हो जाएंगे। 2027 में होने वाले चुनाव में कही वो जयसिंहपुर से सपा से आकर उनके राजनैतिक कैरियर पर ब्रेक ना लगा दें। जिसके लिए उन्होंने अभी से पार्टी में लॉबिंग कर दी । सपा के कई पदाधिकारियों ने बताया कि यह सब लामबंदी लोकसभा प्रभारी की देन है, जब उन्हें टिकट नही मिला तो वही अब गुटबाजी को हवा दे रहे हैं। पार्टी के एक बुजुर्ग कहते हैं कि मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर जैसे हाल सुलतानपुर का भी हो गया है। नामांकन तिथि समाप्ति तक सब संभव है। यहां ये बता दें कि अयोध्या से सटे इस लोकसभा चुनाव में इस सीट पर साइकिल रनर तो रही लेकिन कभी विनर नहीं बन पाई। सपा ने बारी-बारी लगभग हर जाति बिरादरी के लोगों को साइकिल पर बैठाया लेकिन कोई जाति समीकरण काम नही आया। पड़ोसी जनपद अम्बेडकर नगर के पिछड़े वर्ग के नेता भीम निषाद पर सपा नेतृत्व ने इस बार भरोसा जताया। गौरतलब है कि 1999 में अंबेडकर नगर निवासी पूर्व मंत्री कद्दावर नेता रहे रामलखन वर्मा को सपा ने यहां से लड़ाया था। 25 साल बाद उसी जिले के भीम निषाद को मैदान में उतारा गया है।

सपा अपनी स्थापना के तीस सालों में यहां से 6 बार लड़ी, लेकिन जीत का सेहरा किसी के सिर नहीं बंध सका। वर्मा, मुस्लिम, ब्राह्मण, क्षत्रिय सबको मौका दिया लेकिन यहां साइकिल की रफ्तार कोई नहीं पकड़ा पाया। विधानसभा में तो वह पांच की पांच विधानसभा सीटों पर एक साथ काबिज रही लेकिन लोकसभा के चुनाव में रनर तो रही लेकिन विनर कभी नहीं बन पाई। 1996 में पहली बार तत्कालीन जिलाध्यक्ष कामरुज्जमा %फौजी%, 1998 में इलाहाबाद की मेयर रीता बहुगुणा जोशी, 1999 में अंबेडकर नगर के विधायक राम लखन वर्मा, 2004 में एमएलसी रहे शैलेंद्र प्रताप सिंह, 2009 में पूर्व विधायक अशोक पांडेय, 2014 में पार्टी ने वरिष्ठ नेता शकील अहमद को लड़ाया। 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में यह सीट बसपा के खाते में रही। उपरोक्त चुनावों में सपा उम्मीदवार यहां से नहीं जीत पाया।

हाथ लगाते ही उखड़ी सड़क, सप्ताह भर पहले बनकर तैयार हुई

लोकमित्र ब्यूरो

सुलतानपुर। जीरो टॉलरेंस के सभी दावे सुल्तानपुर में फेल होते दिख रहे। अब धनपतगंज ब्लॉक क्षेत्र में चंदौर से सांई दाता कुटी तक 5 लाख 31 हजार रुपए की लागत से बनी सड़क को ही ले लीजिए। जो हाथ लगाते ही उखड़ जा रही है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रांतीय निर्माण खंड 3 में शिकायत करके कार्रवाई की मांग किया है। जानकारी के अनुसार धनपतगंज के चंदौर ग्राम पंचायत मे चंदौर तिराहे से सांई कुटी तक तकरीबन एक किमी सड़क का लेपन कार्य प्रांतीय निर्माण खंड 3 के टेंडरकास्ट 5 लाख 31हजार रुपये खर्च से कराया गया। निर्माण के दौरान ही मानक से हट कर कराये जा रहे कार्य की शिकायत गांव के ही श्रवण कुमार सिंह (सोनू) ने विभाग से की है। बावजूद इसके कार्यदायी संस्था गाजी कंस्ट्रक्शन ने ग्रामीणों की शिकायत की अनदेखी कर कार्य जारी रखा और निर्माण कार्य पूरा कर लिया। ग्रामीण चंदौर निवासी श्रवण कुमार सिंह ने इसके बाद अपने हाथों से सड़क उखाड़ते हुए दिखाया।

उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण मानक से नहीं कराया गया। वही कार्यदायी संस्था के जिम्मेदारों से जब ग्रामीणों ने की तो वह मारपीट पर आमादा झगडा हो गए। तब लोगों ने विभाग में लिखित शिकायत की कोई सुनने वाला नहीं है।

गांव के प्रदीप शास्त्री ने बताया कि निर्माण के सप्ताह भर नहीं हुए और एक किमी में 40 जगहो पर सड़क की गिट्टियों में ना सही तारकोल का उपयोग किया गया ना ही पूर्व में बने गड्ढे में गिट्टी ही डाली गयी। इससे पूरी सड़क फट गई है। सामाजिक कार्यकर्ता बजरंग यादव ने निर्माण पर तंज कसते हुए कहा सड़क बहुत अच्छी बनी है ब्रेक मारते ही लोग गिर पड़ते हैंइस बाबत जब जेई चरन जीत ने बताया किया गया तो उन्होंने कहा शिकायत मिलने के बाद निर्माण के लिए जिम्मेदार कार्यदायी संस्था को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है, जांच की जा रही है।

सेक्रेटरी की मिलीभगत से मजदूरी का पैसा हड़प गये प्रधान

लोकमित्र ब्यूरो

बल्दीराय/सुल्तानपुर। धनपतगंज बिकास खण्ड अंतर्गत भरसड़ा गांव में प्रधान व सेक्रेट्री द्वारा प्रधान के खाते में भेजे जाने का प्रकरण गरमाता जा रहा है।जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी कर पखवारे भर में सन्तोष जनक जवाव न देने पर वित्तीय व प्रशासनिक अधिकारी सीज किये जाने की सख्त चेतावनी दी है।मामला बिकास खण्ड के भरसड़ा गांव का है।गांव निवासी प्रदीप पांडेय ने शिकायत कर ग्राम प्रधान पर सेक्रेटरी की मिलीभगत से मजदूरों की मजदूरी मजदूरों के बजाय ग्राम प्रधान के खाते में भेज कर शासनादेश की अनदेखी तथा पद का दुरुपयोग किये जाने समेत सरकारी धन के गबन का गम्भीर आरोप लगाया जिसकी जांच हेतु सहायक बिकास अधिकारी धनपतगंज से जांच आख्या मंगाई गई।सहायक बिकास अधिकारी पंचायत ने 17 फरवरी को जांचोपरांत प्रधान व सेक्रेटरी द्वारा मजदूरी प्रधान के खाते में भेजे जाने की पुष्टि करते हुये अपनी आख्या उच्चाधिकारियों को भेज दी।

जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ल ने प्रधान व सेक्रेट्री को 21 फरवरी को इसे शासनादेश का उलंघन,पद का दुरुपयोग व सरकारी धन के गबन का दोषी मानते हुए प्रधान शिवगोपाल यादव व तत्कालीन सेक्रेटरी को कारण बताओ नोटिस जारी कर सप्ताह भर में जबाब मांगा गया था जिसके जबाब से असंतुष्ट होकर जिलाधिकारी सुल्तानपुर द्वारा प्रधान व सेक्रेटरी द्वारा 3 अप्रैल को ग्राम प्रधान शिव गोपाल यादव को उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 95(1)6 में दिये गए प्राविधानों के अंतर्गत नोटिस जारी करते हुए समय से सन्तोष जनक जबाब न मिलने पर वित्तीय व प्रशासनिक अधिकारों पर रोक लगाने की चेतावनी दी है।तत्कालीन सेक्रेटरी प्रभाकर सिंह से भी जिलापंचायत राज अधिकारी सुल्तानपुर द्वारा नोटिस की एक प्रति बर्तमान तैनाती जनपद मिर्जापुर के जिला बिकास अधिकारी के माध्यम से निश्चित समय मे कारण बताओ नोटिस का जबाब न देने पर कार्यवाही की चेतावनी दी गयी है।इस बाबत जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ल ने बताया कि प्रकरण बहुत ही गम्भीर है नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

दवा कंपनी के प्रतिनिधि की दुर्घटना में मौत

सुल्तानपुर। गुरुवार रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दवा कंपनी के एमआर को टक्कर मार दी। उसे सिर में गंभीर चोटे आई। स्थानीय लोग उसे आनन-फानन में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुड़वार पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस आज उसके शव का पोस्टमार्टम कराएगी। वही कहा जा रहा है कि अगर दवा कंपनी के प्रतिनिधि ने हेलमेट पहन रखा होता तो वो बच सकता था।

जानकारी के अनुसार जिले के गोसाईगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत द्वारिकागंज चौकी क्षेत्र के बहिरातारा कटका निवासी अजय यादव (30 वर्ष) दवा कंपनी के प्रतिनिधि थे। वे रोज चिकित्सकों से मिलते, ऑर्डर लेकर सप्लाई देते और पैसे की वसूली भी करते थे। अजय हर रोज अलग अलग रूट पर बाइक से ही सफर करते थे। गुरुवार को वो सुल्तानपुर-हलियापुर रूट के लिए घर से निकले थे। हलियापुर की ओर से काम करके लौटते हुए वो ठीक कुड़वार रोड पर आगे बढ़े।

तभी गंजेहड़ी के पास एक अज्ञात वाहन उनके लिए काल बनकर आ गया। उसने अजय की बाइक में टक्कर मारा। जिससे वो सीधे सड़क पर जा गिरे। दरअस्ल अजय ने हेलमेट नहीं पहन रखा था, इस कारण उन्हें सिर में गंभीर चोटे आई। हालांकि ग्रामीणों ने उन्हें फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुड़वार पहुंचाया। लेकिन देर हो चुकी, डॉक्टर ने अजय को मृत घोषित कर दिया। इस बाबत कुड़वार थाना अध्यक्ष अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि मृतक के परिवार में सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया है। परिवार से तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

शादी का झांसा देकर दलित युवती से दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

सुल्तानपुर। एक बेहद सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। यहां एक दलित युवती रेप का शिकार हुई है। उसे छह माह का गर्भ ठहर गया है। बताया जा रहा कि शादी का झांसा देकर आरोपी युवक लगातार युवती के साथ जबरन दुराचार करता रहा। मामला कोतवाली लंभुआ के एक गांव का है, जहां पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ बलात्कार का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 24 वर्षीय युवती के साथ एक युवक शादी का झांसा देकर जबरन 6 माह तक दुराचार करता रहा। इस बीच डर के मारे युवती ने किसी से कोई जिक्र नहीं किया। इधर युवती गर्भ से हो गई और उसे इसकी ख़बर भी नहीं हुई। पेट का आकार बढ़ने व तकलीफ बढ़ने पर मां ने बेटी से जानकारी की तो उसने रोते हुए सारी बात मां को बताया। उसके पेट में छह माह का बच्चा भी पल रहा है। पीड़िता ने अपनी मां को बताया कि शादी का झांसा देकर हमारे साथ जबरन दुराचार करता रहा।

बुधवार को गांव में ही नहर की पुलिया के पास आरोपी युवक दो अज्ञात लोगों के साथ युवती तथा उसकी मां को जाति सूचक शब्दों की गाली देकर जान से मारने की धमकी देते हुए कोई कार्रवाई न करने की बात कही और कहा कि बच्चा गिरा दो। पीड़ित युवती की मां ने पुलिस को तहरीर दी। कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने बताया कि आरोपी युवक जयपालपुर निवासी तीरथ धुरिया समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराया गया है और तलाश की जा रही है।

मुल्क की अमन चैन की दुआ के साथ पढ़ी गई अलविदा की नमाज

सुलतानपुर। पवित्र रमजान के अंतिम जुमा (शुक्रवार) को अलविदा जुमे की नमाज में बड़ी तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिद में जमा हुए। लोगों ने नमाज अदा करके अमन-चैन व आपसी सौहार्द बने रहने की दुआ मांगी। यही नहीं सरकार की गाइडलाइन के मुताबिक शहर से लेकर गांवों तक सड़कों पर कही नमाज अदा नहीं की गई।

शहर के चौक स्थित जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अब्दुल लतीफ ने शुक्रवार को रोजेदारों को अलविदा की नमाज पढ़ाया। अलविदा की नमाज के बाद बड़ी संख्या में मौजूद रोजेदारों ने एक साथ मुल्क की खुशहाली व अमन-चैन की दुआ मांगी। मरकज मस्जिद में मौलाना मोहम्मद उस्मान कासमी, जामिया इस्लामिया में मौलाना मुहम्मद ओसामा कासमी, बीबिया मस्जिद में मौलाना कसीम कासमी, हनीफ नगर मस्जिदे बिलाल में मौलाना अनज़र, गभड़िया नस्सरगंज मस्जिद में मौलाना अकरम खान, पौशाला मस्जिद में हाफिज तौहीद ने जुमा अलविदा की नमाज पढ़ाई।

वहीं, शिया जामा मस्जिद अमहट में मौलाना मोहम्मद जाफर खान ने अलविदा जुमा की नमाज पढ़ाई। उन्होंने तकरीर में कहा कि हर नौजवान को शिक्षा पर अधिक ध्यान देना चाहिए। यह कम्प्यूटर का दौर है। सुख मय जीवन के लिए, अच्छे समाज के विकास के लिए शिक्षा बहुत ही जरूरी है। अलविदा की नमाज को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस व प्रशासन के अधिकारी पुलिस के साथ डटे रहे।

चकबंदी कोर्ट पर विचाराधीन विवादित भूखंड पर दबंग कर रहे कब्जा

सुलतानपुर। प्रशासन की तमाम तर कवायद सुल्तानपुर में फेल हो जा रही है। यहां भू-माफियाओं पर पुलिस को लेकर कोई डर नहीं रह गया। यही कारण हैं कि एसपी से शिकायत के बाद दो दिन अवैध कब्जेदारी बंद रही। अब अवकाश का फायदा लेकर आरोपियों ने अवैध निर्माण फिर शुरू करा दिया है। मामला गोसाईगंज के बसौड़ी गांव का है।

गांव निवासी पल्लू पुत्र राम जियावन की माने तो गाटा सं. 109, 110 च, 110 ड, 110 छ का मामला बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी की कोर्ट में विचाराधीन है। विवादित भूखंड पर सूरज प्रसाद पुत्र जगलाल, भईया राम और पांच अज्ञात लोगों के साथ कटावां के पूर्व प्रधान रामतीर्थ विवादित जमीन पर कब्जा करने पहुंचे हैं। आरोप है कि सभी भू-माफिया हैं। मना करने पर आमादा फौजदारी होकर धमकी दिए की जमीन मेरी है मना करोगे तो जान से हाथ धो बैठोगे। इस मामले में पीड़ित तत्काल गोसाईगंज थाने पर पहुंचा। लेकिन थानों पर सुनवाई ही अब रह कहां गई है। जब वहां न्याय नहीं मिला तो दो दिन पूर्व पल्लू एसपी से मिला और लिखित शिकायत किया। जिस पर तत्काल एक्शन हुआ और काम रुक गया। लेकिन भू-माफिया इतने बेखौफ कि आज अवकाश का फायदा लेकर फिर भूखंड पर निर्माण कराने में जुटे हैं।

शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण जरूरी विकास राठौर

सनबीम्स स्कूल में बच्चों को मार्शल आर्ट में किया जा रहा पारंगत

बलरामपुर। सिविल लाइन के सनबीम्स पब्लिक स्कूल में छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ आत्मरक्षा में भी निपुण किया जा रहा है। विद्यार्थियों को आत्म सुरक्षा को लेकर मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

मार्शल आर्ट प्रशिक्षण के लिए विद्यालय प्रबंधक विकास राठौर ने दो ट्रेनर सौरभ एवं शशि कुमार को जिम्मेदारी दे रखी है जो मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट उपाधि हासिल किए हुए हैं उन्होंने बताया कि जिले का यह पहला विद्यालय है जहां पर बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ उन्हें सेल्फ डिफेंस में ट्रेनिंग देकर उनको आत्मरक्षा के लिए निपुण किया जा रहा है यह ट्रेनिंग पूरी तरह से बच्चों को निशुल्क विद्यालय की तरफ से दी जा रही है विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ट्रेनिंग देने का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास के साथ मनोबल को बढ़ाना है उन्होंने

कहा कि खास तौर पर लड़कियों को सुरक्षा की दृष्टि से इस विधा में पारंगत किया जा रहा है प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों में श्रेष्ठ मयंक अनमोल ऋतिक तेजस्वी कामिनी विराज आयुष शौर्य श्रद्धा आयुषी यशस्वी सौम्या शानवी वर्तिका आदि का कहना है कि मार्शल आर्ट सीखने से शरीर को अतिरिक्त ऊर्जा के साथ विपरीत परिस्थिति से निपटने का अवसर देता है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक विकास सिंह राठौड़ ने दोनो मार्शल आर्ट प्रशिक्षक का आभार जताते हुए उन्हें सम्मानित किया है इस दौरान विद्यालय संरक्षक साधना सिंह नीतू अंजलि रितु रितु रिया वंदना नीलम मानसी आदि अध्यापक अध्यापिकाओं का विशेष सहयोग रहा है।

खण्ड विकास अधिकारी धर्मापुर का औचक निरीक्षण किया

जौनपुर । जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मांदड के द्वारा कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी धर्मापुर का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होने सर्वप्रथम उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया जिसमें सहायक विकास अधिकारी के विषय में जानकारी ली गयी जिसमें 04 लोग उपस्थित थे 02 लोगों के विषय में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि सहायक विकास अधिकारी (सां0) व सहायक विकास अधिकारी (कृषि) निर्वाचन कार्य हेतु जनपद स्तर पर सम्बद्ध हैं। अवर अभियन्ता (ग्रा0अ0वि0) श्रीमती मीनू की अनुपस्थिति की स्थिति में खण्ड विकास अधिकारी से पूछा गया, जिसपर खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि इनका 03 दिन का रोस्टर बृहस्पति, शुक्रवार, शनिवार विकास खण्ड धर्मापुर में है। इस पर जिलाधिकारी महोदय ने इनका इस माह का वेतन अवरूद्ध करने का आदेश खण्ड विकास अधिकारी धर्मापुर को दिया ।

लेखाकार दिनेश कुमार की उपस्थिति के विषय में जानकारी चाही तो बताया गया कि ये विकास खण्ड मुफ्तीगंज में हैं वहाँ पर दूरभाष से उनकी उपस्थिति का सत्यापन वहाँ के कनिष्ठ लिपिक प्रखर अस्थाना के द्वारा किया गया। और लेखाकार का इस माह का वेतन अवरूद्ध करने के आदेश दिया। बोरिंग टेक्निशियन अनिल कुमार व बच्चेलाल मौर्य अनुपस्थित पाये गये। इसके बाद मनरेगा लेखा सहायक सुमित कुमार सिंह द्वारा मनरेगा योजनान्तर्गत चल रहे कार्यो की जानकारी ली सुमित कमार द्वारा बताया गया कि वर्ष 2023-24 में श्रम पर 6.61 करोड़ व सामग्री में 4.21 करोड का व्यय हुआ है। मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत बिथार में सुन्नर प्रजापति के घर के सामने अमृत सरोवर तालाब खुदाई कार्य की पत्रावली का निरीक्षण किया गया पत्रावली में लगे श्रमिक मॉग पत्र का अवलोकन के दौरान नराजगी व्यक्त की गयी और सम्बन्धित कर्मचारी का वेतन अवरूद्व करने के निर्देश दिये और खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से पत्रावलियों का अवलोकन करें।

इसके उपरान्त पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया गया उसमें ए0डी0ओ पंचायत एस0बी0एम0 आपरेटर व ब्लॉक कोआर्डिनेटर उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी महोदय द्वारा एस0बी0एम0 आपरेटर से शौचालय की ऑनलाइन फीडिग के विषय में जानकारी ली आपरेटर ने बताया कि फेज-2 में 1569 की फीडिग की गयी जिसमें 282 पात्र हैं उसमें से 164 लोगों की 12000.00 की दर से धनराशि खाते में अन्तरित जा चुकी है। पुनः एस0बी0एम0 आपरेटर से ग्राम पंचायत में रेक्ट्रो फीडिग के विषय में जानकारी चाही तो आपरेटर ने बताया कि 22129 का लक्ष्य था जिसमें 18634 की 84 प्रतिशत फीडिंग हो चुकी है।

इसके उपरान्त कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया गया जिसमें वार्डेन शशि रानी श्रीवास्तव व शिक्षक एवं समस्त स्टाफ (14) सभी लोग उपस्थित पाये गये। विद्यालय में साफ-सफाई उचित ढंग से किया जा रहा है।

मिड डे मील व खाद्यान रूम का निरीक्षण किया गया। मिड डे मील में मीनू के अनुसार ही खाना बनाया जा रहा है व स्टोर रूम में खाद्यान्न ठीक ठाक ढंग से रखा जा रहा है। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा 6, 7 व 8 के बच्चों से पढ़ाई के विषय में जानकारी ली गयी कक्षा 06 की साक्षी गुप्ता व नेहा मौर्या से हिन्दी कविता सुनाने को कहा गया कक्षा 7 की खुशी से अंग्रेजी कविता सुनाने को कहा गया कक्षा 8 की स्वेता व सेजल मौर्या से विज्ञान के सवालों को बच्चों से पूछा गया सभी बच्चों ने सही सही जवाब दिया। जिलाधिकारी द्वारा सभी बालिकाओं को 100-100 रूपये का पुरस्कार भी दिया गया। वार्डेन के द्वारा जिलाधिकारी से आग्रह किया गया कि हास्टल की छत पर रेलिग का कार्य करा दिया जाय जिससे बच्चे बच्चियों को छत पर जाने में कोई असुविधा न हो इस पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी धर्मापुर को निर्देशित किया कि 10 दिवस के भीतर रेलिग का कार्य कराकर मुझे अवगत करायें।

इसके उपरान्त प्रसव केन्द्र धर्मापुर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान ए0एन0एम0 पूनम यादव स्टाफ नर्स सविता यादव व सुषमा सिंह उपस्थित पायी गयी। इनसे जिलाधिकारी द्वारा पूछा कि अब तक महिलाओं का प्रसव हुआ है तो उनके बताया गया कि 01 अप्रैल से 05 अप्रैल तक 08 महिलाओं का प्रसव हुआ है। आज 02 बच्चों का जन्म हुआ है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा सभी स्टाफ को प्रशस्ति पत्र देने की बात कही गयी।

इसके उपरान्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक इन्द्रजीत यादव व कुल स्टाफ (07) लोग उपस्थित पाये गये। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के ओ0पी0डी0/आई0पी0डी0 रजिस्टर का निरीक्षण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्साधिकारी द्वारा जिलाधिकारी महोदय से आग्रह किया गया कि दवा रखने हेतु एक कमरे की आवश्यकता है इस पर जिलाधिकारी महोदय ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि तत्काल 01 कमरे को मरम्मत कराकर उपलब्ध करायें।

इसके उपरान्त कृषि विभाग राजकीय बीज गोदाम धर्मापुर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान सभी 06 कर्मचारी उपस्थित पाये गये उनके द्वारा बताया गया कि इस समय बीज उर्द के 1.88 कुन्तल व मूंग के 0.96 कुन्तल प्राप्त हुए थे जो कृषकों को वितरित किये जा चुके है।

जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक पटल पर जाकर निरीक्षण किया गया

जौनपुर । जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मांदड के द्वारा कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी केराकत का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक पटल पर जाकर निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम एस0बी0एम0 के ब्लाक को-आर्डिनेटर दीनानथ प्रसाद एवं प्रवेश कुमार से सम्बन्धित योजना पर वार्ता की गयी उसके बाद आवास पटल पर वरिष्ठ सहायक मुन्ना राम से उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी और समीक्षा की गयी। बरिष्ठ सहायक सन्तोष कुमार श्रीवास्तव से उनके पटल की समीक्षा की गयी और उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड के उपस्थिति पंजिका के निरीक्षण में हरिदयाल, लेखाकार अवकाश पर थे और तकनीकी सहायक वकील अहमद अनुपस्थित पाये गये। उसके बाद मनरेगा सेल में उपस्थित अतिरिक्त कार्यकम अधिकारी संजय कुमार आजाद से मनरेगा योजना के बारे में समीक्षा की गयी मनरेगा भुगतान के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी और निर्देशित किया गया कि मनरेगा का कार्य ठीक प्रकार से किया जाना चाहिए और जो धनराशि का भुगतान नही हो पाया है उसे अगली किस्त आने पर भुगतान किया जाय।

पटल निरीक्षण के बाद समस्त सहायक विकास अधिकारी और अन्य सभी अधिकारियों कर्मचारियों के साथ जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी कार्यो पर समीक्षा की गयी ।

सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) रामकृष्ण यादव से उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो पर समीक्षा की गयी जिसमें सामुदायिक शौचालय के बारे में पूछा गया कि सभी सामुदायिक शौचालय क्रियाशील है कि नहीं और समय से खुलते है कि नही इसपर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) द्वारा अवगत कराया गया कि सभी सामुदायिक शौचालय क्रियाशील है और केयर टेकर द्वारा समय से खोला और बन्द किया जाता है, पंचायत भवन के विषय में जिलाधिकारी द्वारा जानकारी लिया गया कि कार्यालय नियमित रूप से खुलता है और पंचायत सहायक, सचिव और प्रधान वहाँ बैठते है या नही इसपर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) द्वारा अवगत कराया गया कि पंचायत सहायक प्रतिदिन एवं सचिव रोस्टर के अनुसार कार्यालय पर बैठते है और सी0एस0सी0 का संचालन किया जा रहा है, और ग्रामीणों को आवश्यक्तानुसार ऑन लाईन प्रमाण पत्र भी जारी किया जा रहा है। ऑपरेशन कायाकल्प के सम्बन्ध में पूछा गया कि क्या सभी स्कूलों में कायाकल्प का कार्य हो गया है के सम्बन्ध में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) द्वारा अवगत कराया गया कि सभी स्कूलों में ऑपरेशन कायाकल्प का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देशित किया कि समस्त साधन सहकारी समितियों का भी आपरेशन कायाकल्प करायें। बूथ सम्बन्धी सूचना पर जिलाधिकारी महोदय पूछा गया कि क्या सभी बूथों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को सही करा दिया गया है, इसपर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) द्वारा बताया गया कि सभी कायों को करा दिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत कराये जा रहे रेट्रोफिटिंग के विषय में पूछा गया सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) द्वारा विस्तार से बताया गया कि 87 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है शेष दो दिन में पूर्ण कर लिया जायेगा।

जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी दीपक सिंह से उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो के बारे में पूछा गया कि दीपक सिंह द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायतों में युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल का गठन करके उनका रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है एवं मंगल दल द्वारा मतदान के लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है। अन्त में जिलाधिकारी द्वारा विकास खण्ड परिसर की साफ सफाई एवं सुव्यवस्थित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और निर्देशित किया गया कि विकास खण्ड कार्यालय तक पहुँचने वाली पिच रोड जिसकी लम्बाई लगभग 500 मी0 है उसका मरम्मत कराकर ठीक कराया जाये।

निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी पवन कुमार एवं सहायक विकास अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव, सहायक विकास अधिकारी (आई0एस0बी0) चन्द्रमोहन सिंह, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) और अशोक कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी (पी0पी0) उपस्थित रहे।

मन्दाकिनी स्वच्छता के लिए युवराज ने फावडा उठाकर बताया पसीना

चित्रकूटः रामानन्द मिशन के तत्वाधान में शुक्रवार को मन्दाकिनी स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। युवराज आचार्य रामचन्द्र दास ने ''रामकथा मन्दाकिनी चित्रकूट चित चारू। तुलसी सुभग सनेह बन सिय रघुवीर बिहारू'' चौपाई के जरिए अभियान की शुरूआत की।

धर्मनगरी चित्रकूट के मन्दाकिनी तट पर स्थित तुलसी घाट, तुलसी पीठ आमोदवन में पद्मविभूषण तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरू रामानन्दाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज की प्रेरणा से उनके उत्तराधिकारी युवराज आचार्य रामचन्द्र दास महाराज के नेतृत्व में मन्दाकिनी स्वच्छता अभियान शुक्रवार को शुरू किया गया। जिसमें जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा मन्दाकिनी तट की स्वच्छता के लिए अभियान चलाकर जनमानस को मन्दाकिनी तट की स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।

उत्तराधिकारी आचार्य रामचन्द्र दास महाराज ने जनमानस को मां मंदाकिनी के आध्यात्मिक एवं पौराणिक महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के स्वच्छता अभियान भविष्य में भी निर्बाध रूप से चलते रहेंगे। साथ ही जनमानस को प्रकृति के रक्षण एवं गंदगी न फैलाने का संकल्प दिलाया।

इस मौके पर जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर पाण्डेय, मदन मोहन दास, हिमांशु त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटना के आरोपी को 1500 रुपये के अर्थदण्ड की सजा

चित्रकूटः सड़क दुर्घटना के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को 1500 रूपए के अर्थदण्ड तथा न्यायालय उठने तक की सजा से दण्डित किया।

अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह ने बताया कि कोतवाली में सड़क दुर्घटना के मामले में आरोपी राज तिलक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद सिविल जज (सीडि) एफटीसी सोनम गुप्ता ने दोष सिद्ध होने पर निर्णय सुनाया। जिसमें आरोपी राज तिलक को 1500 रूपए अर्थदण्ड एवं न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई गई।

सपा ने मनाई महर्षि कश्यप व निषादराज की जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में महर्षि कश्यप एवं भगवान श्रीराम के सखा निषादराज गुह्र की जयंती के अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में सपा कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर विचार गोष्ठी संपन्न हुई। गोष्ठी का प्रारम्भ महर्षि कश्यप एवं निषाद राज गुह्र के चित्र पर माल्यार्पण कर लिया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सपा गठबंधन प्रत्याशी राजेन्द्र एस बिन्द ने कहा कि महर्षि कश्यप एवं श्रृंगवेरपुर के राजा गुह्यराज निषाद दोनो महापुरूषो का जीवन दर्शन मानवता के लिए प्रेरणादायक है। निशादराज का स्वयं के हित की चिंता किये बिना मित्र की मदद का भाव बिरले ही लोगों में दिखाई देता है। सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि निषाद राज का जन्म केवट जाति के परिवार में हुआ था और वो राजा होते हुए भी अपने कर्म को प्रधानता देते थे। उन्होने कहा कि हमें महर्षि कश्यप व निषाद राज के आदर्शों पर चलकर उनके विचारो को जन-जन के बीच पहुँचाने का काम करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, सुरेंद्र सिंह पटेल, राजेश भारतीय सहित अन्य लोगों ने भी विचार व्यक्त किए।

संस्कार भारती का रामोत्सव और चैती समारोह कल

महोत्सव का आयोजन पक्काघाट पर किया जाएगा-शिवलाल गुप्त

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। संस्कार भारती के तत्वावधान में नूतन वर्षाभिनंदन समारोह के अंतर्गत 7 अप्रैल को रामोत्सव एवं चैती समारोह का आयोजन नगर के पक्काघाट पर किया जाना है तथा कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सायं 6ः30 बजे होगा। कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए वरिष्ठ लोकगायक शिव लाल गुप्त ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अयोध्या श्रीराम मंदिर मुकदमे के पक्षकार अधिवक्ता डा. पी. एन. मिश्र अधिवक्ता सर्वोच्च न्यायालय तथा विशिष्ट अतिथि अयोध्या जन्म भूमि में विराजमान श्रीराम लला का स्केच बनाने वाले कलाकार डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा होंगे। उन्होंने आगे बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों के गायक कलाकार शामिल होंगे

और मुख्य आकर्षण छाऊ नृत्य होगा जिसकी प्रस्तुति झारखंड रांची के कलाकार सृष्टिधर महतो के नेतृत्व में 18 सदस्यीय टीम करेगी। उन्होंने आगे कहा कि संस्कार भारती के तत्वावधान में कई वर्षों से नव संवत्सर के आगमन पर चैती महोत्सव का आयोजन परंपरागत ढंग से किया जाता रहा है। उसी क्रम में 7 अप्रैल को रामोत्सव एवं चैती समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

दिव्यांग बच्चों को संगीत के माध्यम से दिया गया मतदान का संदेश

चित्रकूटः जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय सीतापुर में दिव्यांग मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यकम आयोजित किया गया। जिसमें दिव्यांगजनों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 में अधिक से अधिक मतदान करने विषयक जागरूक किये जाने के लिए दिव्यांग बच्चों द्वारा संगीत के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने जनपद के मतदाताओं से अपील की कि 20 मई को होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष रैपुरा ने बताया कि उप निरीक्षक दिनेश कुमार पाण्डेय तथा आरक्षी राममूरत मिश्रा द्वारा प्रदीप कुमार निवासी बसिला को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना रैपुरा में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

आंबेडकर जयंती मनाने की बनी रणनीति

जिलाधिकारी ने कहा, देश के विकास में बाबा साहब के योगदान से नई पीढ़ी को अवगत कराएं

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। आगामी 14 अप्रैल को डा. भीमराव अम्बेडकर की जंयती मनाये जाने के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कार्यक्रमों की रूप रेखा को अंतिम रूप दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि 14 अप्रैल को प्रातः 10 बजे जनपद के सभी विद्यालयों में डा. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण तथा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी डिग्री कालेजों, इण्टर कालेजों में डा.अम्बेडकरजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर भाषण प्रतियोगितायें आयोजित की जाएं। उन्होंने जनपद के समस्त कालेजो के प्रधानाचार्यो, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को

निर्देशित किया कि ये सभी कार्यक्रम आयोजित कराना सुनिश्चित करायेंगे।

कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि अपने कार्यालय में 14 अप्रैल को डा. भीमराव अम्बेडकरजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं गोष्ठी का आयोजन करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा विद्यालयों के प्रधानाचार्य और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिताओं के माध्यम से करें मतदान के प्रति जागरूक - सीडीओ

चित्रकूटः लोकसभा समान्य निर्वाचन- 2024 मतदान में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के उद्देश्य से स्वीप योजना के अंतर्गत विभिन्न स्तरों से कराए जाने वाले प्रचार प्रसार के लिए शुक्रवार को विकास भवन सभागर में स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यो की बैठक मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर की अध्यक्षता में हुई।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी प्रधानाचार्यो से कहा कि निर्वाचन आयोग के इस महत्वपूर्ण कार्य में सभी की भागीदारी आवश्यक है। विद्यालय में पढ़ने वाले वे छात्र-छात्राएं जिनकी उम्र 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूरी हो गई हो और वो अभी भी मतदाता न बन पाए हो तो उनका फॉर्म 6 भरा कर बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची में नाम पंजीकरण करवा दें। जिससे वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। साथ ही जिन विद्यालयों में निर्वाचन साक्षरता क्लबों का गठन न हुआ हो वे गठन करते हुए निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार छात्र-छात्राओं के मध्य मतदाता जागरूकता पर आधारित निबंध, भाषण, क्विज, रंगोली, मेहदी, चित्रकला आदि प्रतियोगिता तथा नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन करते हुए युवा मतदाता एवं छात्र-छात्राओं के माध्यम से अभिभावकों को मतदान के लिए जागरूक करने का कार्य अवश्य करें। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन प्रार्थना स्थल पर मतदान के महत्व के बारे में छात्र-छात्राओं को अवश्य बताएं। जिससे वह अपने घरों में इस पर चर्चा करें।

इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, शिक्षक सुरेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी पट्टी जिला प्रतापगढ़
मुकदमा संख्या ञ्ज 202902570402666
राम नरेश
बनाम
अवध नरेश
बनाम -
1- अवध नरेश सुतगण भगौती दीन निवासी ग्राम परहदा सुमेर पर0 तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ ।
अन्तर्गत धारा 144 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 भूमि स्थित ग्राम भाट पट्टी तह 0पट्टी जिला प्रतापगढ़।
तारीख पेशी 23 - 04 -2024
यह कि वादी ने उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है ऐतद द्वारा सम्मन नोटिस आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक 23- 04- 2024 को वास्ते प्रार्थना पत्र टी 0आई 0 व तनकीह प्रातः 10 बजे स्वयं या मार्फत अपने वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाबदेही दावा करें ऐसा न करने में असफल रहने पर आपके विरुद्ध वाद प्रार्थना पत्र का एक पक्षीय रूप में सुना जायेगा और हस्ताक्षरित किया जाएगा ।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिनांक 02 मास 04 सन 2024को जारी किया गया।
आज्ञा से

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 1984 अनुक्रमांक नंबर 1271 4382 और इंटरमीडिएट वर्ष 1986 अनुक्रमांक नंबर 649238 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।
रमेश चंद्र वर्मा
पुत्र अंबिका प्रसाद
निवासी ग्राम पेरई तिल्हापुर मोड़
तहसील चायल कौशांबी

पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का किया खुलासा

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में सरधुवा पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये 1 चोर को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया। सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी ने बताया कि बीते गुरूवार को वादी मंगल व रामसुहावन पुत्रगण रजपाल निवासी बरद्वारा ने थाना सरधुवा में सूचना दी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने दीवाल फांदकर उनके सोने व चांदी के जेवरात चोरी कर लिये हैं। इस सूचना पर थाना सरधुवा में अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया

सूचना

मेरे पैन कार्ड नम्बर JKHPSO759E में मेरे पिता के नाम की स्पेलिंग 'JIT LAL' गलत अंकित है,जबकि जीतलाल पटेल की सही स्पेलिंग JEET LAL PATEL है और मेरी सही जन्मतिथि 05/05/1994 है,जबकि पेन कार्ड में 27/07/1994 अंकित हो गया है,जो गलत है।
रमाशंकर पटेल
पुत्र जीत लाल पटेल
निवासी परसरामपुर पर0पट्टी,
तह0रानीगंज जिला प्रतापगढ़ (उ0प्र0)
मो0न0 07268899869

मां कर्मा बाई के बताए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

चित्रकूटः साहू समाज धर्मशाला चित्रकूट में मां कर्मा देवी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ उत्तर प्रदेश तैलिक साहू महासभा के मण्डल अध्यक्ष शिवकुमार साहू ने मां कर्मा देवी की मूर्ति में माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

उत्तर प्रदेश तैलिक साहू महासभा के मण्डल अध्यक्ष शिवकुमार साहू ने कहा कि मां कर्मा देवी का जन्म 273 विक्रम में हुआ था। ग्रह नक्षत्र का शोधन करने पर इनका नाम कर्मा देवी रखा गया था। मां कर्मा देवी भगवान कृष्ण की अन्य भक्त थी। उन्होंने समाज की कुरीतियों को मिटाने के लिए लोगों को जागरूक किया था। साथ ही समाज सेवा क्षेत्र में भी इनका अभिनंय स्थान था। पूर्व जिलाध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि आज हमारा साहू समाज बहुत पीछे चला गया है। जिस दिन की यह घटना है। उसी तिथि

से भगवान जगदीश स्वामी के मन्दिरों मे भक्त कर्मा देवी की खिचडी को ही सर्व प्रथम भगवान को भोग लगाया जाता है एवं प्रसाद के रुप मे खिचडी बांटी जाती है। सम्पूर्ण भारत वर्ष मे जहां भी भगवान जगन्नाथ स्वामी के मन्दिर है, उन पर हमारे स्वजातिये बन्धुओ का स्वामित्व है। जिसका श्रेय हमारी साहू जाति की भक्त शिरोमणि कर्मा मां को ही है।

इस मौके पर धर्मशाला प्रबन्धक भगवान दीन साहू, पूर्व अध्यक्ष संजय साहू, उत्तर प्रदेश तैलिक साहू महासभा जिलाध्यक्ष मनीष साहू, मनमोहन, अशोक साहू, राम नारायण साहू, बंशीलाल साहू, रामेश, चन्द्र भान साहू, राजेश साहू, अनिल, रामदयाल, गोविन्द साहू आदि मौजूद रहे।

मारपीट के 3 आरोपियों को अर्थदण्ड की सजा

चित्रकूटः मारपीट के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने 3 आरोपियों को एक-एक हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अभियोजन अधिकारी श्रीकान्त यादव ने बताया कि शिकायतकर्ता ने सरधुवा थाना में मारपीट करने वाले तीन आरोपियों छोट्टन यादव, बंगाली यादव व धुरेन्द्र कुमार निवासीगण हरीशनपुर के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद एससी एसटी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दीपनारायण तिवारी ने दोष सिद्ध होने पर निर्णय सुनाया। जिसमें आरोपी छोट्टन यादव, बंगाली यादव व धुरेन्द्र कुमार को एक-एक हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

मनाई गई महर्षि कश्यप जयंती

चित्रकूटः विकासखंड कर्वी अंतर्गत ग्राम सभा मकरी पहरा में सृष्टि रचयिता महर्षि कश्यप और भगवान गुहराज निषाद की जयंती के अवसर पर ग्राम सभा मकरी पहरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ग्राम प्रधान सरनाम सिंह, पंचायत सहायक उमेश कुमार, बृजेश सिंह, अर्जुन कश्यप और पवन निषाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पवन निषाद ने बताया कि समाज को आगे बढाना है तो उसके लिए एकता होनी चाहिए। एक दूसरे को सहयोग देना चाहिए ताकि हमारा समाज एकजुट हो। इस मौके पर भैरों रैकवार, देवराज निषाद, चुनकावन निषाद, मुंशी निषाद, राममिलन निषाद, राजेंद्र निषाद, रामकुमार निषाद, अर्जुन कश्यप, रामनरेश निषाद, राजाराम निषाद, रामसनेही रैकवार, उमेश चंद्र रैकवार, राजू सिंह, असगर अली आदि मौजूद रहे।

10 आरोपियों के विरुद्ध गुण्डा तथा 5 आरोपियों के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले 10 आरोपियों के विरुद्ध गुण्डा तथा 5 आरोपियों के विरुद्ध मिनी गुण्डा की कार्यवाही की गयी।

कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा श्रवण कुमार उर्फ शिवम प्रजापति निवासी पुरानी बाजार, रवि कुमार निवासी शत्रुध्नपुरी, दिनेश कुशवाहा निवासी यादव का पुरवा सीतापुर, सोनू निवासी छिछरिया, अन्नू उर्फअनूप पयासी निवासी पुरानी बाजार तथा सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी द्वारा विनोद तिवारी निवासी गडौली, चन्दा निवासी अतरौलीमाफी,

मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय द्वारा उपदेश उर्फ उदेग्य, मयंक त्रिपाठी, करन निवासीगण गायत्री नगर के विरुद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

इसी प्रकार मानिकपुर प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह द्वारा विनय, रामबाबू निवासीगण सिगवां मजरा कोटा कंदैला, बड्डू निवासी इन्द्रानगर, धनन्जय उर्फछोटू निवासी शिवनगर व बाराती कोल निवासी गोविन्द नगर के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

गिरगिट की तरह बदलते नजर आयधर्ती पुत्र नेता जी के करीबी

निकाय चुनाव में साथ न मिलने पर पहना था पीला अंगौछा

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, कौशाम्बी। राजनीति में कहा जाता है कि कब कहाँ क्या हो जाय कुछ नहीं कहा जा सकता। अपने फायदा के लिए कब किस पार्टी का झंडा लेकर नारा लगाते हुए प्रचार प्रसार शुरू कर दिया जाता है। राजनीति का कोई भरोसा नहीं। और बस यही कहा जाएगा यह सब राजनीति में चलता है। ऐसा ही कुछ नेता का रंग करारी में गिरगिट की तरह बदलते नजर आय। जो पहले कभी लाल टोपी पहनकर राजनीति को चमकाया और कभी अपने आपको धर्ती पुत्र नेता जी साथ न छोड़ने की कसम खाई थी लेकिन निकाय चुनाव में पार्टी का साथ न मिलने से पार्टी के खिलाफ नारे बाजी और धरना भी शुरू किया यही नहीं सत्ता पक्ष के नेता से मिलना जुलना शुरू हो गया और आगामी लोकसभा चुनाव में जिताने का भी जिम्मा लिया था। और पीला अंगौछा बराबर पहनते हुए सुर्खियां बटोरने लगे। अभी मात्र तीन माह पहले तक पीला अंगौछा पहनते नजर आय और पर्सनल गाड़ी में भी अक्सर पीला अंगौछा रखा नजर आता रहा, और जिंदाबाद के नारे लगते थे। जिले का एक विकास पुरुष नेता को खुले आम विरोध करते रहें अब जैसे ही चुनाव का सीजन आया वक्त बदलते देर नहीं हुवा कि। उछल कर पुनः खेमे में जाकर धर्ती पुत्र नेता की तारीफकरते नजर आय !करारी सहित जिले में चर्चा हो चली !वाह रे नेता जी आपकी बात का क्या कहना।

क्यों पलटे पीला फूल से लाल टोपी में

करारी, कौशाम्बी। हाल ही में चुनाव का त्यौहार 20 मई को है ऐसे में अपनी पहुँच बनाने के लिए करीबी नेताओं से पीला फूल की तरफजाने को राजी करते रहे। तभी उक्त साथी नेताओं ने पीला फूल की खुशबु सूंघने से बेहतर, लाल टोपी या हाथ दिखाते नजर आय लेकिन पीला फूल को हरगिज बर्दाश्त न कि ऐसे में नेता जी हवा में रह गए, और मजबूरन पुनः घर वापसी को तैयार हुए।

कर सकते हैं विभीषण का रोल

करारी, कौशाम्बी। आगामी चुनाव में कहीं अपना चुनाव का पिछला बदला इसी आगामी चुनाव में विभीषण का रोल अपना कर अपना पुराना बदला निकालने से बाज नहीं आएँगे।

नौगिरा में उत्कृष्ट बच्चों को मेडल व उपहार देकर किया पुरस्कृत

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड सिराथू के उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगीरा में शुक्रवार को कक्षा आठ के बच्चों को परीक्षाफल वितरण के साथ साथ उनका विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मेडल व उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एआरपी सतीश चंद्र शर्मा ने मां सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उसके बाद बच्चों ने सरस्वती वंदना के साथ गीत, नृत्य आदि का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अंत में कक्षा के आठ के बच्चों का परीक्षाफल वितरण किया गया जिसमें रमेश कुमार प्रथम, करिश्मा चौधरी द्वितीय और स्वाति चौधरी को तीसरा स्थान मिला। तीनों बच्चों को मुख्य अतिथि ने परीक्षाफल के साथ मेडल, प्रशस्तिपत्र और उपहार देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर शिक्षक विकास कुमार, मार्च में सेवानिवृत हुए प्रधानाध्यापक शारदा प्रसाद सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामभवन सहित स्कूल के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

कार में रखा नकदी से भरा बैग गायब, केस दर्ज

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे में नेशनल हाइवे पर कार में रखा नकदी से भरा बैग टप्पेबाजों ने पार कर दिया , पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।प्रयागराज जनपद के मांडा रोड निवासी मनोज कुमार विश्वकर्मा व शिवेश कुमार विश्वकर्मा गुरुवार की शाम कार से कानपुर जा रहे थे। कार सवार जैसे ही सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे पहुंचे तभी कार अजुहा में रोककर नाश्ता करने लगे , मनोज का आरोप है की एक व्यक्ति ने बताया की आपकी कार से मोबिल गिर रहा है मनोज अपने साथियों के साथ बोनट उठाकर मोबिल देखने लगे तभी कार में रखा नकदी से भरा बैग गायब था । पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच में जुट गई है।

आबकारी पुलिस ने की छापामारी, 70 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, परिवहन, भंडारण की रोकथाम हेतु आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी के कुशल पर्यवेक्षण में आबकारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह और आबकारी निरीक्षक दिनेश यादव द्वारा मय स्टाफ के साथ संदिग्ध स्थलों घरों-कमासिन, कड़ा धाम,फरीदागंज व हब्बूनगर सिपाह में दबिश और छापेमारी की गई। दबिश के दौरान लगभग 70 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 04 अभियोग पंजीकृत किया गया व 250 किलो लहन नष्ट किया गया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित
सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर एक महत्वपूर्ण बैठक कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में आयोजित की गई। बैठक में ए.आई.सी.सी. कोऑर्डिनेटर लोकसभा रायबरेली इन्दल कुमार रावत ने कहा कि रायबरेली कांग्रेस का अभेद्य गढ़ रहा है, यहां की जनता से गांधी परिवार का जो रिष्ता है वह विष्वविख्यात है, यहां की सम्मानित जनता ने हर बार हर लहर में भाजपा को नकारा है और इस बार के लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी बुरी तरह पराजित होगी।कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज ने कहा कि रायबरेली में कांग्रेस का चुनाव विपक्षी दल से जनता स्वयं लड़ती है, और कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से जिताती है, पिछले लोकसभा चुनाव की विपरीत परिस्थितियों में भी पूरे प्रदेष में इसी सीट पर जीत दर्ज कराकर यहां की सम्मानित जनता ने गांधी परिवार

से अपने मजबूत रिष्तों का सबूत दिया था। बैठक को प्रदेष उपाध्यक्ष सुषील पासी, शत्रोहन सोनकर, सुरेन्द्र विक्रम सिंह, अतुल सिंह, सरिता गुप्ता ने सम्बोधित किया। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि सभा का संचालन संजय श्रीवास्तव ने किया

इस अवसर पर साहबषरण पासवान, वीरेन्द्र यादव, संजीव पाण्डेय, षिवानंद मौर्या, राहुल बाजपेयी, पद्मधर सिंह, श्रीमती शैलजा सिंह, षिवकरन तिवारी, अषोक कुमार सिंह, विनय द्विवेदी, विजयषंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, सईदुल हसन, महेष प्रसाद शर्मा, संतोष कुमार त्रिवेदी, अजीत सिंह, दीपेन्द्र गुप्ता, सतीष पासी, आर.के.सिंह, आलोक विक्रम यादव, सुमित्रा रावत, संत प्रसाद रैदास, जितेन्द्र पासी, यषपाल भारती, घनष्याम शुक्ला, मनोज तिवारी, गिरिजेष श्रीवास्तव, मेराजुल हसन फारूकी, दिनेदष यादव, अनुरूद्ध दीक्षित, राजकुमार द्विवेदी, रूपेष कुमार, सौरभ शुक्ला, गिरीष बहादुर सिंह, कामता नाथ गौड़, अवधेष चौधरी, भगवानदीन फौजी, दल बहादुर सिंह, शम्भूषरण पाल, ज्योति प्रसाद पासी, अरूण कुमार यादव, प्रियंका देवी, प्रमोद कुमार बाजपेयी, राजेष कनौजिया, अंकुर जायसवाल, विनोद गुप्ता, कल्याणचन्द्र श्रीवास्तव, मोहित मौर्या, आयुष द्विवेदी, सुरेष पासी, ओम प्रकाष पाल, हाफिज रियाज, विजय पटेल, बंष बहादुर सिंह, अनिल मिश्रा, राकेष कुमार शास्त्री, रमाकांत सिंह सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

अब किताबों के नाम पर खुलेआम लूट, सिस्टम पर भारी निजी स्कूल संचालकों का रसूख

»किताबों का पूरा सेट लेने को मजबूर अभिभावक, कॉपी व कवर नहीं लेने पर किताब देने से इंकार कर रहे दुकानदार

लोकमित्र ब्यूरो

सलोन रायबरेली। स्कूलों की शह पर पुस्तक विक्रेता बेलगाम हो गए हैं। कॉपी व कवर सहित अन्य सामग्री नहीं लेने पर दुकानदार किताब देने से इंकार कर रहे हैं। इसलिए किताबों का पूरा सेट लेने को अभिभावक मजबूर हैं। स्कूलों द्वारा तय दुकानों पर किताबें मिलना कमीशनखोरी में संलिप्ता को दर्शाता है। आईसीएसई, आईएससी व सीबीएसई के स्कूल खुल गए हैं। मौजूदा वक्त में इन स्कूलों में भारी लूट मची हुई है। खुद को साफसुथरा छवि के संचालक मानने वाले इन स्कूलों के जिम्मेदार कमीशन के आगे शासन के निर्देश को रद्दी टोकरी में डालकर मनमानी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। स्कूल संचालकों के आगे मजबूर अभिभावक पुस्तक विक्रेता के हाथों लुटने को मजबूर हैं।

दुकानदारों से पूछताछ की नहीं समझ रहे जरूरत

रसूखदार स्कूल संचालकों के आगे जिला प्रशासन व शिक्षा अधिकारी भी चुप्पी साधकर बैठे हैं। शहर के कॉलेज मोड़ सहित विंध्यनगर व जंयत में सचांलित हो रही दुकानों पर पूछताछ करने की जरूरत नहीं समझ रहे हैं।

यदि इन दुकानों पर बारीकी से पूछताछ की जाए तो रसूखदार स्कूल संचालकों की मनमानी की करतूत सामने आ जाएगी। यह जानकर हैरानी होगी कि प्राइवेट पब्लिकेशन की पुस्तकों में दुकानदार एक भी रुपए की छूट नहीं दे रहे हैं। इसके अलावा खरीदी गई पुस्तक यदि वापस करना चाह रहे हैं तो दुकानदार तीखी आवाज में बोलकर वापस करने से इंकार कर देते हैं।

एनसीईआरटी की पुस्तकें क्यों नहीं?

अभिभावकों की जेब पर कैंची चलाने वाले निजी स्कूल संचालकों की मनमानी पर एक बार भी जिम्मेदार अधिकारियों ने पूछ परख जरूरत नहीं समझी।

विद्यालयों प्राइवेट पब्लिकेशन की पुस्तकों की जगह एनसीईआरटी की पुस्तकें नहीं चलाई जा रही हैं तो आला अधिकारियों ने निजी स्कूलों के रसूख संचालकों को नोटिस जारी क्यों नहीं किया। यह एक बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है।

राम कथा सुनना महान पुण्य - अजय अग्रवाल

लोकमित्र ब्यूरो

सरेनी रायबरेली। सरेनी ब्लाक अंतर्गत ग्राम हरीपुर में श्रीकामेश्वर बाबा मंदिर के विशाल प्रांगण में आजकल श्री राम कथा का अनवरत पाठ चल रहा है जिसको सुनने भाजपा नेता अजय अग्रवाल आज यहाँ पहुंचे तथा काफी समय तक तेजस्वी कथा वाचक अशोकानन्द जी महाराज द्वारा कही जा रही राम कथा का आनंद लिया द्य उनके साथ तेजगांव निवासी पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह ने भी राम कथा का आनंद उठाया। इसी प्रांगण में राम कथा के साथ-साथ एक वृहद यज्ञ भी लगातार चल रहा है, जिसमें 54 यज्ञ कुंड बनाए गए हैं। जिसमें तीन पति पत्नी प्रत्येक यज्ञ कुंड के जजमान होते हैं और इस प्रकार उक्त यज्ञ स्थल पर कुल मिलाकर 324 लोग बैठकर रोजाना यज्ञ करते हैं द्य इस सारे कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेवारी अयोध्या बड़ी छावनी के साधु ज्ञानी दास त्यागी जी महाराज द्वारा ली गयी है जहां पर रोजाना करीब पांच से दस हजार लोग राम कथा के उपरांत परोसा जा रहा प्रसाद (भंडारे) का आनंद भी ले रहे हैं।इस अवसर पर भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने कहा कि क्योंकि इस वर्ष अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है तथा भगवान राम के रामलला के रूप की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई है, अतः इस वर्ष राम कथा सुनने से श्रद्धालुओं को और भी अधिक पुण्य मिलने वाला है।

अजय अग्रवाल ने क्षेत्र की जनता से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर राम कथा को सुनें। उक्त राम कथा 25 मार्च से अनवरत चल रही है, जिसका समापन 6 अप्रैल की मध्य रात्रि को किया जाएगा।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ जिला व नगर शाखा ने मनाया होली मिलन कार्यक्रम

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ जिला व नगर शाखा ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन शहर के प्रतिष्ठित एक होटल में रखा। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर व विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह मौजूद थे फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत कर पदाधिकारियों ने पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया वहीं बाहर से आए कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। पालिकाध्यक्ष के कर्मचारी व समाज के लोगों ने होली मिलन समारोह में एक दूसरे को अबीर गुलाल

लगाकर मित्रता भाईचारा और स्मारक बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे सुनील कुमार ने समाज के लोगों से कहां कि होली संपूर्ण संस्कृति को अपने में समाहित का विशेष पर्व है जिसमें लोग आपसी भेदभाव को मिटाकर सद्भाव के साथ राग और द्वेष से मुक्त होकर यह हृदय से मिलना का क्षण होता है जिलाध्यक्ष दिनेश वाल्मीकि ने मंच पर संबोधित करते हुए कहा कि होली ही एक ऐसा त्यौहार है जिसमें समाज के सभी परिवारों का आपस में मिलना जुलना परस्पर भाईचारा व समरसता का संवाहक हो पाता है तत्पश्चात नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों के हित में जिलाध्यक्ष ने कहां कि भविष्य में अगर हमारे कर्मचारियों के उपर किसी भी प्रकार का शोषण हुआ तो कर्मचारी संघ उसके हित के लिए सदैव तत्पर रहेगा इस मौके पर प्रांतीय सलाहकार आशीष द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष शिव शंकर वाल्मीकि, जिलाध्यक्ष दिनेश वाल्मीकि जिला, महासचिव संजय मौर्य,अंजनी कुमार नगर अध्यक्ष,कोषाध्यक्ष अरविंद चौबे, सभासद शबिस्ता बृजेश, पूर्व सभासद पूनम तिवारी, सोनू वाल्मीकि, समीर आनंद,जीतू, अल्लाह, आनंद मास्टर, विनोद कुमार, रामकुमार, आशीष पाल आदि लोग मौजूद थे।

स्वतंत्रता आंदोलन की महान वीरांगना झलकारी बाई का 166वां बलिदान दिवस मनाया गया

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। 1857 के स्वतंत्रता आंदोलन की महान वीरांगना झलकारी बाई का 166वां बलिदान दिवस मनाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर ने वीरांगना झलकारी बाई को अदम्य साहस और वीरता का पर्याय बताया। यहां इस अवसर पर उनके अनुयायियों ने 22 नवंबर व 5 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग भी की। रायबरेली शहर के सारस होटल के समीप स्थापित वीरांगना झलकारी बाई मूर्ति के पास शुक्रवार को वीरांगना झलकारी बाई का 166वां बलिदान दिवस सादगी पूर्ण ढंग से मनाया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर ने कहा कि हमारे समाज की बहन बेटियों को वीरांगना झलकारी बाई के त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने जाति और धर्म से ऊपर उठकर देश एवं समाज की आन मान शान के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने अंग्रेजों से मुकाबला करते हुए अपने पति पूरन कोरी के साथ 5 अप्रैल 1858 को वीरगति को प्राप्त हुई थी। उन्होंने मूर्ति परिसर के सुन्दरीकरण का भरोसा भी दिलाया। इस अवसर पर सामाजिक चिंतक डॉ सुनील दत्त ने वीरांगना झलकारी बाई के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 22 नवंबर 1830 को झांसी से चार कोस दूर भोजला गांव में हुआ था। 1857 के स्वतंत्रता आंदोलन में उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। उन्होंने रानी का भेष धारण कर झांसी और रानी लक्ष्मीबाई के प्राणों की रक्षा की थी तथा अंग्रेजों से लोहा लेते हुए शहीद हो गयी थीं। देश के प्रति उनकी शहादत को देखते हुए 22 नवंबर उनके जन्मदिन एवं 5 अप्रैल बलिदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। उनके जीवन संघर्षों को जूनियर हाई स्कूल स्तर तक के पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाए। प्रदेश के प्रमुख संस्थानों एव चौक चौराहों का नाम वीरांगना झलकारी बाई के नाम पर किया जाए।कार्यक्रम का संचालन वीरांगना झलकारी बाई कल्याण एवं विकास परिषद के अध्यक्ष राम सजीवन धीमान ने किया।

उन्होंने वीरांगना झलकारी बाई के वीरता की कई कहानियां भी सुनाई। इस अवसर पर परिषद के महासचिव गुप्तार वर्मा, समाजसेवी पेरियार वंश बहादुर यादव, विश्व दलित परिषद के अध्यक्ष राजेश कुरील, इंजीनियर एस.के. आर्या एवं रामशरण चौधरी आदि लोगों ने वीरांगना झलकारी बाई के जीवन पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर सरोज अनिल कुमार, श्यामलाल, राकेश कुमार, मनीष कुमार, अमरनाथ, राजाराम विद्यार्थी, जागेश्वर दिवाकर, सूर्यकांत, राजेश राज, डॉ. शिव बहादुर, शिवनारायण सोनकर, राजेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, रामकुमार, मदनलाल, अंबिका प्रसाद, श्री राम, विनोद कुमार वर्मा, विद्यासागर, अमित कुमार, सत्यम कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

महाराजा निषाद राज गुहा एवं महर्षि कश्यप के विचार आज भी प्रासंगिक:इं0 वीरेन्द्र यादव

समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारी घोषित,विश्वास द्विवेदी युवजन सभा के प्रदेश सचिव नामित

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। महाराजा निषाद राज गुहा एवं महर्षि कश्यप की जयंती समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में जिला अध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव ने कहा कि महाराजा निषाद राज गुहा श्रंगवेद प्रयागराज के राजा थे वह सदैव अन्याय एवं शोषण के विरूद्ध लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहे उन्होनें भगवान राम, सीता एवं लक्ष्मण को बनवास के संकट के समय गंगा नदी नाव में बैठा कर पार करवाई उनके कार्य, विचार हमेशा याद किए जाते रहेंगे। महर्षि कश्यप एक वैदिक ऋषि थे उनकी गणना सप्तार्षिगणों में की जाती है इन्हें परमपिता ब्रम्हा का अवतार माना गया है महर्षि ऋषि कश्यप ने समाज के सृजन हेतु संदेश दिया, जिला अध्यक्ष ने कहा दोनों महापुरूषों के जीवन दर्शन से प्रेरणा मिलती है उनके विचार आज भी प्रासंगिक है। पार्टी कार्यालय में समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष शुभम लोहिया के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव एवं

वरिष्ठजनों द्वारा छात्र सभा के नवमनोनीत पदाधिकारियों को माला पहना कर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गये। इस अवसर पर विश्वास द्विवेदी एडवोकेट को समाजवादी युवजन सभा में प्रदेश सचिव का मनोनयन पत्र भी जिला अध्यक्ष द्वारा दिया गया। कार्यक्रम को मुख्य रूप से जिला महासचिव मो0 अरशद खान, पूर्व प्रत्याशी आर0पी0 यादव, लक्ष्मण निषाद, ओ0पी0 यादव, मुशीर अहमद, शिवनारायण सोनकर, राजेन्द्र यादव, दिनेश यादव, सुरतीज सिंह, शिवबरन यादव, रंजीत यादव, योगेश्वर पटेल, आशुतोष कुमार, अरविन्द चौधरी, घनश्याम यादव, राजेश मौर्या, शिव दुलारी यादव, रवीन्द्र सिंह, अखिलेश बबलू, एम0आई0 जावेद, उर्मिला सिंह, संदीप शुक्ला, अभिकल यादव, मो0 अली खान, विनय यादव ने संबोधित करते हुए महापुरूषों को याद किया।

इस अवसर पर हिमांशू यादव, सौरभ मौर्या, सर्वजीत यादव, आदर्श भारती, अशीष यादव, पंकज गौतम, सौरभ यादव, दीपक केशरिया, सचिन यादव, प्रशांत लोहिया, धीरज यादव, विवेक पाण्डेय, रोहित मौर्यद्व शिवम प्रजापति, अमरजीत यादव, आशीष सोनी, अभिषेक यादव, वीरेन्द्र यादव, प्रदुम्न यादव, गौरव, विजय, अशोक यादव, सतीश यादव आदि अनेकों लोग उपस्थित रहे।

पार्टी स्थापना दिवस को लेकर सरेनी विधानसभा भाजपा की बैठक हुई संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक वर्ष 6 अप्रैल को अपना स्थापना दिवस पड़े ही धूमधाम से जनमानस की सहभागिता से मनाती है। इसी परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार को लालगंज के एक उत्सवलान में विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला की अध्यक्षता में लालगंज सरेनी,गेगासो,बेनी माधवगंज और डलमऊ मंडल की बैठक आहूत की गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं के लिए पार्टी का स्थापना दिवस मनाना बड़े ही गौरव और सम्मान की बात है। जनसंघ के बाद पार्टी की स्थापना 1980 में हुई थी। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई, भारत रत्न पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने भाजपा की स्थापना अंत्योदय की सोच को लेकर की थी जिस पर आज पार्टी पूरी तरह से खरी उतर रही है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा समाज के निचले गरीब से गरीब व्यक्ति के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं ।आज जिनका लाभ जनता को सीधे मिल रहा है ।योजनाओं के चलते भाजपा आज जनता के बीच जनमानस की प्रिय पार्टी बन गई है। राज्य मंत्री ने कार्यकर्ताओं से जनमानस से अच्छा व्यवहार और सबका साथ सबका विकास की अवधारणा पर कार्य करने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को रायबरेली में प्रत्याशी पर निर्णय लेने में पसीना छूट रहा है जिससे साफ जाहिर है कि भाजपा रायबरेली जीतने जा रही है।जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर भाजपा का स्थापना दिवस हम सबको मनाना है।इसके अलावा बाइक रैली और पदयात्रा निकालकर सम्मानित जनता से जनसंपर्क करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से केंद्र की सरकार में तीसरी बार पदासीन करने के लिए जनता से आग्रह करना है और 400 के पार के नारे को रायबरेली की जीत के साथ पूरा करना है। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष निखिल पांडे ने भी युवा मोर्चा के चल रहे कार्यक्रमों से सभी को अवगत कराया।लोकसभा सहसंयोजक विजय प्रताप सिंह पप्पू लोहिया कार्यक्रमों की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी। विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी , भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला, अनूप पांडे ,हरिशंकर पांडे,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष निखिल पांडे, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, दिवाकर मिश्रा ,महेंद्र पटेल, जगन्नाथ पांडे ,गोविंद सविता, प्रभारी राधेश्याम पाल,ओमकार यादव , यतिन सिंह चौहान , विकेश द्विवेदी सहित शक्ति केंद्र संयोजक आलोक तिवारी सभासद, राजेश निर्मल, सुनील मिश्रा ,बाबू तिवारी, कशोर द्विवेदी, अभिषेक शुक्ला, संतोष सिंह , केके सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दलित उत्पीड़न एक्ट में मुकदमा दर्ज

महराजगंज रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के पूरे कुटी मजरे थुलवांसा गांव में शराब के नशे में धुत एक युवक ने दलित परिवार को जमकर मारा पीटा व गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी तथा छेड़छाड़ का विरोध करने पर जमकर हंगामा काटा कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर सात लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताते चलें कि कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में वादी पिंटू पुत्र रामआसरे निवासी ग्राम पूरे कुटी मजरे थुलवांसा थाना महराजगंज में दी गई तहरीर में कहा है कि गांव के ही सचिन पुत्र राजेश शिवा पुत्र आशुतोष राकेश पुत्र जागेश्वर बीती रात लगभग 9 बजे आए और गाली गलौज करने लगे मना करने पर लाठी डंडों से मारा पीटा तथा छेड़छाड़ करने लगे मना करने पर जान से मारने की ऐलानियां धमकी देते हुए फरार हो गए। मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धारा 323, 354, 504, 325, 506, व दलित उत्पीड़ एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया वहीं दूसरे पक्ष से सचिन मिश्रा पुत्र ब्रजेन्द्र निवासी ग्राम थुलवांसा ने दी गई तहरीर में कहा है कि पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही संतलाल उर्फ सतोले, मुकेश पुत्र रामकुमार, पेंटर पुत्र रामआसरे, सोनी पुत्री राम कुमार निवासी ग्राम पुरे कुटी मजरे थुलवांसा आए और गाली गलौज करने लगे तथा लाठी डंडों से मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी तथा धारदार हथियार से वार कर दिया जिसमें उक्त प्रार्थी को गंभीर चोटे आई हैं दी गई तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने धारा 323, 308,506 जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। मामले में कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है जिसकी जांच क्षेत्राधिकारी महराजगंज द्वारा की जा रही है।

आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट में रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) ने किया दौरा

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट का शुक्रवार को रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) संजय कुमार पंकज ने दौरा किया। श्री पंकज ने आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ कोच उत्पादन एवं फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण तकनीक का निरीक्षण किया। व्हील फैक्ट्री के अधिकारियों ने कच्चे माल से लेकर फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण के सभी चरणों के बारे में जानकारी दी। वास्तव में

अपर सदस्य का दौरा इस मायने में और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि अभी हाल में फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट का स्वामित्व राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड से रेल मंत्रालय को हस्तांतरित हुआ है। अपर सदस्य ने रेल पहिया की सप्लाई चौन को प्रभावी बनाने के उपायों तथा रेल व्हीलों की गुणवत्ता संबंधित मानकों का निरीक्षण कर आरेडिका के उच्च अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। आरेडिका के व्हील निर्माण से एक ओर फोर्ज्ड व्हीलों के विदेशी आयात से राहत मिलेगी।

आरेडिका फोर्ज्ड व्हीलों का स्वंय उत्पादक एवं भारतीय रेल उपभोगता बनेगी तो इससे अतिरिक्त श्रम एवं समय की बचत होगी। आरेडिका के कर्मचारी यूनियनों एवं एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों ने अपर सदस्य के साथ मुलाकात की एवं कर्मचारी सुविधाओं से संबंधित विचार विमार्श किया। आरसीएफमजदूर संघ अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने कर्मचारियों के हित को लेकर ज्ञापन भी रेलवे बोर्ड के सदस्य को सौपा है।

इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार, पीसीएमई विवेक खरे, एसडीजीएम एवं सीवीओ अकमल वदूद, सीडीई डीके सिंह, व्हील फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी सदानन्द सरकार सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

20 से 25 प्रतिशत महंगी हो गई स्कूलों की कापी-किताबें

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी(प्रयागराज)। नया सत्र शुरू हो चुका है । अभिभावक बच्चों की कापी और किताब खरीदने के लिए भागदौड़ कर रहे हैं । पिछले सत्र की तुलना में कापी- किताब की कीमत में 20 से 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी हैं । यूनिफार्म, जूता, मोजा स्कूल की फीस का बोझ ने भी अभिभावकों को परेशान कर रखा है । दुकानदारों की यह जिद कि किताब और कापी का पूरा सेट बेचेंगे मुश्किल को और बढ़ा रहा है ।

अभिभावक दूसरे बच्चों की पुरानी किताबें नहीं ले पा रहे हैं ।

करीब - करीब सभी कान्वेंट स्कूलों की किताबें खास चिन्हित दुकानों पर ही मिल रही हैं । किताबों के सेट के नाम पर रेफरेंस बुक कापियां जिल्द , वर्क बुक आदि की भी अनिवार्य रूप से बेचा जा रहा है । किसी एक बिषय की किताब मागने पर अभिभावकों को लौटा दिया जाता है ।

या फिर सुबह - शाम में आने को कह दिया जाता है । इस दौड़ भाग से बचने के लिए पूरा सेट लेना लोगों की विवशता है । कुछ दुकानों पर छूट का भी लालच दिया जा रहा है । उसमें जिल्द को मुक्त पेंसिल, कलम, ज्यामिति बाक्स का सेट मुक्त देने की बात कही जा रही है । खास यह है कि अधिकांश किताबें निजी प्रकाशकों की है । जिसका मूल्य अधिक होने के साथ उपलब्धता भी सीमित है ।

केंद्रीय और राज्य विद्यालय न्यू कैट में इन दिनों पुस्तकोपहार कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है । इसमें विद्यार्थी उत्साह दिखा रहे है ।

यह आयोजन अभिभावकों को भी आर्थिक बोझ से बचाने में कारगर साबित हो रहा है ।

विद्यालय के प्रधानाचार्या संगीता कुशवाहा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष इस तरह का प्रयास स्कूल में किया जाता है । क्लास टीचर बच्चों से पुरानी किताब लेकर दूसरे बच्चों को दे देती हैं । कुछ बच्चे अपने स्तर से भी यह लेन - देन कर लेते है । ऐसा करने से अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कम पड़ता है । विद्यालय के प्रबंधक राकेश कुमार कुशवाहा ने बताया कि हम हरियाली को भी बचाने की कोशिश कर रहे हैं । पुरानी किताबों के प्रयोग से कागज की बचत होती हैं । हरे पेड़ से बचाएँ जा सकते है । जो बच्चे किताबों का लेन-देन कर रहे हैं । उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए पर्यावरण मित्र होने का प्रमाणपत्र भी दिया जा रहा है । अब तक करीब दस बच्चों ने गतिविधि में प्रतिभाग किया है । ऐसा कार्यक्रम विद्यालय में आयोजित हो रहा है ।

किताबें अधिक महंगी होने से अभिभावक परेशान

यूपी बोर्ड और सीबीएसई में एनसीईआरटी की किताबें चल रही है । इनमें तमाम जगहों पर निजी प्रकाशकों की किताबें भी पढ़ाई जा रही है । आइसीएसई में आमतौर पर सभी किताबें निजी प्रकाशकों की है । कक्षा एल केजी व एक से आठ तक की पुस्तकें अधिक महंगी है । विभिन्न स्कूलों के किताबों के सेट लगभग आठवीं कक्षा के करीब चार हजार रूपये के है । कक्षा एल केजी से पांचवी तक दो हजार रुपये का है ।

प्राइवेट स्कूलों में बदली कई किताबें

पुरानी किताबों का लेन-देन कई अन्य प्राईवेट स्कूलों में भी विद्यार्थी कर लेते थे । लेकिन पाठ्यक्रम बदल जाने से उनका प्रयोग दोबरा नहीं हो पा रहा है । के, आर , पी इंटर कालेज पटेहरा निजी संस्थान स्कूल के प्रधानाचार्य ने नई शिक्षा नीति के अनुसार किताबें शामिल की गई है । पुस्तकों, कपड़ा, मोजा, ड्रेस, कापी ऊँचे दामों में विद्यालय से क्रय करते हैं । जो किताबें इतनी महंगी है कि सब लोगों को खरीद करना मुश्किल है । जिससे अभिभावक काफी परेशान दिख रहे हैं । ऐसे लेड़ियारी बाजार सहित आसपास के क्षेत्र में परीक्षा संपन्न होने के बाद उन किताबों को जमा कराकर दूसरे बच्चों को नेट दामों में दिया जाता है । जिससे बहुत कम बच्चे किताब खरीद कर पाते है ।

क्या कहते हैं अभिभावक..

मेरे दो बच्चे हैं ।जो कि गांव में प्राइवेट स्कूल के , आर ,पी , पटेहरा कान्वेंट स्कूल में पढ़ रहा है । पाठ्यक्रम में बदलाव के कारण पुरानी किताबें प्रयोग में नहीं ले पा रहे हैं । नई किताबें खरीदना मजबूरी है । कक्षा चार की किताबें का सेट तीन हजार रुपये और कापियां एक हजार रुपये तथा ड्रेस, मोजा, बेल्ट पांच सौ रूपये की खरीदारी पड़ रही है ।

अंतिमा मिश्रा, पटेहरा

मेरा बेटा लेड़ियारी एक निजी स्कूल कक्षा चार मे पढ़ता है । यहां की सभी किताबें स्कूल में मिल रही है । अभी आंधी किताबें ही मिल पाई है । शेष के लिए चक्कर लगा रहे हैं । जबकि कक्षाएं शुरू हो चुकी है ।

सुरेश कुमार कुशवाहा, लेड़ियारी

मेरे दो बच्चे हैं । एक निजी स्कूल में पढ़ते है एक कक्षा पांच दूसरा कक्षा छह मे । किताबों का पब्लिकेशन बदल जाने के कारण दोनों बच्चों के लिए नई किताबें खरीदनी पड़ी पांचवी की किताबें का सेट चार हजार और तीसरे की किताबें तीन हजार रुपये में मिली ।

विष्णु प्रताप सिंह,लेड़ियारी

बेटी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में कक्षा दस में पढ़ती है । उसकी किताबों का सेट 3600 रूपये में खरीदना पड़ा । कापी के पूरे सेट के लिए 1500 रूपये खर्च करने पड़े ।

रमेश केशरी,लेड़ियारी

बीएल एकेडमी डे बोर्डिंग स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न

सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दिया ज्ञान वर्धक संदेश

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। मुखिया नगर स्थित बीएल अकेडमी डे बोर्डिंग स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह हीरोज अमांग अस थीम पर बहुत ही धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक श्री शंभू नाथ तिवारी जी द्वारा दीप प्रज्वलन के कार्यक्रम से हुआ। कार्यक्रम में अनेक प्रकार के सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया। प्रत्येक कार्यक्रम कुछ न कुछ मैसेज से भरा हुआ था । इस कार्यक्रम को प्रस्तुत करने के बाद इस विद्यालय के बच्चों के द्वारा समस्त अभिभावकों को अनेक प्रकार के कार्यक्रमों के द्वारा अलग-अलग संदेश प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रबंधक राज कुमार त्रिपाठी ने कार्यक्रम के माध्यम से ही अपने समस्त अभिभावकों को एक जागरुक होने का संदेश दिया । विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शालिनी त्रिपाठी ने अपने कुशल नेतृत्व की एक छाप छोड़ी। कार्यक्रम की कड़ियों में डॉक्टर थीम , पुलिस एक्ट ,आर्मी बेस , एनिमल सेविंग, ह्यूमैनिटी ,अन्य प्रकार के एक्ट भी कराए गये। कार्यक्रम का संचालन कर रही दिव्या मिश्रा और यशस्वी श्रीवास्तव ने अभिभावकों को बताया कि किस प्रकार से हमें जानवरों की सुरक्षा करनी चाहिए , हमें पुलिस को उनके कार्यों में उनका सहयोग करना चाहिए तथा अन्य सभी को उनके कार्यों के लिए जागरूक होने का संदेश दिया कार्यक्रम की इसी कड़ी में फादर एक्ट में यह बताया गया कि उसकी हमें बच्चों के साथ कैसे व्यवहार करना चाहिए जिससे कि वह कभी भी हतोत्साहित ना हो और हमेशा आगे कार्य करने के लिए उत्साह से भरे रहे। कार्यक्रम को तैयार कराने में यशार्थ दुबे, अंकिता, रेखा ,यासमीन, रमा,सुरेखा, सुभद्रा ,अनीता ,खुशी, हलीमा, शताक्षी ,नमिता ,राखी, अलका ,रेनू, प्रतिभा ,शिवानी, दीपिका ,आयुषी,स्वाती ,श्वेता, आभा, आकांक्षा, तनु ,सीमा श्रीवास्तव ,संध्या , प्रतिमा,सीमा त्रिपाठी ,पुष्पेंद्र दुबे, अवनीश तिवारी आदि का अत्यंत सराहनीय योगदान रहा । कार्यक्रम को डिजिटल रुप प्रदान करने के लिये पीपीटी को तैयार करने में आकाश सर का बहुत ही अभूतपूर्व योगदान रहा। कार्यक्रम के संयोजक के रुप में मनु ,अजय मिश्रा एवं महीप कुशवाहा आदि का अतुलनीय योगदान रहा। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अमित चौबे ,उत्कर्ष तिवारी एवं आर. मिश्रा ने बच्चों के कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि ऐसा कार्यक्रम शायद ही कहीं और संभव हो। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने में मिथिलेश एवं अन्य सभी शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर उनके जीवन को संवारने का लिया हूँ संकल्प- संतोष यादव

नन्हे मुन्ने बच्चों के हौसले को दिया गया पंख, सम्मान पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। इंग्लिश मीडियम शांति पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज रनियाडीह, बसगित, उतरांव, प्रयागराज में होनहार बच्चों को शुक्रवार को मेडल और पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बेटी श्वेता कुशवाहा पुत्री रत्नेश कुशवाहा ग्राम बरौना को टांपर का खिताब दिया गया। विद्यालय के प्रिंसिपल संतोष कुमार यादव ने सम्मान समारोह में हर क्लास के होनहार बच्चों को मेडल ,प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पूरे विद्यालय में टॉपर श्वेता कुशवाहा, सिमरन कुशवाहा, आयत बानो, प्रतीक प्रजापति को विशेष पुरस्कार से नवाजा गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रिंसिपल संतोष कुमार यादव ने कहा कि ग्रामीण अंचल के इस इस विद्यालय में बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर उनके जीवन को संवारने का संकल्प लिया हूँ। विशेष तौर पर गरीब बच्चो को शहरों जैसी अच्छी शिक्षा मिले और कोई भी गरीब बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे यही उनका उद्देश्य है। विद्यालय के प्रबंधक एवं संरक्षक संत लाल यादव ने नन्हे मुन्ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर बच्चों के अभिभावक और विद्यालय परिवार के शिक्षक एवं शिक्षिका मनीष, आर बी, के के, रमाशंकर,कपूर, मनोज,रत्नेश, वृजेश, वसीम, आरती, इकरा, अनामिका, सानिया,राबिया, दिब्या समेत भारी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

देश की तरक्की और सलामती के लिए उठे हजारों हाथ, मुस्तैद रही पुलिस

खीरी (प्रयागराज)। रहमत और बरकत का महीना माह ए रमजान का आखिरी जुमा यानी अलविदा जुमा की नमाज पढ़ी गई। इसको लेकर क्षेत्र के तमाम मस्जिदों मे विशेष तैयारी की गई थी।अलविदा जुमा की नमाज को लेकर रोजेदारों में काफी उत्साह देखने को मिला। बता दे कि सामान्य दिनों में जुमा के नमाज के मुकाबले अलविदा जुमा के नमाज में नमाजियो की भीड़ मस्जिदों में बढ़ जाती है। इसको लेकर मस्जिद कमेटी की ओर से व्यापक व्यवस्था किया गया है। खीरी, इटवा, धारा, लालतारा,लेडीयारी,पौषला सहित अन्य जगहों की मस्जिदों में अलविदा नमाज अदा के लिए भारी भीड़ रही। युवा समाजसेवी व रोजेदार नसीम अहमद ने कहा कि रमजान महीने के आखिरी जुमा को अलविदा या जोमातुलविदा भी कहते है। यू तो इस माह के हर दिन की अहमियत है,लेकिन जुमा को और दिनों का बादशाह कहा जाता है। इसीलिए इसकी अहमियत और बढ़ जाती है। रमजान के आखिरी जुमा की नमाज से रमजान के रुख़सत होने का सन्देश मिलता है। आज सभी नमाजियों द्वारा देश की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई।वहीं दूसरी तरफ भारी भीड़ एवम् उनके सहायता के लिए पुलिस आयुक्त यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडे एवं थानाअध्यक्ष खीरी आशीष सिंह मय फोर्स के साथ मौजूद रहे। तत्पश्चात आयुक्त यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडे खीरी थाना परिसर पहुंच कर औचक निरीक्षण कर थाना परिसर की व्यवथाओ को जाना। साथ ही अभिलेखों की भी जांच की। जिसके बाद हवालात, भोजनालय,तथा कार्यालय का निरीक्षण किया। थाना परिसर की साफ सफाई एवम् रख रखाव व्यवस्था को लेकर पुलिस आयुक्त युमाननगर संतुष्ट नजर आई। आगामी चुनाव को देखते हुए थाना परिसर के आस पास के यूपी एमपी बॉर्डर पर लगे चेकिंग प्वाइंट पर पहुंच निरीक्षण किया और उचित दिशा निर्देश भी दिए।

श्रीकृष्ण कथा श्रवण से ही मानव कल्याण- दयालु जी महाराज

लेड़ियारी(प्रयागराज)। सिलौधी गांव मे कल्याणार्थ हेतु चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन शुक्रवार को बाल लीला व गोवर्धन कथा का वर्णन किया गया । मौजूद लोगों की झूमने पर मजबूर कर दिया । दृश्य को देखने के लिए दूर-दराज से आये । संगीतमय के साथ नृत्य करने वाले कलाकार ने लोगों को नाचने के लिए विवश होना पड़ा । अयोध्या धाम से आये पंडित दयालु जी महाराज ने मौजूद श्राद्धलुओं को श्रीमद् भागवत कथा पर विस्तार से चर्चा करने हेतु बताया कि सभी वेदों उपनिषदों का सार है । श्रीकृष्ण कथा जिसके श्रवण करने मात्र से ही मानव का कल्याण संभव है ।कहा कि किसी प्राणी को यदि सात दिन मे मोक्ष दिलाना है, तो उसे मात्र श्रीमद् भागवत कथा कथा का श्रवण करना चाहिए ।मुख्य यजमान श्री मती चंद्र कला स्व, रामायण प्रसाद उपाध्याय , डा, अमरेद्र तिवारी , प्रमोद कुमार शुक्ला , कृष्ण बिहारी तिवारी , अवधेश कुमार शुक्ला , ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल , सतीश उपाध्याय , पुर्णेन्दु उपाध्याय , अवधेश मिश्रा , रंजय मिश्रा , राजू दुबे , उपमा उपाध्याय , मनोरमा तिवारी , प्रतीभा तिवारी , अंतिमा तिवारी आदि सैकड़ों की संख्या मे मौजूद रहे ।

दो समुदायों के विवाद में एक की मौत, उसकी गांव छावनी में तब्दील

परिजन शव घर पर रख आरोपियों की गिरफ्तारी पर अड़े, जुमे का दिन होने से पुलिस रख रही फूंक फूंक कदम

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। क्षेत्र के उसकी गांव में दो समुदायों के बच्चों का विवाद एक बड़ी घटना की वजह बन गया। बीते फरवरी महीने में शुरू हुए इस झगड़े में तीसरी बार परिजनों के बीच में आने से बीते 26 मार्च को दोनों तरफ से लाठी डंडे व धारदार हथियार चले, जिसमे आधा दर्जन लोग चोटिल हुए थे। विवाद में चोटिल हुए ओम प्रकाश भारती (45) की बीती रात स्वरूपरानी अस्पताल में मौत होने की सूचना पर गांव में तनाव बढ़ गया। एहतियात के तौर पर पूरे गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। देर शाम तक परिजन शव घर पर रखकर आरोपियों की गिरफ्तारी पर अड़े रहे।

क्षेत्र के उसकी गांव में मुस्लिम परिवार और पासी बिरादरी के बीच बीते फरवरी महीने मृतक ओम प्रकाश भारती के पुत्र अमन से गांव के ही दूसरे समुदाय के युवकों से विवाद हो गया था। इस मारपीट में अमन का हाँथ टूट गया था। उस वक्त मृतक ने मेजा थाने में आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस ने बच्चों का विवाद बताकर इस प्रकरण को गम्भीरता से नही लिया। इस घटना के बाद दोनों ओर खुन्नस बनी रही और आए दिन किचकिच और देख लेने की धमकी मिलती रही। इसी विवाद को लेकर बीते 26 मार्च को युवाओं में बात बढ़ी और दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। एक समुदाय के कुछ युवक अमन को पीटने लगे,जिसके बचाव के लिए पहुँचे उसके पिता ओमप्रकाश (45) से भी दूसरे पक्ष के लोग भिड गए।

उक्त विवाद दूसरे समुदाय के टोले में हुआ था, जाहिर है कि वहाँ लोग इकठ्ठे रहे। बताया गया कि ओमप्रकाश ने जब बेटे के साथ मारपीट का विरोध किया तो आधा दर्जन लोग लाठी, डंडे और कंटवासा लेकर टूट पड़े और मरणासन्न करके छोड़ दिया।

उसके सिर में धारदार हथियार से गम्भीर चोट पहुंचाई गई जिस वजह से वह जमीन पर तड़पता रहा। चीख पुकार पर पासी परिवार के लोग एक एक कर पहुंचे और दूसरे पक्ष के लोगों ने घेरकर उनकी पिटाई करते रहे।किसी की सूचना पर पुलिस टीम पहुंचने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस घायलों को इलाज के लिए सीएचसी मेजा ले गयी,जहाँ डॉक्टरों ने ओम प्रकाश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था।

इलाज के दौरान बीती रात ओम प्रकाश की मौत हो गयी।पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार शाम पुलिस मृतक का शव लेकर मृतक के घर पहुँची।मौत से पासी समाज वेहद गुस्से में देखा गया। देर शाम तक मृतक का शव दरवाजे पर मौजूद रहा और पीड़ित परिवार न्याय और सजा की मांग को लेकर अड़ा रहा। माहौल बिगड़ते देख थाना प्रभारी ने और फोर्स की मांग की।शाम साढ़े 6 बजे के करीब एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचे। उनके साथ सर्किल के थानों की फोर्स के साथ एलआईयू टीम भी मौजूद थी।

मृतक के भतीजे सत्य आकाश भारती ने इस घटना की प्राथमिकी मेजा थाने में बीते 26 मार्च को दर्ज कराई थी जिसमे साहिल खान, इमरान, मुमताज, दीवान और शेबू को नामजद किया है। इसमे दो आरोपियों साहिल खान, दीवान खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था,शेष तीन की तलाश जारी है।

फाइल फोटो

लापरवाह पुलिस के खिलाफ, लगे मुर्दाबाद के नारे

ओम प्रकाश की मौत की खबर से मेजा पुलिस के हाँथ पांव फूल गए।स्वरूपरानी अस्पताल में बीती रात हुई इस मौत को पुलिस छिपाती रही। जुमे की नमाज की वजह से पुलिस शव को गांव लाने से कतरा रही थी। शाम करीब 4 बजे शव पहुँचा तो भारी भीड़ जमा हो गयी। भीड़ पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगा रही थी।मामले की संवेदनशीलता को देखते गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया। मृतक जलनिगम विभाग में ट्यूबवेल ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था।

कामयाबी:एसटीएफ और सरायइनायत पुलिस की संयुक्त टीम ने इनामी बदमाश किया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

हनुमानगंज ,प्रयागराज। सरायइनायत पुलिस और एस टी एफ की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को कसेरुआ कला गांव के समीप स्थित नहर पर लूट के वांछित अभियुक्त व 15000 रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए वांछित अभियुक्त के पास से पुलिस ने लूट के रुपए और एक अदद तमंचा व कारतूस बरामद किया है। लिखा पढ़ी के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। बताया जाता है कि थाना सरायइनाइत में पंजीकृत मु0अ0सं0-19/24 धारा-392 भा0द0सं0 से सम्बन्धित 15 हजार रूपये का इनामिया वांछित अभियुक्त शोभित सिंह उर्फ राज पुत्र विनोद सिंह निवासी सेमरा थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सरायइनायत व एस टी एफ प्रयागराज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत कसेरूआ कला नहर पुलिया के पास से मुकदमा उपरोक्त में लूट के 4150 रूपये तथा 01 अवैध तमंचा .315 बोर व 01 कारतूस .315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया । पुलिस ने गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-411 भा0द0सं0 की बढ़ोत्तरी की गयी तथा थाना सरायइनायत पर मु0अ0सं0-82/24 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

पुलिस ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त शोभित सिंह उर्फ राज पुत्र विनोद सिंह निवासी सेमरा के विरुद्ध मु0अ0सं0-82/24 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट थाना सरायइनायत, मु0अ0सं0-326/21 धारा-302/34/323/504 भा0द0सं0 व 3(2) वी एस सी/एस टी एक्ट थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज, मु0अ0सं0-631/2023 धारा-395/412 भ0द0सं0 थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर, (पुरस्कार घोषित 15 हजार रूपयें), मु0अ0सं0-19/24 धारा-392 भा0द0सं0 व बढ़ोत्तरी धारा-411 भा0द0सं0 थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज , मु0अ0सं0-82/24 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में नि0 अनिल कुमार सिंह, एस0टी0एफ0 इकाई, प्रशि0उ0नि0 आयुष सिंह, हे0का0 शमीम खान, हे0का0 उदय प्रदाप सिंह, एस0टी0एफ0 इकाई,बीहे0का0 सोनू यादव, एस0टी0एफ0 इकाई,बीहे0का0 अजय कुमार यादव, हे0का0 सुनील कुमार, हे0का0 प्रभन्जन पाण्डेय शामिल रहे।

मतदाता जागरूकता हेतु निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन

प्रयागराज। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत लोगो को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के तहत जनपद में शुक्रवार को मतदाता पंजीकरण, मतदाता जागरूकता एवं आगामी 25 मई, 2024 को लोकतंत्र के महापर्व के अवसर पर शत-प्रतिशत मतदान किये जाने के दृष्टिगत लोगो को जागरूक किए जाने हेतु मेवालाल अयोध्या प्रसाद इण्टर कालेज सोरांव, मोतीलाल नेहरू इण्टर कालेज जमुनीपुर, पण्डित हनुमतदत्त त्रिपाठी इण्टर कालेज इस्माइलगंज सोरांव सहित कई अन्य विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसके अतिरिक्त भारत स्काउट और गाइड प्रशिक्षण केन्द्र मम्फोर्डगंज में 7 दिवसीय एडवांस स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन शिविर संचालन के तीसरे दिवस पर जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0 सिंह के द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी गयी। इसके साथ-साथ राजकीय पाण्डुलिपि पुस्तकालय संस्कृति विभाग एवं स्वीप प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राजकीय पाण्डुलिपि पुस्तकालय प्रयागराज कार्यालय में किया गया, जिसमें क्षेत्रीय अभिलेखागार तथा अन्य विद्यालय के प्रवक्ताबंधु एवं आमजन सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया तथा लोगो से अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने के लिए जागरूक किया गया।

अलविदा की नमाज: मस्जिदों के बाहर रही कड़ी सुरक्षा

तैनात रहे आर ए एफ और पीएसी के जवान, पुलिस के आला अधिकारियों ने गड़ाई रही नजर

प्रयागराज। रमजान में पड़ने वाला आखिरी जुमा शुक्रवार यानि अलविदा की नमाज को लेकर शहर में कड़े सुरक्षा के इंतजाम किए गए। मस्जिदों में नमाजियों की अधिक भीड़ को देखते हुए खास इंतजाम किए गए हैं। पुराने शहर में सुरक्षा को लेकर पुलिस, पीएसी आग आरएएफ की तैनाती पहले से ही कर दी गई है। चौक जामा मस्जिद शिया जामा मस्जिद चक समेत शहर के तमाम मस्जिदों के बाहर फोर्स की कड़ी तैनाती की गई है। सभी मस्जिदों में शांति पूर्वक नमाज अदा की गई। अलविदा भी नमाज को लेकर मस्जिदों के आसपास के पार्क, खाली मैदान, गेस्ट हाउसमें नमाज पढ़ने का इंतजाम कराया गया। मस्जिद कमेटी और इमाम ने खुद इस बात के लिए अपील की कि सड़क पर नमाज न अदा करें। जौहर की नमाज की तरह अलविदा की नमाज के लिए मस्जिद में अलग-अलग समय तय किया गया। दोपहर 12.50 बजे नमाज शुरू हुई। नमाज के मद्देनजर पूरे शहर में हाई अलर्ट भी जारी किया गया था। शहर के चौक, घंटाघर, करेली अटाला, रसूलपुर, रोशनबाग, नुरुल्लाह रोड, अकबरपुर, नखास कोना, रानी मंडी, दरियाबाद, बहादुरगंज, शाहगंज, सब्जी मंडी, सेवई मंडी, चकिया, धूमनगंज कसारी मसारी, जानसेंगंज, सिविल लाइन, कटरा समेत तमाम इलाकों में सुबह से ही नमाजियों का आना जाना शुरू हो गया। चौक स्थित जामा मस्जिद पर अलविदा की नमाज में हजारों नमाजी पहुंचे।

बता दें कि पहले मस्जिद के सामने ही टेंट लगाकर सड़क पर हजारों लोग नमाज अदा करते थे। शहर के लोग वहां इकट्ठा होते थे। इसके बाद शहर काजी दुआ करते थे। पिछले कई सालों से चौक समेत अन्य इलाकों में सड़क पर नमाज करने को लेकर पाबंदी लगा दी गई। अब जामा मस्जिद में सीमित दायरे में ही लोग नमाज अदा करेंगे।

शुआट्स वैज्ञानिकों ने दी किसानों को सलाह

नैनी(प्रयागराज)। सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में चल रहे ग्रामीण कृषि मौसम सेवान्तर्गत भारत सरकार से प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार वैज्ञानिकों ने कृषकों को सलाह दी है कि मूंग की सम्पूर्ण उ.प्र. हेतु अधिक उपज वाली व पीला मोजैक अवरोधी संस्तुत किस्मों यथा सम्राट (पी.डी.एम. -139) तथा एच.यू.एम.-16 (मालवीय जन कल्याण) की बुवाई अभी भी की जा सकती है। अप्रैल के दूसरे सप्ताह के उपरांत वर्षा की संभावना होने के कारण गेहूँ की कटाई फिजियोलाजिकल मेच्योरिटी (पौधे के पीले एवं बाली के सुनहरे पीले होने) पर करके यथाशीघ्र मड़ाई कर सुरक्षित स्थान पर भण्डारित कर लें।पेड़ी प्रबंधन हेतु रेटून मैनेजमेंट डिवाइस द्वारा ठूठों की छटाई के बाद सिंचाई कर दें। तत्पश्चात पर्याप्त नमी की दशा में उर्वरकों का प्रयोग करें।पशुओं में खुरपका एवं मुंहपका बीमारी (एफ.एम.डी.) एवं पी.पी.आर. बीमारी का टीकाकरण कराया जा रहा है, यह सुवि पशुचिकित्सालयों पर निःशुल्क उपलब्ध है। दुधारू पशुओं को थनैला रोग से बचाने के लिये पूरा दूध निकालें और दूध दोहन के बाद थनों को कीटाणुनाशक घोल से साफ करें तथा बैठने न दें। वर्तमान में अधिक तापमान के दृष्टिगत मत्स्य पालन तालाबों में 5.5-6 फुट तक पानी बनाये रखें। तालाब का चुनाव करने का उचित समय है अतः जिन तालाबों में गर्मी में 1 से 2 फीट पानी बना रहे उन्ही तालाबों का चुना करें। मत्स्य पालन हेतु 0.2 हे. से 5 हे. तक के तालाबों का चयन किया जाय। तालाबों के लिए जल की आपूर्ति का साधन चाहिए जिससे तालाबों में वर्ष भर एक से दो मीटर पानी सुनिश्चित किया जासके 3. जो तालाब सूख गये है उनकी जुताई कर लें। खैर, आंवला, अर्जुन के बीजों की बुआई यदि अभी तक पूरी न की गई हो तो अंकुरण कक्ष में तुरन्त पूर्ण कर लें। आवश्यकतानुसार पौधों की सिंचाई करें।

जेल से मनीष सिसोदिया ने अपने समर्थकों को लिखी चिट्ठी, कहा-जल्द बाहर आऊंगा

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली आबकारी नीति मामले में सलाखों के पीछे बंद आप नेता मनीष सिसोदिया ने जेल से चिट्ठी लिखी है। उन्होंने यह चिट्ठी ऐसे समय में लिखी है, जब मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पूरे देश में आप का बीजेपी के खिलाफ हल्ला बोल जारी है।सिसोदिया ने जेल से लिखी अपनी चिट्ठी में एक या दो नहीं, बल्कि अनेकों मुद्दों का जिक्र किया है। इसके अलावा उन्होंने जल्द ही जेल से बाहर आने का भी भरोसा अपने समर्थकों को दिया है।सिसोदिया ने चिट्ठी में लिखा है, जल्द ही बाहर मिलेंगे। शिक्षा क्रांति जिंदाबाद। पिछले एक साल में मुझे आप सभी की याद आई। सब ने बहुत ईमानदारी से काम किया है। जैसे आजादी के समय सबने लड़ाई लड़ी, वैसे ही हम अच्छी शिक्षा और स्कूल के लिए लड़ रहे हैं। अंग्रेजों की तानाशाही के बाद भी आजादी का सपना सच हुआ। वैसे ही एक दिन हर बच्चे को सही और अच्छी शिक्षा मिलेगी।उन्होंने आगे अपने पत्र में कहा, अंग्रेजों को भी अपनी सत्ता का बहुत घमंड था। अंग्रेज भी झूठे आरोप लगाकर लोगों को जेल में बंद करते थे। अंग्रेजों ने कई सालों तक गांधी को जेल में रखा। अंग्रेजों ने नेल्सन मंडेला को भी जेल में डाला। ये लोग मेरी प्रेरणा हैं और आप सब मेरी ताकत। विकसित देश होने के लिए अच्छी शिक्षा, स्कूल का होना जरूरी है। मुझे खुशी है अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में दिल्ली में शिक्षा क्रांति आई। अब पंजाब शिक्षा क्रांति की खबर पढ़कर सुकून मिलता है।वहीं, आप नेता ने पत्र0 के अंत में भावुक होकर अपने समर्थकों का दिल जीतने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा, अब पंजाब शिक्षा क्रांति की खबर पढ़कर सुकून मिलता है। जेल में रहकर मेरा प्यार आप लोगों के लिए और बढ़ा। मेरी पत्नी का आप लोगों ने बहुत ध्यान रखा। सीमा आपकी, सबकी बात करते हुए भावुक हो जाती है। आप सब अपना ख्याल रखिए।मनीष सिसोदिया को 26 फरवरी 2023 को दिल्ली शराब घोटाला मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। उन्हें एक साल से ज्यादा समय जेल में हो गए।

साजिश के तहत हुई है केजरीवाल की गिरफ्तारी : संजय सिंह

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में शुक्रवार को कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी एक साजिश के तहत हुई है। उन्होंने आम आदमी पार्टी के उन आरोपों को दोहराया जिनमें कहा जा रहा है कि ईडी ने दबाव डालकर कुछ आरोपियों से केजरीवाल के खिलाफ बयान दिलवाया और फिर उन्हें राहत दे दी।संजय सिंह ने कहा कि मंगुटा रेड्डी और उनके बेटे राघव रेड्डी पर ईडी ने दबाव डालकर अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बयान दिलवाया गया और साजिश के तहत दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया।उन्होंने यह भी आरोप दोहराया कि शरत रेड्डी पर भी ईडी ने दबाव डालकर केजरीवाल के खिलाफ बयान लिया।उन्होंने कहा कि बाद में रेड्डी से भाजपा ने 55 करोड़ रुपए का चंदा लिया।सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद बुधवार शाम संजय सिंह की तिहाड़ जेल से रिहाई हुई। संजय सिंह करीब छह महीने जेल में थे।संजय सिंह ने कहा, असली बात यह है कि शराब घोटाला भाजपा ने किया है और ईडी की जांच के बाद शुरू हुआ है। दिल्ली के मुख्यमंत्री के खिलाफ ऐसे बयान छिपा लिए गए जो उनके खिलाफ नहीं थे। दबाव डालकर जो बयान दिए गए उन्हें गिरफ्तारी का आधार बनाया गया। मैं इस देश की जनता से कहना चाहता हूं कि आपका मुख्यमंत्री और आपका बेटा सौ फीसदी ईमानदारी से जीवन जीया है।

घूस लेकर वीजा दिलाने के मामले में कार्ति चिदम्बरम को छोड़ अन्य आरोपितों को अंतरिम जमानत

मामले की अगली सुनवाई 2 मई को करने का आदेश

नई दिल्ली, (हि.स.)। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने चीनी नागरिकों को वीजा दिलवाने के एवज में रिश्वत लेने के मामले में पी चिदंबरम के पुत्र कार्ति चिदंबरम को छोड़ कर बाकी आरोपितों को अंतरिम जमानत दे दी है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मामले की अगली सुनवाई 2 मई को करने का आदेश दिया।कार्ति चिदंबरम आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए। उनकी ओर से पेश वकील ने कोर्ट से कहा कि उन्हें हाई कोर्ट से संरक्षण मिल चुका है। उसके बाद कोर्ट ने बाकी आरोपितों को एक-एक लाख रुपये के मुचलके पर अंतरिम जमानत देने का आदेश दिया।कोर्ट ने 19 मार्च को ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। इस मामले में ईडी ने कार्ति चिदंबरम, उनके पूर्व चार्टर्ड अकाउंटेंट एस भास्कर रमन, पदम दुगार, दुगार हाउसिंग लिमिटेड, विकास मखरिया, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और मंसूर सिद्दिकी के खिलाफ 25 जनवरी को चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले में सीबीआई ने मई 2022 में पी चिदंबरम के आवास पर छापा मारा था। सीबीआई के केस दर्ज करने के बाद ईडी ने केस दर्ज किया था।सीबीआई के मुताबिक 14 मई, 2022 को पी चिदंबरम के आवास पर तलाशी के बाद मामला दर्ज किया गया था। कार्ति चिदंबरम पर आरोप है कि वो 2011 में 50 लाख रुपये की रिश्वत लेकर 263 चीनी नागरिकों को वीजा की सुविधा प्रदान कर रहे थे। सीबीआई ने भास्कर रमन को 18 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के मुताबिक तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) ने बेल टूल्स लिमिटेड को 50 लाख की राशि का भुगतान किया, जिसने इसे चीनी वीजा के लिए रिश्वत के रूप में एस भास्कर रमन को दिया था। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने भास्कर रमन को 9 जून 2022 को जमानत दी थी।

सूफी संत की अस्थियों को बांग्लादेश से भारत लाने की याचिका खारिज, शीर्ष अदालत ने कहा- यह हमारा अधिकार नहीं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सूफी संत हजरत शाह मुहम्मद अब्दुल मुक्तादिर शाह मसूद अहमद की अस्थियों को बांग्लादेश से भारत लाने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी। दरअसल, कोर्ट का मानना है कि सूफी संत पाकिस्तानी नागरिक हैं, इसलिए उनकी अस्थियों को देश में लाने की मांग करने का अधिकार नहीं है।

संवैधानिक रूप से अधिकार नहीं

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि सूफी संत के पाकिस्तानी नागरिक होने के नाते उनकी अस्थियों को लाने की मांग करने का संवैधानिक रूप से अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा, 'वह पाकिस्तान के नागरिक हैं। ऐसे में आप कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि भारत उनकी अस्थियों को देश में दफनाएगा?'

याचिकाकर्ता की दलील

सुप्रीम कोर्ट में दरगाह हजरत मुल्ला सैयद ने याचिका दायर की थी। उनके वकील ने शीर्ष अदालत से कहा कि संत का पाकिस्तान में कोई परिवार नहीं है, जबकि उत्तर प्रदेश में दरगाह पर वह सज्जादा-नशीन (आध्यात्मिक प्रमुख) थे। साथ ही यह भी बताया कि संत का जन्म इलाहाबाद, जिसका नाम अब प्रयागराज है, में हुआ था। उसके बाद वह पाकिस्तान चले गए थे। सन् 1992 में उन्हें पाकिस्तान की नागरिकता मिली थी। प्रयागराज में दरगाह हजरत मुल्ला सैयद मोहम्मद शाह के सज्जादा नशीन के रूप में उन्हें साल 2008 में चुना गया था। उन्होंने 2021 में मंदिर में दफनाए जाने की इच्छा व्यक्त कर अपनी वसीयत की थी। ढाका में उनकी मृत्यु हो गई, जहां उन्हें दफनाया गया था।

अदालत ने यह कहा

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा वाली पीठ ने कहा, 'हजरत शाह एक पाकिस्तानी नागरिक हैं। इसलिए उनका कोई संवैधानिक अधिकार नहीं है। वहीं सिद्धांत के तौर पर यह अदालत सही नहीं है कि वह किसी विदेशी राज्य के नागरिक की अस्थियों को भारत ले आने का निर्देश दे।'

'पासपोर्ट सेवा, खाड़ी देशों से अच्छे रिश्ते...', प्रचार के दौरान जयशंकर ने गिनाईं BJP नेता की खासियतें

तिरुवनंतपुरम। अटिंगल लोकसभा क्षेत्र से सियासी धुरंधरों के ताल ठोकने से मुकाबला त्रिकोणीय और दिलचस्प हो गया है। इस सीट पर भाजपा की ओर से केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन को चुनावी मैदान में उतारा गया है। वह इस क्षेत्र में अपनी जीत के लिए चुनावी अभियान की शुरुआत कर चुके हैं। इस बीच, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर भी भाजपा उम्मीदवार को समर्थन देने के लिए यहां पहुंचे।

चुनाव अभियान में बोलते हुए जयशंकर ने कहा, 'वी मुरलीधरन और मैंने पिछले पांच वर्षों में बहुत करीब से काम किया है। आज मैं उनके बारे में तीन बातें कहना चाहता हूं। सबसे पहली बात यह है कि वह बहुत ही जन-केंद्रित व्यक्ति हैं। दूसरा यह देश में पासपोर्ट सेवाओं में सुधार लाने का सीधा श्रेय उनको जाता है। तीसरा उन्हें खाड़ी में पीएम मोदी के प्रतिनिधि के रूप में जाना जाता है। उनकी वजह से ही खाड़ी, खासकर यूएई के साथ संबंध काफी बेहतर हुए हैं। हम उन्हें केरल की आवाज के रूप में संसद में वापस चाहते हैं।'

वहीं, पत्रकारों से विदेश मंत्री ने कहा, 'मैं मुरलीधरन के लिए बहुत समर्थन और उत्साह देख सकता हूं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। मैं उनकी जीत को लेकर बहुत आश्वस्त हूं। मैं उन्हें लोकसभा में देखने के लिए उत्सुक हूं। केरल से वी. मुरलीधरन, राजीव चंद्रशेखर, अनिल एंटनी और सुरेश गोपी जैसे लोगों को संसद में होना चाहिए।'

बेतुके आरोपों के लिए प्रसिद्ध वामपंथी

फिल्म 'केरल स्टोरी' के प्रसारण पर मुरलीधरन ने कहा, 'केरल स्टोरी एक ऐसी फिल्म है जिसे सेंसर बोर्ड द्वारा अनुमति दी गई थी और यह कला व कलात्मक अभिव्यक्ति का एक हिस्सा है।

'दिल्ली में खोलनी थी पाठशाला, लेकिन आप ने खोलना शुरू कर दिया मधुशाला'

नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाला मामले को लेकर सियासी घमासान जारी है। आम आदमी पार्टी और भाजपा के नेता एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करने में लगे हैं। भाजपा नेता मनोज तिवारी ने कहा कि मेरा मानना है कि अरविंद केजरीवाल इस पूरे शराब घोटाले के किंगपिंग हैं। केस चल रहा है और कोर्ट ने भी उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाने से मना किया। यह कानूनी प्रक्रिया है और जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है वो बच नहीं सकता।

दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा के साथ दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, 'दिल्ली में खोलनी थी पाठशाला, लेकिन तुमने खोलना शुरू कर दिया मधुशाला। ऐसा लगता है कि भाजपा को दिल्ली के शराब घोटाले पर श्वेत पत्र लाना होगा और मुझे विश्वास है कि हम सब कुछ बिल्कुल स्पष्ट करने के लिए ऐसा करेंगे। सबसे पहले, उन्होंने दिल्ली को लूटा और फिर सरकारी फंड से शराब नीति का मामला लड़ने के लिए लगभग 25 करोड़ रुपये खर्च किए। इसके लिए उन्हें 100 करोड़ रुपये और चाहिए।'

भाजपा सांसद मनोज तिवारी पर आप नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज का कहना है, "मनोज तिवारी का एक गाना है जिसमें दिखाया गया है कि वे एक शराब की बोतल सिर पर रखकर एक लड़की के पीछे घूम रहे हैं, नशे में झूम रहे हैं। मेरा मानना है कि ऐसा नहीं है सिर्फ एक सांसद को ही नहीं एक आम व्यक्ति को ऐसे गाने नहीं करने चाहिए। क्योंकि इससे एक युवा शराब पीने के लिए उत्साहित होता है और एक महिला की छवि भी खराब होती है। आज वह व्यक्ति (मनोज तिवारी) उपदेश दे रहा है, यह बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता।'

अलीबाग का नाम बदलने की मांग, स्पीकर ने सरकार से इस नायक के नाम पर रखने की अपील की

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने राज्य सरकार से अपील की है कि वे अलीबाग के नाम को बदलकर मयनाक भंडारी की याद में मयनाकनगरी करे। मयनाक भंडारी ने छत्रपति शिवाजी महाराज की नौसेना की कमान संभाली थी और मराठा नौसेना को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई थी। मुंबई का तटीय शहर अलीबाग एक प्रमुख पर्यटन स्थल है और राज्य के रायगढ़ जिले के तहत आने वाली एक नगर परिषद है।

हाल ही में ऑल इंडिया भंडारी फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने राहुल नार्वेकर से मुलाकात की थी। इसी मुलाकात में फेडरेशन ने अलीबाग का नाम बदलकर मयनाकनगरी करने की मांग की थी। नार्वेकर ने गुरुवार को सीएम एकनाथ शिंदे को पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने लिखा कि मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज के समय में विदेशी आक्रमण को रोकने के लिए समुद्री सुरक्षा और नौसैन्य ताकत बेहद अहम थी।

कौन थे मयनाक भंडारी

राहुल नार्वेकर ने लिखा कि शिवाजी महाराज ने एक मजबूत नौसेना की नींव रखी, जिसका कोंकण क्षेत्र में मयनाक भंडारी ने नेतृत्व किया था। मयनाक भंडारी की नेतृत्व कुशलता और बहादुरी के चलते ही अंग्रेजों को अलीबाग में खंदेरी के किले से पीछे हटना पड़ा था। स्पीकर नार्वेकर ने ये भी मांग की कि अलीबाग में मयनाक भंडारी की प्रतिमा भी लगाई जानी चाहिए। स्पीकर ने कहा कि ऑल इंडिया भंडारी फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने यह मांग की, जिसका नेतृत्व नवीनचंद्र बंडीवडेकर ने किया। स्पीकर ने पत्र में लिखा कि 'यह मांग जायज है और मैं सरकार से अपील करता हूं कि वह इस पर विचार करे।'

चुनाव आयोग ने आतिशी को भेजा नोटिस, 8 अप्रैल तक मांगा जवाब, आप मंत्री ने उठाया यह सवाल

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चौंकाने वाला दावा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के एक नेता ने उनके करीबी से संपर्क साधा है। उनको बोला है कि आतिशी को अपना करियर बचा के रखना है तो वह जल्द भाजपा में शामिल हो जाएं। आप मंत्री के आरोपों पर चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया है और आतिशी को एक नोटिस भेजा है। आतिशी को सोमवार यानी 8 अप्रैल तो दोपहर तक जवाब देने के लिए कहा है। इससे पहले भाजपा ने आतिशी को मानहानि का नोटिस भेजा था।

आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, '4 अप्रैल को भाजपा ने मेरी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। 5 अप्रैल को सुबह 11:15 बजे न्यूज चैनलों पर फ्लैश हुआ कि आतिशी को नोटिस भेजा गया है, लेकिन खबर के आधे घंटे बाद मुझे मेल पर नोटिस मिला। इसका मतलब यह है कि भाजपा पहले चुनाव आयोग का नोटिस मीडिया में प्रसारित करती है और उसके बाद मुझे नोटिस मिलता है। मेरा सवाल यह है कि क्या चुनाव आयोग भाजपा का अनुषांगिक संगठन बन गया है।

आतिशी ने भाजपा पर लगाया था यह आरोप

आतिशी ने आरोप लगाया कि उन्हें भाजपा में शामिल होने का ऑफर आया है। करीबी व्यक्ति के माध्यम से उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया है। उन्हें कहा गया है कि भाजपा में शामिल होकर राजनीतिक करिअर बचा लो, अन्यथा महीने भर में ईडी गिरफ्तार कर लेगी। कुछ दिनों में उनके आवास, रिश्तेदारों व परिवार वालों के घर रेड होगी और समन भेजे जाएंगे। आतिशी ने दावा करते हुए कहा कि ईडी मेरे घर पर छापेमारी कर सकती है और आने वाले दिनों में मुझे भी जेल में डाला जा सकता है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि सौरभ और राघव चड्ढा को भी गिरफ्तार किया जा सकता है। आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल अपना इस्तीफा नहीं देंगे।

आतिशी ने आगे कहा है कि भाजपा के एक नेता ने उनके करीबी को बोला है कि भाजपा में शामिल हो जाएं, अन्यथा उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा। उन्हें मालूम हुआ कि भाजपा आम आदमी पार्टी को कुचलना चाहती है। इस कड़ी में उनके साथ-साथ सौरव भारद्वाज, राघव चड्ढा और दुर्गेश पाठक को जल्दी ही गिरफ्तार किया जाएगा। उनके घरों पर भी रेड की जाएगी और फिर समन भेज कर तलब किया जाएगा। उस दौरान उन्हें गिरफ्तार करने की योजना है।

55 करोड़ की जायदाद, नौ मामलों में अपराधी, कांग्रेस MP थरूर ने नामांकन पत्र में दिया संपत्ति का ब्योरा

तिरुवनंतपुरम। तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट से लगातार चौथी बार जीत हासिल करने की उम्मीद कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अपने नामांकन पत्र में 55 करोड़ से अधिक की संपत्ति घोषित की है। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2022-2023 के लिए कुल 4.32 करोड़ रुपये की आय घोषित की है।

नामांकन पत्र के साथ दाखिल हलफनामे में कांग्रेस नेता शशि थरूर ने अपनी संपत्ति और देनदारियों का विवरण दिया। उन्होंने बताया कि उनके पास 49 करोड़ की चल संपत्ति है, जिसमें 19 बैंक खातों में अलग-अलग जमा राशि, निवेश, बॉन्ड, डिबेंचर और म्यूचुअल फंड शामिल है। हलफनाफे में उनकी चल संपत्ति में 32 लाख कीमत की 534 ग्राम सोना और 36,000 नकद का भी जिक्र है।

थरूर के पास 6.75 करोड़ की अचल संपत्ति भी है, जिसमें विरासत में मिला एक-चौथाई हिस्सा (जिसकी कीमत आज के जमाने में 1.56 लाख है), तिरुवनंतपुरम में खुद की खरीदी हुई 10.47 एकड़ जमीन (जिसकी कीमत अब 6.20 करोड़ है) और राज्य की राजधानी में उनका आवास (जिसकी कीमत 52 लाख है) शामिल है। कांग्रेस सांसद के पास दो कार मारुति सियाज और मारुति एक्सएल 6 भी है।

शशि थरूर ने अमेरिका के फ्लेचर स्कूल ऑफ लॉ एंड डिप्लोमेसी से कानून और कूटनीति की पढ़ाई पूरी की थी। इसके अलावा उन्होंने अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ पगेट से अंतरराष्ट्रीय मामलों में डॉक्टर की उपाधि हासिल की। कांग्रेस सांसद को देशभर में नौ मामलों में अपराधी के रूप में नामित किया गया है। उनके खिलाफ ज्यादातर एफआईआर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने के लिए और केरल में एक एफआईआर गैरकानूनी सभा और दंगा फैलाने के लिए दर्ज है।

एक सीट पर दो भाइयों में मुकाबला, राजनेता पिता ने चुनाव प्रचार से ही किया इनकार

भुवनेश्वर। ओडिशा में लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा के लिए भी वोट डाले जाएंगे। राज्य के गंजम जिले की एक सीट पर काफी रोचक मुकाबला देखने को मिल रहा है। दरअसल इस सीट पर दो सगे भाई ही आमने-सामने हैं। गंजम जिले की चिकिती सीट पर ओडिशा विधानसभा के पूर्व स्पीकर चिंतामनि देन सामंतरे के बेटे चुनाव मैदान में हैं। चिकिती में भाजपा ने यहां मनोरंजन देन सामंतरे को टिकट दिया है। वहीं कांग्रेस ने बड़े भाई रविंद्रनाथ देन सामंतरे को मैदान में उतारा है।

पिता रहे हैं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता

चिंतामनी देन सामंतरे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और वह चिकिती सीट से तीन बार विधायक रह चुके हैं। दो बार वे निर्दलीय और एक बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीत चुके हैं। मनोरंजन इससे पहले भी दो बार यहां से विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं, एक बार 2014 में वे कांग्रेस के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे तो दूसरी बार 2019 में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े, लेकिन दोनों बार मनोरंजन को हार का सामना करना पड़ा। अब एक बार फिर मनोरंजन भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन इस बार उनके बड़े भाई रविंद्रनाथ भी कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं, जिससे यहां लड़ाई रोचक हो गई है।

यह भाइयों की नहीं विचारधारा की लड़ाई

रविंद्रनाथ का कहना है कि पिता के समय से ही मैं राजनीति में सक्रिय हूं और इसी वजह से पार्टी ने मुझे टिकट दिया। यह दो विचारधाराओं की लड़ाई है न कि दो भाइयों की लड़ाई। वहीं दोनों बेटों के चुनाव लड़ने पर चिंतामनी देन सामंतरे ने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए किसी के लिए भी चुनाव प्रचार करने से इनकार कर दिया है। हालांकि उन्होंने कहा कि वह एक कांग्रेसी हैं और भाजपा की नीतियों का विरोध करेंगे। बेटे के भाजपा से चुनाव लड़ने पर चिंतामनी सामंतरे ने कहा कि यह उसका अपना फैसला है। लोकतंत्र में हम अपना फैसला किसी पर थोप नहीं सकते हैं।

चाची-भतीजे में भी मुकाबला

ओडिशा की नबरंगपुर सीट पर भी ऐसा ही मुकाबला देखने को मिल रहा है, जहां चाची और भतीजे में लड़ाई है। चाची कौशल्या प्रधान बीजद के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। वहीं भतीजा दिलीप कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहा है। दिलीप ने कहा कि यह दो पार्टियों की लड़ाई है न कि चाची और भतीजे के बीच की लड़ाई। ओडिशा विधानसभा के लिए 13 मई को मतदान कराया जाएगा।

भ्रष्टाचार के केस में फंसे थे ये बड़े नेता, भाजपा के साथ आते ही दाग अच्छे हो गए!

नई दिल्ली। नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय जांच ब्यूरो और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों के 'दुरुपयोग' के खिलाफ विपक्षी दल पिछले कुछ वर्षों में बार-बार आवाज उठाते रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में, 2024 के चुनावों से पहले, राज्य के दो मुख्यमंत्रियों - हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल - को ईडी ने गिरफ्तार किया है। कई अन्य नेताओं के यहां भी छापेमारी की गई है और उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है। यही कारण है कि केंद्र की सरकार पर विपक्ष विरोधी नेताओं को परेशान करने का आरोप लगाता है। विपक्ष बार-बार यह दावा करता है कि जिन नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, अगर वह भाजपा में शामिल हो जाते हैं तो उनके खिलाफ सीबीआई या ईडी की कोई कार्रवाई नहीं होती। विपक्ष तंज भरे लहजे में इसे भाजपा का वाशिंग मशीन बताता है।

28 करोड़ की जायदाद और 19 करोड़ की देनदारियां, तिरुवनंतपुरम से भाजपा प्रत्याशी ने दिया संपत्ति का विवरण

तिरुवनंतपुरम। केरल की तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा के नेता और केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईट) मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने 28 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। चंद्रशेखर 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव में कांग्रेस सांसद शशि थरूर और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के दिग्गज नेता पन्नियन रवींद्रन के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।

चंद्रशेखर ने गुरुवार को चुनाव अधिकारी के सामने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। नामांकन पत्र के साथ दाखिल हलफनामे में उन्होंने चल संपत्ति का कुल मूल्य 13,69,18,637 रुपये बताया है, जबकि उनकी पत्नी के पास 12,47,00,408 रुपये की संपत्ति है। इसमें मौजूद नकदी, बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और सहकारी समितियों में जमा का विवरण, साथ ही बांड, डिबेंचर, शेयर, कंपनियों/म्यूचुअल फंड और अन्य वित्तीय इकाइयों में निवेश भी शामिल हैं। भाजपा नेता की चल संपत्ति में 1942 मॉडल की 'रेड इंडियन स्काउट' भी शामिल है, जो कर्नाटक में पंजीकृत है। उन्होंने इसे 1994 में 10 हजार रुपये में खरीदा था। इसके साथ ही उनके पास आभूषण, सर्राफा और 3.25 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अन्य मूल्यवान वस्तुएं भी हैं। उनकी अचल संपत्तियों में 5,26,42,640 रुपये की कीमत पर खरीदी गई स्व-अर्जित संपत्ति शामिल है, जिसका वर्तमान बाजार मूल्य 14,40,00,000 रुपये होगा। चंद्रशेखर पर 19,41,92,894 रुपये की देनदारियां भी हैं, जिसे लेकर विवाद हैं। उनकी पत्नी पर 1,63,43,972 रुपये की देनदारी है जिसमें बैंकों, वित्तीय संस्थानों और अन्य से ऋण शामिल हैं। वर्ष 2022-23 के आयकर रिटर्न में चंद्रशेखर की कुल आय 5,59,200 रुपये बताई गई है जो 2021-22 में 680 रुपये थी।

'चुनावी जिम्मेदारियों का निष्ठा से करें अनुपालन'

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निर्विघ्न एवं निष्पक्ष संपन्न करने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने प्रभारी अधिकारियो की बैठक ली, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने संबंधित अधिकारियों से चुनाव संबंधी जिम्मेदारियों का निष्ठा से अनुपालन करने के निर्देश दिए। डीएम ने अफसरों से निर्वाचन के दौरान उनकी भूमिका, कर्तव्य व कार्य दायित्व पूछे और यह भी कहा कि आप सभी के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है, इसलिए उसका कुशलतापूर्वक निर्वहन करें। डीएम ने सभी अधिकारियों से जाना कि अबतक क्या काम हो चुके और आगे की उनकी क्या कार्ययोजना व तैयारी है।उन्होंने निर्वाचन आयोग से जारी निर्देशों का गहनता से अध्ययन करने को भी कहा। डीएम ने निर्वाचन कार्यो से संबंधित नोडल व प्रभारी अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों को चुनाव से जुड़े सभी कार्य समय से पूरे करने को कहा। कहा कि चुनाव में लगे सभी अधिकारी निर्भीक होकर निष्पक्षता के साथ चुनाव करवाएं।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन एक समयबद्ध प्रक्रिया होती है, सभी अधिकारी कर्मचारी समय का विशेष ध्यान रखें। सभी अधिकारियों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं सकुशल चुनाव संपन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मरीजों की पर्ची में दवा के साथ डॉ. लगाएंगे जागरुकता की मुहर, जानें क्या लिखा है इसमें

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निर्विघ्न एवं निष्पक्ष संपन्न करने के उद्देश्य से शुक्रवार को बेहतर सेहत के साथ लोकतंत्र की मजबूती के लिए जिले में जिला अस्पताल, जिला महिला अस्पताल एवं सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दवा की पर्ची पर 'पहले मतदान फिर जलपान' की सील लगेगी। इसके निर्देश डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने स्वीप कार्यों की समीक्षा के दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता को दिए। बताते चलें कि प्रत्येक पर्चे पर मतदान की अपील वाली सील लगाकर मरीज को देने से उसके जेहन पर सीधा असर होगा। डीएम ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी की भागीदारी होनी चाहिए। सरकारी दफ्तर में जारी होने वाले पत्रों में भी 'पहले मतदान फिर जलपान' की सील लगाने के निर्देश दिए। अभी विभाग अध्यक्ष कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित किया है कि वह मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र लखनऊ के निर्देशानुसार स्वीप योजना के अंतर्गत प्रचार प्रसार करते हुए 90 फीसदी मतदान से अधिक पार करने की योजना और उससे संबंधित साप्ताहिक रिपोर्ट प्रभारी अधिकारी स्वीप योजना को उपलब्ध कराए।

मतदाता जागरूकता को आइकॉन बने शिक्षक एसपी सिंह

जागरूकता बाइक पर सवार होकर सीडीओ बोले-लोकतंत्र के महापर्व में होनी चाहिए सभी की भागीदारी

घर पर अकेला पाकर युवक ने किया था दुष्कर्म का प्रयास

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। मतदाता जागरूकता आईकॉन बेसिक के शिक्षक एसपी सिंह बने हैं। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए उन्होंने अपनी बाइक पर स्लोगन लिखाए। साथ ही मतदाता शपथ, जागरूकता पोस्टर तैयार किए। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने उनके इस प्रयास को देखकर मतदाता जागरूकता आईकान बनाने को कहा।

मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने उनकी बाइक पर सवार होकर कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी की भागीदारी होनी चाहिए। शिक्षक एसपी सिंह अपनी बाइक से जिले के सभी मतदान बूथों पर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। इस दौरान अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, एसडीएम (सदर) श्रद्धा सिंह, एसडीएम रेनू मिश्रा, राजीव निगम, प्राचार्य डाइट बृजभूषण चौधरी, बीएसए प्रवीण तिवारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

संत तुलसीदास महोत्सव में सुदामा चरित्र लीला का हुआ मंचन

लोकमित्र ब्यूरो

धौरहरा-खीरी। राम वाटिका धाम में हो रही श्रीरामनाम महायज्ञ मे बशुक्रवार को काफी संख्या मे लोगों ने रामवाटिका धाम पहुंचकर यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां डाली साथ ही यज्ञ स्थल की परिक्रमा की। बृहस्पतिवार की रात को रासलीला कार्यक्रम में सुदामा चरित्र लीला का मंचन किया गया। लीला देखने के लिए धौरहरा सहित आसपास गांव के लोग पहुंचे और रासलीला का आनंद लिया। रासलीला मे पहुंची धौरहरा सांसद रेखा वर्मा, विधायक धौरहरा विनोद शंकर सहित ने बांके बिहारी की आरती कर लीला की शुरुआत की। रामवाटिका धाम का नजारा भक्ति रस मे सराबोर रहा। शुक्रवार को दिन मे रामलीला का मंचन किया गया जिसमे मेघनाथ वध, लक्ष्मन शक्ति आदि लीला का मंचन किया गया। रात्रि मे बरसाना से आई रासलीला मडंली के द्वारा रासलीला, रासविहार, मयूर नृत्य, सुदामा चरित्र लीला का मंचन किया गया। व्यास देवेंद्र पारासर के भजनो व रासविहार मयूर नृत्य देख कर श्रोता भक्तिरस मे सरा बोर हो गये। भगवान कृष्ण और सुदामा बचपन के मित्र और गुरुकुल में सहपाठी थे और उन्होंने गुरु सांदीपनि के मार्गदर्शन में अध्ययन किया था। उनकी शिक्षा पूरी होने के बाद वे अलग हो गये। लेकिन न तो कृष्ण और न ही सुदामा अपनी दिव्य मित्रता को भूल पाए। कृष्ण और सुदामा दोनों बड़े हुए। सुदामा और उनकी पत्नी गरीबी से जूझ रहे थे। लेकिन वह धार्मिक मार्ग के प्रति समर्पित थे, लोगों को धार्मिक मार्ग सिखाते थे और इसलिए, उन्हें उनके जीवन का वास्तविक अर्थ बताते थे। इस बीच, भगवान कृष्ण द्वारका के राजा बन गए। जब सुदामा और उनका परिवार गरीबी से बहुत पीड़ित था और उनके पास अपने बच्चों को खिलाने के लिए पैसे नहीं थे, तो उनकी पत्नी, वसुंधरा ने सुदामा को उनके बचपन के दोस्त कृष्ण की याद दिलाई। उसने उससे उसे संतुष्ट करने और कुछ मदद का आग्रह करने का अनुरोध किया। द्वारका के राजा के महल में पहुँचते ही सुदामा ने द्वारपालों से भगवान कृष्ण से मिलने के लिए उन्हें प्रवेश करने देने के लिए कहा। उन्होंने यह भी कहा कि कृष्णा उनके बचपन के मित्र है। द्वार पालो ने उन्हें महल मे घुसने नही दिया क्योंकि उसकी हालत इतनी खराब थी कि उसके कपड़े फट गए थे। द्वारपाल ने कृष्ण को सुदामा के द्वार पर आने के बारे में बताया। भगवान कृष्ण सब कुछ छोड़कर द्वार की ओर भागे क्योंकि वे अपने मित्र सुदामा से मिलने के लिए उत्सुक थे।

उन्होंने सुदामा की सामाजिक स्थिति के बारे में सोचे बिना ही सबके सामने काफी देर तक उसे गले लगाए रखा। कृष्ण ने सुदामा का बड़े प्रेम से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। उन्होंने सुदामा को ईश्वरीय उपचार देने के लिए अपने हाथों से सुदामा के पैर धोए। इस दौरान भगवती प्रसाद शुक्ला, रामकुमार शर्मा, समलिया प्रसाद मिश्रा, अचल अवस्थी, योगेंद्र मिश्रा, मौजूद रहे।

अलविदा जुमा पर मस्जिदों में नमाजियों के अल्लाह की बारगाह में झुके सिर

लोकमित्र ब्यूरो

सिंगाही-खीरी। मुकद्दस रमजान के आखिरी जुमे यानि अलविदा जुमा पर मस्जिदों में भारी संख्या नमाजी उमड़े। समय से पहले ही नमाजियों की कतार लगनी शुरू हो गई। अल्लाह की बारगाह में सिर झुके। उलमा ने सदक़ा फितर व जकात की फजीलत को बयां किया। वहीं नमाज के बाद मुल्क और कौम की तरक्की के साथ ही अमन-चैन की दुआ की गई।

जुमा अलविदा पर जामा मस्जिद के साथ ही अन्य मस्जिदों में भी नमाजियों की काफी भीड़ रही। जामा मस्जिद में तो समय से पहले ही तमाम नमाजी जुटने शुरू हो गए। नमाजियों के कपड़ों पर लगे इत्र की खुशबू से गलियां और मजिस्द महक उठीं। कस्बे की अलग-अलग मस्जिदों में अलग-अलग समय पर अलविदा की नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद में इमाम मुजीबुर्रहमान ने माह ए रमजान की फजीलत बयां की। कहा कि इस माह में इबादत और नेकी का सिला अल्लाह खुद देता है। अल्लाह के यहां रोजेदारों का अलग मुकाम है। अलविदा जुमा पर तमाम मस्जिदों में जकात की फजीलत बयां करते हुए उलमा ने कहा कि ईद की नमाज से पहले हर किसी को फितरा अदा करना होता है। फितरे में अनाज व रुपयों में से कोई एक अदा करना होता है। इस बार फितरे की रकम 45 रुपये तय की गई है। यह गरीबों, मिस्कीनों के लिए ईद के दिन की मदद है जिससे की गरीब भी ईद का त्योहार को मना सकें। वहीं अलविदा जुमा की नमाज को लेकर नगर पंचायत प्रशासन ने भी जामा मस्जिद समेत तमाम मस्जिदों के आसपास सफाई के मुकम्मल इंतजाम किए। अलविदा की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। मस्जिदों के बाहर पुलिस तैनात रही। थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया भी पूरी तरह से अलर्ट रहे।

अलविदे के दिन नगर पंचायत चेयरमैन ने इस्लामियां स्कूल में रोजा इफ्तार का किया गया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

सिंगाही-खीरी। रमजान के मुबारक महीने में अलविदे के दिन नगर पंचायत चेयरमैन ने इस्लामियां स्कूल में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया है। रोजा इफ्तार में कई लोगों ने भाग लिया। इफ्तार के बाद मुल्क में अमन चैन की दुआएं मांगी गई।

सिंगाही नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम ने इस्लामियां स्कूल में रोजा अफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इफ्तार के बाद मोलाना मुजीबुर्रहमान ने मस्जिद रोजेदारों को नमाज मगरिब अदा कराई गई। नमाज के बाद मुल्क में अमन चैन व मोहब्बतें कायम रखने की अल्लाह से दुआ मांगी गई। बाद में चेयरमैन ने सभी को इफ्तार कराकर शुक्रिया अदा किया।

मुल्क में अमन चैन व तरक्की की हुई दुवायें

लोकमित्र ब्यूरो

धौरहरा-खीरी। लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच पडने वाले त्योहारो को लेकर प्रशासनिक मशीनरी पूरी तरह सतर्क व एलर्ट मोड़ पर दिखाई पड रही है। वर्तमान समय में माहे रमजान के आखिरी शुक्रवार को होने वाली नमाज को लेकर क्षेत्र की मस्जिदों में भारी भीड़ देखी गई इस दौरान सुरक्षा की द्रष्टि से तहसील क्षेत्र की प्रशासनिक मशीनरी टुकड़ों में बटकर अलग अलग बैच में तैनात रही जिससे अलविदा की नमाज शान्ति से निपटने की खबरें आती रही।

लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन व दिशानिर्देशो के बीच पड़ने वाले त्योहारो को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक मशीनरी द्वारा पहले ही माथापच्ची कर क्षेत्रवार ड्यिुटी तय हुई थी।ज्ञात हो मुकद्दस माहे रमजान के आखिरी शुक्रवार को यानि अलविदा की नमाज को लेकर रोजेदारों में अलग तरह का उत्साह के साथ क्षेत्र की मस्जिदों में समय से पहले ही नमाजियों की भाडी भीड उमड़ पड़ी नमाजियों द्वारा अल्लाह की बारगाह में हजारो सिर एक साथ झुके व अल्लाह की इबादत गाहो में उलेमाओं द्वारा पहले सदका,फितर,जकात व फजीलत को बयां किया गया वही नमाज के दौरान ही पहले मुल्क की तरक्की,अमन चैन व कौम की तरक्की के लिए दुआ मांगी गई।इस दौरान थाना प्रभारी खमरिया मनबोध तिवारी,थाना प्रभारी ईसानगर देवेन्द्र कुमार, कोतवाल धौरहरा दिनेश कुमार सिंह,पढुवा हरिकेश राय शारदानगर बृजेश कुमार मौर्य द्वारा अपने अपने क्षेत्र की प्रत्येक मस्जिद पर पुलिस बल की तैनाती की थी।राजस्व विभाग द्वारा सभी लेखपालों को अपने-अपने क्षेत्र की मस्जिदों पर मौजूदगी होने की बात कही थी।उच्च प्रशासनिक मशीनरी में एस डी एम धौरहरा राजेश कुमार,तहसीलदार आदित्य विशाल,क्षेत्राधिकारी प्रीतम पाल सिंह,नायब तहसीलदार बीरेंद्र यादव व शशांक शेखर मिश्रा भ्रमणशील रहकर होनेवाली गतिविधियों पर नजर बनाए रखे।

धौरहरा कस्बे में हुई अलविदा की नमाज को देखते हुए चौकी प्रभारी रामजीत यादव व उप निरीक्षक मोहन सिंह द्वारा सभी मस्जिदों का बायोडाटा व सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए एलर्ट व चौकन्ने होकर अन्य प्रकार की गतिविधियों की टोह लेते नजर आये।

अलविदा की नमाज तहसील क्षेत्र में शान्ति पूर्वक व शकुशल संम्पन होने व कही से भी किसी अप्रिय घटना न होने से प्रशासन ने राहत की साँस ली।

फॉगिंग नहीं होने से लगातार बढ़ रहा है मच्छरों का प्रकोप

गोसाईगंज- अयोध्या। नगर पंचायत गोसाईगंज में फॉगिंग नहीं होने से लगातार बढ़ रहा है मच्छरों का प्रकोप क्षेत्र में बदलते मौसम में मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ने लगा है। शाम होते ही मच्छरों लोगों का जीना दूभर कर देते हैं। इस कारण नगर में बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है। इसके अलावा गंदगी भी मच्छरों के पनपने की मुख्य वजह है। नगरवासी मच्छरों से बचाव के लिए हर तरह का प्रयोग कर रहे हैं। हालांकि नगरवासियों ने नगर प्रशासन से फॉगिंग कराने की मांग की है। गर्मी के साथ ही मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ने लगा है। नगर पंचायत गोसाईगंज मे गंदगी, नाले का गंदा पानी, जाम नाला की समस्या है। नालियां गंदे पानी से उफनती नजर आती है और पानी का जमावड़ा सड़क पर रहता हैं। इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है। नगर वासियों का कहना हैं कि मच्छरों को मारने के लिए कीटनाशक दवाओं के छिड़काव को लेकर स्वास्थ्य विभाग व नगर प्रशासन ने आंखें बंद कर रखी है। मच्छर की बढ़ती संख्या का आलम है कि रात नहीं, दिन में भी इसका प्रकोप जारी रहता है। वहीं शाम होते ही लोगों का किसी स्थान पर बैठना मुश्किल हो जाता है। घर हो या दुकान, हर जगह मच्छरों का आतंक बढ़ गया है। सुबह हो या शाम मच्छरों का हमला शुरू हो जाता है। इसके चलते संक्रमण का खतरा, बीमारी के भय से लोग दिन में भी मच्छरदानी एवं मच्छर भगाने वाले क्वायल का प्रयोग करते हैं।

राम नवमी के अवसर पर 200 स्थानों पर लगेंगे जलप्याऊ व जलपान शिविर

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। रामनवमी के अवसर पर अयोध्या में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। श्रद्धालुओं के लिए पार्टी द्वारा लगभग 200 स्थानों पर जलप्याऊ तथा जलपान शिविर लगाए जाएंगे। जिसकी प्रमुख जिम्मेदारी महानगर महिला मोर्चा को सौंपी गई है। चैत्र प्रतिप्रदा से शिविर की शुरूवात होगी जो रामनवमी तक चलेगा। अयोध्या कैंट तथा अयोध्या धाम में सभी प्रमुख चौराहों, स्थलों , नगर निगम, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा पर कैम्प लगाए जाएंगे। श्रद्धालुओं के लिए सुविधा के लिए सुविधा शिविर लगाए जाएंगे। जहां पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर लोक सभा चुनाव कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पार्टी का स्थापना दिवस व अम्बेडकर जयंती को वृहद रूप में मनाने की तैयारी पर भी चर्चा की गई। 6 अप्रैल पार्टी के स्थापना दिवस व 14 अप्रैल अम्बेडकर जयंती समरसता दिवस के अवसर पर महानगर के 400 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें।

बैठक में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर अयोध्या आना वाला प्रत्येक श्रद्धालु हमारा अतिथि है। कार्यकताओं ने जिस प्रकार समन्वय बना कर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में भक्तों की सेवा कर अयोध्या के आतिथ्य भाव को प्रस्तुत किया था। उसी प्रकार रामनवमी के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान कार्यकर्ता रखें। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि अयोध्या आने वाले प्रत्येक श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान पार्टी कार्यकर्ता रखेंगे। स्थापना दिवस पर सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने आवास पर पार्टी का ध्वज लगाएंगे। बूथ स्तर पर पं दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि का कार्यक्रम व नगर निगम व रोडवेज स्थित श्याम प्रसाद मुखर्जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया जाएगा। समरसता दिवस पर सभी बूथों पर डा अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण, अनूसूचित बस्ती में फल वितरण तथा लाभार्थियों से सम्पर्क अभियान पार्टी कायकर्ता चलाएं। महानगर संघ चालक विक्रमा पाण्डेय ने कहा रामनवमी के अवसर पर संघ व भाजपा के कार्यकर्ता आपसी समन्वय के आधार पर वृहद स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन करें। बैठक में लोकसभा चुनाव कार्यालय पर लोकसभा संयोजक डा. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी लोक सभा प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, ऋषिकेश उपाध्याय, अशोक कसौधन अभिषेक मिश्र, ब्लाक प्रमुख अभिषेक सिंह, दिव्य प्रकाश तिवारी, विशाल सिंह बाबा, अशोक द्विवेदी, आशा गौड,. रीना द्विवेदी, अनीता सिंह, मालती चौहान, प्रतिमा शुक्ला, अनुराग त्रिपाठी, बालकृष्ण वैश्य, प्रताप सिंह, वरुण चौधरी, शशि प्रताप सिंह, शैलेंद्र कोरी, परमानंद मिश्रा, आकाश मणि त्रिपाठी, सूरज सोनकर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

सरायराशी में सूर्यवंश क्षत्रियों का महासम्मेलन

पूरा बाजार -अयोध्याधाम। सरायराशी में सूर्यवंश क्षत्रियों महासम्मेलन का आयोजन राम उजागिर सिंह के तत्वाधान में किया गया जिसमें 115 गांव के सूर्यवंश क्षत्रीयो ने भाग लिया महासम्मेलन को संबोधित करते हुए भगवान बक्श सिंह ने कहा कि क्षत्रियों का धर्म रक्षा करना है इसलिए हमें रक्षा धर्म का पालन करते हुए सूर्यवंश क्षत्रियों को शिक्षित कर समाज में आगे बढ़ना होगा ताकि हमारे बच्चे उच्च शिक्षा ग्रहण कर उच्च पदों पर आसीन होकर देश और समाज की सेवा करते हुए अपने भविष्य का निर्माण कर सके ।सूर्यवंश क्षत्रियों के अध्यक्ष चौधरी गुरु प्रसाद सिंह ने कहा कि भगवान राम हमारे वंशज थे उन्होंने समाज में मर्यादा स्थापित कर मर्यादा पुरुषोत्तम राम कहलाए हमें भी मर्यादा में रहकर समाज को बढ़ाना होगा जिससे हम समाज में अपना गौरव कायम रख सके जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित ने कहा कि समाज में आपसी भेदभाव मिटाने के लिए पंचायत के माध्यम से समस्याओं का निराकरण करना होगा।

विद्यादान से बढ़कर कोई दूसरा दान नहीं हो सकता : पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय

बीकापुर-अयोध्या। बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शेरपुर खपरैला बाजार में स्थित डॉक्टर लोहिया इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन व विशिष्ट अतिथि के तौर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी फिरोज खान गब्बर मौजूद रहे। विद्यालय के प्रबंधक एवं समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने इस मौके पर अतिथियों का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे पवन ने इस मौके पर कहा कि विद्यादान से बढ़कर कोई दूसरा दान नहीं हो सकता ऐसे में विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों से बेहतरीन शिक्षा ग्रहण कर उन्हें समाज को आगे ले जाने में मदद करनी चाहिए ।श्री पांडे ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में तमाम अवसर है जिसका फायदा विद्यार्थियों को उठाना चाहिए श्री पांडे ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में कन्या विद्या धन दिया है बेटियों को लैपटॉप दिया है बेरोजगारी भत्ता दिया है गरीबों को समाजवादी पेंशन दिया है बेरोजगार नौजवानों को बेरोजगारी भत्ता दिया है किसानों को मुक्त सिंचाई दिया है ऐसे नेता समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से बिजयी बनावे ।कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत कर रहे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी फिरोज खान गब्बर ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें विद्यालय का नाम रोशन करने की बात कही। विद्यालय के प्रबंधक एवं समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने इस मौके पर कहा कि शिक्षा के माध्यम से हम समाज को और बेहतर बना सकते हैं।

त्यौहार आपसी सौहार्द के साथ मिलजुल कर मनायें : एसडीएम

मवई- अयोध्या। आगामी ईद व चैत्र रामनवमी पर्व पर कामाख्या धाम मंदिर परिसर में लगने वाले विशाल मेले को शांति व कुशलता पूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर बाबा बाजार थाना क्षेत्र के मां कामाख्या धाम परिसर में उप जिलाधिकारी रूदौली अंशिका दीक्षित की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में धर्म गुरु,डिजिटल वालंटियर,मेला कमेटी के सदस्य तथा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।बैठक को सम्बोधित करती हुई उप जिलाधिकारी अंशिका दीक्षित ने कहा कि सभी त्यौहार आपसी सौहार्द के साथ मिलजुल कर मनायें।ऐसा कोई कार्य न करें जिससे कानून व्यवस्था बाधित हो।सी ओ रूदौली आशीष निगम ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि रूदौली क्षेत्र गंगा जमुनी तहजीब के लिये जाना जाता है। त्यौहार के मौके पर ऐसा कोई कार्य न होने पाये जिससे किसी की भावना को ठेस पहुंचे।

मंच से खूब गरजे मुख्यमंत्री योगी, बोले- बागपत मतलब चुनावी गर्मी शुरू हो गई, जयकारों से गूंज उठा मैदान

लोकमित्र ब्यूरो

बागपत। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रालोद प्रमुख चौधरी जयंत सिंह आज शुक्रवार को बागपत पहुंचे हैं। सीएम योगी का हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन में लैंड हुआ। इसके बाद मुख्यमंत्री कार से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। सीएम योगी ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के साथ अपने भाषण की शुरुआत की। इस दौरान पूरा मैदान जयकारों से गूंज उठा।

सीएम योगी ने गठबंधन प्रत्याशी राजकुमार सांगवान के पक्ष में रैली को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने जनता से कहा कि गठबंधन प्रत्याशी राजकुमार सांगवान के समर्थन में हर बूथ पर मजबूती के साथ मतदान करना है।

गेटवे इंटरनेशनल स्कूल बागपत में विजय शंखनाद रैली में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उन्हें फिर से बागपत की पावन धरती पर आने का मौका मिला है। यह वह धरती है जहां से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चरण सिंह ने अपनी राजनीति की शुरुआत की थी। बागपत की धरती से ही महाभारत की नींव रखी गई थी।

देश की सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री को देश का सर्वोच्च सम्मान देकर देश के अन्नदाता और प्रदेश के लोगों का सम्मान किया है। पूर्व प्रधानमंत्री को सर्वोच्च सम्मान मिलने पर नमन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चौधरी चाण सिंह के आदर्शों को ध्यान में रखकर पार्टी का एजेंडा बनाया और देश व प्रदेश में लागू किया है।

उन्होंने कहा कि बागपत का मतलब यानी चुनाव की गर्मी शुरू हो गई है। आज बागपत प्रगतिशील जनपत है। यह वही बागपत है, जहां से भगवान श्रीकृष्ण ने लीला की थी और यहीं से महाभारत की नींव तैयार हुई थी। आज प्रदेश की 120 चीनी मिलों में से 105 मिल दस दिन में भुगतान कर रही है। विदेशों में देश के लोगों का सम्मान हो रहा है। भाजपा सरकार देश की सीमा के अलावा व्यापारी वर्ग और बेटियां सुरक्षित हैं। आंतकवाद और आजाकता का खात्मा हुआ है। प्रदेश में निवेश को बढ़ावा मिला है।

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी की 'ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा' इस बात पर बहुत लोगों को मिर्ची लगी होगी लेकिन, बागपत के लोगों को यह बात पसंद आई है। सीएम योगी ने कहा कि यदि मैं यहां से उम्मीदवार होता तो जितनी वोट आप मुझे देते, उससे ज्यादा वोट देकर राजकुमार सांगवान को जिताना है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के लिए जो कुछ भी किया, वह किसी से छिपा नहीं है। कहा कि बागपत के विधायक या सांसद ने जो भी प्रस्ताव रखा, मैंने उन्हें करने में देरी नहीं की। किसी भी काम में 24 घंटे से अधिक समय नहीं लगा।

उन्होंने कहा कि बागपत में एक से बढ़कर एक हाईवे बन रहे हैं। एक-दो नहीं 5-5 हाईवे से बागपत जुड़ा हुआ है। कहा कि भाजपा और लोकदल ने आपके बीच में एक योग्य उम्मीदवार आपके बीच दिया है। उन्हें जिताकर ही भेजना है।

उधर, भाजपा और रालोद गठबंधन प्रत्याशी राजकुमार सांगवान ने भी मंच से सीएम योगी के सामने कहा कि ना खाऊंगा ना खाने दूंगा। उन्होंने कहा कि कुछ बातें हम विपक्ष में रहकर नहीं बोल सकते लेकिन, अब साथ आ गए तो बोल सकते हैं। राजकुमार सांगवान ने कहा कि आम का सीजन है। रटौल के आम बहुत फेमस है। आम का सीजन आ रहा है, जितने के बाद आम की दावत का न्यौता मुख्यमंत्री को देना चाहूंगा। हालांकि, ऐसा पहली बार हुआ है, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह एक साथ मंच पर रहे।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर हाईवे पर डायवर्ट रूट

गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में मुख्यमंत्री की जनसभा को लेकर दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर रूट डायवर्ट किया गया है। रूट डायवर्जन कार्यक्रम समाप्त होने तक जारी रहेगा। शामली, मुजफ्फरनगर की तरफ से आने वाले वाहनों को बड़ौत-सराय मार्ग से पिलाना भट्ठा, ढिकौली, चिरोड़ी बंथला से दिल्ली-गाजियाबाद भेजा जा रहा है।

सोनीपत की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को बड़ौत-सराय मार्ग से निकाला जा रहा है और हल्के वाहनों को गौरीपुर मोड़ से नौरोजपुर रोड़ के रास्ते भेजा जा रहा है। उधर, बड़ौत की तरफ से आने वाले हल्के वाहनों को लधवाड़ी मोड़ से नौरोजपुर रोड़ से होते हुए भेजा जा रहा है। दिल्ली, गाजियाबाद से आने वाले वाहनों को राष्ट्र वंदना चौक से अमीनगर सराय मोड़ से बड़ौत भेजा जा रहा है।

एसटीएफ ने आरओ/एआरओ परीक्षा का पेपर लीक करने वाले गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया, पूछताछ के लिए बुलाया था

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने आरओ/एआरओ परीक्षा का पेपर लीक करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने उसे मुख्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया।

गोंडा के करनैलगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले आरोपी अमित सिंह ने एसटीएफ से पूछताछ में बताया कि वह गोमतीनगर में कामर्स की कोचिंग चलाता था। उसी दौरान बलिया के दीपक दुबे के माध्यम से मामले के मास्टरमाइंड राजीव नयन मिश्रा उर्फ राहुल मिश्रा के संपर्क में आया। अमित सिंह ने राजीव नयन को टीजीटी परीक्षा -2020/21 का पेपर पढ़ाने के लिए 20 लाख रुपये दिए थे। उसके बाद से कई भर्ती परीक्षाओं में राजीव नयन को कैंडिडेट उपलब्ध करा चुका है।

राजीव नयन ने पुलिस भर्ती व आरओ/एआरओ भर्ती परीक्षा 2023 में पेपर आउट कराने के लिए कहा था और अमित सिंह से अभ्यर्थियों की व्यवस्था करने के लिए बोला था। राजीव नयन ने बताया था कि सभी अभ्यर्थियों को लखनऊ और प्रयागराज में पेपर का उत्तर पढ़ाया जाएगा। इसके बदले डॉ. शरद सिंह से 15 लाख रुपये प्रति अभ्यर्थी देना तय हुआ था। 11 फरवरी 2024 को हुई प्रारंभिक परीक्षा में दो लाख रुपये प्रति अभ्यर्थी देना तय किया गया था जबकि बाकी का रुपया बाद में देना था। सभी लड़कों को राजीव नयन मिश्रा ने प्रयागराज स्थित आरोग्यम हास्पिटल में ले जाकर पेपर पढ़वाया था। आरोग्यम हास्पिटल का मालिक भी राजीव नयन ही है। अभ्यिर्थयों को पेपर पढ़वाने में डॉ. शरद ने भी मदद की थी। एसटीएफ ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। वह सीटेट परीक्षा पेपर आउट कराने के संबंध में जनवरी 2023 में थाना कंकरखेड़ा मेरठ से जेल जा चुका है।

सपा का मूल चरित्र ही धमकाना और धौंसियाना है . सांसद बृजलाल

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद बृजलाल ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर हुई प्रेसवार्ता में कहा कि सपा का मूल चरित्र ही धमकाना और धौंसियाना है। शिवपाल यादव का बदायूँ में वोट न देने पर हिसाब. किताब कर धमकाने की बात करना सपाई असलियत को उजागर करता है। बदायूं से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी शिवपाल यादव का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। जिसमें वे वोट न देने वाले लोगों से हिसाब किताब करने की बात कहकर धमकाने का काम कर रहे हैं। इससे यह बात तो बिलकुल साफ है किए अपराधीए माफिया और दंगाई सपा के घर जमाई। बृजलाल ने कहा कि चुनाव के बाद सपा का हिसाब किताब कैसा होता है यह किसी से छिपा नहीं है। 2004 के लोकसभा चुनाव में बूथ कैप्चरिंग का विरोध करने वाले भाजपा कार्यकर्ता नीरज मिश्रा की नृशंस हत्या किसी से छिपी नहीं है। कहा कि कन्नौज में अखिलेश यादव के सामने ही भाजपा उम्मीदवार के टुकडे.टुकडे. करने की बात करने वाले नेता को भी सपा सपा प्रमुख का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने यह भी कहा किए यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है कि समाजवादी नेता ऐसा बोल रहे हैं। इनकी हरकतों को जनता ने देखा और झेला है। 2022 के विधानसभा चुनाव में हर जिले में इनका कम से कम एक उम्मीदवार अपराधी या इलाके का प्रसिद्ध गुंडा रहा है। बृजलाल ने कहा कि प्रदेश की जनता भी 2014 से इंडी ब्लॉक का लगातार इलाज कर रही है। 2017 विधानसभाए 2017 नगर निकायए 2019 लोकसभा चुनावए 2022 विधानसभा चुनावए 2022 नगर निकाय चुनाव में लगातार हरबार जनता सपाई अराजकता की वापसी के खिलाफ भाजपा के पक्ष में वोट कर रही है।

देश में गरीबों की सरकार चल रही : ब्रजेश पाठक

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को बाराबंकी में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विकसित होने की ओर अग्रसर है। शहर के जीआईसी ऑडिटोरियम में भाजपा की सोशल मीडिया लोकसभा वॉलेंटियर्स सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि, देश में गरीबों की सरकार चल रही है, गरीब कल्याण की सैकड़ों योजनाएँ चल रही हैं, जिनका असर धरातल पर दिख रहा है। आज गरीबों के हक पर कोई डाका नहीं डाल सकता, गरीब को सीधे उसके खाते में डीबीटी के माध्यम से योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मोदी जी पर देश की जनता का आशीर्वाद बना हुआ है, उनके नेतृत्व में यूपी में भाजपा 80 की 80 सीटें जीतने जा रही है। उन्होंने कहा कि, मौजूदा समय में भ्रष्टाचारियों व गुंडों की दुकानें बंद हो गई हैं। पब्लिक सब जानती है। इस चुनाव में इनके शटर गिरा देना है फिर पनपने का मौका नहीं देना है। अवधी में भाषण देते हुए जब उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गुंडा बदमाशन कै लुप लुप कर रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन की पूर्ववर्ती सरकार के समय कामनवेल्थ खेल में 50 रुपये वाली मच्छर भगाने की टिकिया 1000 में खरीदी गई। मंत्री जेल गए। इसके बाद कोयला घोटाला, टू जी स्पेक्ट्रम घोटाले में कांग्रेस के मंत्री जेल गए। सेना के सामानों की खरीद में लूट हुई। कहा कि सपा सरकार में गुंडा राज था। कहा कि, बाराबंकी में प्लाट पर सपा के नेता अवैध कब्जा कर लेते थे। जीप में कई बंदूकधारी बैठकर जनता को धमकाते थे। 2014 में श्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने। उन्होंने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई। सभी राष्ट्रों का दौरा किया। देश की गरीब जनता के लिए योजनाएं चलाईं। आज हम छाती ठोंक के कह सकते हैं कि हर गरीब को पक्का मकान मिला है। अब माताओं बहनों को शौच जाने के लिए शाम होने का इंतजार नहीं करना पड़ता। घरों में शौचालय बने हैं। बहन बेटियां सम्मानपूवर्क जीवन जी रही है।

सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1843 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1843 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 04 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 477 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 3905 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 18,13,332 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिसमें से 10,85,298 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 3840 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 4250 कारतूस, 2066.5 किलोग्राम विस्फोटक व 211 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 1159 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 71 केन्द्रों को सीज किया गया। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में 04 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 01 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये।

कांग्रेस के घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा: स्वतंत्र देव सिंह

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर हुई संयुक्त प्रेस वार्ता में कांग्रेस के घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि कांग्रेस घोषणा करती है क्योंकि वह बस घोषणाएं करना ही जानती है। भाजपा संकल्प पत्र लाती है क्योंकि हम अपने संकल्प को पूरा करना जानते हैं। जनता को विश्वास है कि भाजपा के संकल्प पत्र में जो लिखा हुआ है, वह पूरा होने की गारंटी है क्योंकि इसके पीछे मोदी की गारंटी है। कांग्रेस का न्याय पत्र झूठ का पुलिंदा हैं। कांग्रेस के दशको के शासनकाल में देश की सम्मानित जनता को गरीबी और बदहाली ही मिली है। वो लोग जो भारत की तस्वीर और तकदीर को बदलने की बात कर रहे हैं, ये वही लोग है जिन्होंने आजादी के 70 वर्षों तक देश की तस्वीर और तकदीर के साथ धोखा किया।

पांच न्याय 25 गारंटियों से बदलेंगे भारत की तस्वीर : अजय राय

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। अपने 138 साल के इतिहास में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस हमेशा से ही जनता की आवज रही है। आने वाले लोकसभा चुनाव देश की दिशा एवं दशा को बदलने वाले चुनाव होंगे। पिछले दस सालों में भाजपा के कुशासन ने देश की सतत विकासशील गति को ना सिर्फ रोका है, बल्कि आर्थिक और सामाजिक रूप से पीछे भी धकेलने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी पुनः इस देश को विकास की डगर पर लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि भाजपा ने अपने दस साल के कुशासन में सरकारी संस्थाओं के दुरूपयोग से लोकतंत्र की हत्या की, झूठे वादे कर इस देश की जनता को छला, धार्मिक उन्माद बढ़ाकर इस देश मे सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का कुकृत्य किया है, लेकिन अब इस देश की जनता जागरूक हो चुकी है और वह आसन्न चुनाव में कांग्रेस की न्याय गारंटियों पर विश्वास कर लोकतंत्र में आस्था रखते हुए इस बार कांग्रेस पार्टी को वोट देने का मन बना चुकी है। कहा कि चाहे आधी आबादी को सरकारी नौकरियों में हिस्सा देने की बात हो या किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाना हो, युवाओं के लिए पहली नौकरी की व्यवस्था हो या राजस्थान की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की तर्ज पर मुफ्त चिकित्सा की बात हो, व्यापारियों की सहूलियत के लिए जीएसटी के पुनः संरचना की पहल हो, या विद्यार्थियों के लिए लोन माफी का प्रावधान हो प्रत्येक वर्ग के साथ कांग्रेस पार्टी न्याय पत्र के जरिये न्याय करने के संकल्प के साथ आगामी लोकसभा चुनाव लडेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय जी ने कहा कि हम हम इस चुनाव में न्याय पत्र के 5 न्याय एवं 25 गारंटियों को आधार बनाकर जनता के बीच में जायेंगे।

वैश्य समुदाय, समाज में सृजन का काम करता है : डॉ . बोरा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य महासभा लखनऊ के तत्वावधान में राजधानी लखनऊ के अलीगंज स्थित एक सभागार में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कमलापुरी वैश्य महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष जगप्रसाद गुप्ता ने अपनी खास उपस्थिति दर्ज करायी। इसी दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में लखनऊ उत्तर क्षेत्र के जनप्रिय भाजपा विधायक डॉ. नीरज बोरा भी होली मिलन समारोह में पहुंचे और मंच पर ही सभी कमलापुरी बंधुओं संग फूलों की होली खेली।डॉ. बोरा ने अपने सम्बोधन में कहा कि कमलापुरी वैश्यजनों के बीच आकर ऐसा लग रहा है कि अपने परिवार के बीच आ गया। आगे कहा कि लखनऊ से आगे अयोध्या धाम की तरफ बढ़ये तो कमलापुरी वैश्यजनों की चारों तरफ घनी आबादी है और यही नहीं उनकी स्वयं की जन्मस्थली भी सिद्धार्थनगर जनपद है और बढ़नी आसपास के इलाके में आप सभी बड़ी संख्या में निवासित हैं। वैश्य राजनेता ने कहा कि हम वैश्य समुदाय के लोग समाज में सृजन अर्थात निर्माण का कार्य करते हैं और इससे जुड़े हर प्रकार के कार्य को बढ़ावा देने का काम करते हैं।यही नहीं इस बांटने की नीति में कहीं पर भी जात-पात या फिर किसी पंथ का प्रभाव नहीं होता बल्कि निरपेक्ष भाव से वैश्य समाज के लोग सेवा करते हैं। उन्होंने आखिर में यही कहा कि आप सभी कमलापुरीजनों को लखनऊ के अलावा कहीं पर भी किसी प्रकार से उनकी जरूरत पड़ती है तो वो सदैव तत्पर रहते हैं और आगे भी रहेंगे। फिर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जब भी वो सूबे में वैश्य व व्यापारी समुदायों के हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हैं तो उनकी तरफ से हमेशा से सकारात्मक आश्वासन ही मिलता है।

60 लाख की लूट को अंजाम देने वाले बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े, मुठभेड़ में एक को लगी गोली

लोकमित्र ब्यूरो

गोंडा। पुलिस ने शुक्रवार की सुबह करनैलगंज के नारायनपुर माझा मोड़ के उसरा घाट मार्ग पर रेलवे क्रांसिंग के पास मुठभेड़ के दौरान चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए बदमाशों के पास से 22 लाख रुपये, 220 ग्राम सोना, कार, मोबाइल फोन, बाइक व तमंचा कारतूस बरामद हुआ है।

पुलिस का कहना है कि बदमाशों के पास से कुल 48 लाख की बरामदगी हुई। पकड़े गए बदमाशों ने करनैलगंज के गाड़ी बाजार में सराफा व्यापारी से 60 लाख रुपये के गहने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। करनैलगंज के गांधीनगर निवासी विश्वनाथ शाह की गाड़ी बाजार स्थित सराफा की दुकान से 4 मार्च की रात तकरीबन 10 बजे हेलमेट लगाकर आए दो बदमाशों ने तमंचे के बल पर दुकान से 10 किलो चांदी, 600 ग्राम सोना व 1.80 लाख रुपये नगदी लूट ले गए थे।

सराफा व्यापारी ने पुलिस को 60 लाख के लूट की सूचना दी थी। दो बदमाशों के खिलाफ लूट की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही थी। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि शुक्रवार की भोर सूचना के आधार पर करनैलगंज के नारायनपुर माझा मोड़ के उसरा घाट मार्ग पर रेलवे क्रासिंग के पास कार व बाइक से जा रहे बदमाशों को पुलिस ने घेरा तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी।

जवाबी फायरिंग में शाहपुर बाजार थाना परसपुर निवासी राघवेंद्र पांडेय उर्फ राजा दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घेराबंदी करके उसके भाई सत्येंद्र पांडेय, सूरज पांडेय व आवास विकास कॉलोनी कोतवाली नगर निवासी फरहान अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया।

पकड़े गए बदमाशों के पास से 220 ग्राम सोना, 22 लाख रुपये नकदी, एक्सयूवी कार, मोबाइल फोन, बाइक, तमंचा कारतूस बरामद हुआ है। घायल बदमाश राघवेंद्र पांडेय का मेडिकल कॉलेज में पुलिस अभिरक्षा में इलाज चल रहा है। एसपी ने बताया कि राघवेंद्र पांडेय कुछ साल पहले सराफा व्यापारी विश्वनाथ साह की दुकान में काम कर चुका था। इसलिए विश्वनाथ की दिनचर्या के बारे में भलीभांति परिचित है। उसने अपने भाई सत्येंद्र पांडेय के संग लूट की वारदात को अंजाम दिया था। एसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का ईनाम देने की घोषणा की है। एसपी ने बताया कि राघवेंद्र, सत्येंद्र व सूरज के खिलाफ तीन-तीन व फरहान के खिलाफ नौ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

रॉबर्ट वाड्रा के बयान से गर्मायी सियासत, अमेठी से चुनाव लड़ने की कही बात, इस सीट पर कर चुके हैं प्रचार

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। सियासी सरगर्मी के बीच अमेठी से कांग्रेस के दावेदारों की रेस में गुरुवार को एक और बड़ा नाम जुड़ गया। पहली बार प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा का बयान वायरल हो रहा है। इसमें वह कह रहे हैं कि अमेठी के लोग चाहते हैं कि मैं अपना पहला राजनीतिक कदम वहीं से रखूं और सांसद बनूं। क्योंकि 1999 के चुनाव में प्रियंका के साथ जब चुनाव प्रचार किया तो वह अमेठी सीट ही थी। उस समय की राजनीति अलग थी। रॉबर्ट वाड्रा के बयान के बाद जिले का सियासी माहौल एक बार फिर गर्मा गया है।

कभी गांधी परिवार के गढ़ माने जाने वाले अमेठी में वर्ष 2019 के चुनाव में कांग्रेस के राहुल गांधी को भाजपा की स्मृति जुबिन ईरानी ने 55 हजार 120 मतों के अंतर से हरा दिया था। अब जब 2024 के लिए चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। ऐसे में अभी तक सिर्फ भाजपा ने ही अपने उम्मीदवार का एलान करते हुए स्मृति जुबिन ईरानी को फिर उतारा है। कांग्रेस या बसपा ने अभी तक कोई प्रत्याशी नहीं घोषित किया है। सबसे ज्यादा चर्चा कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर हो रही है। दरअसल, स्थानीय कांग्रेसियों की मांग है कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ें। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बागडोर संभालते ही राहुल के अमेठी से चुनाव लड़ने की बात कही थी।

फरवरी में न्याय यात्रा लेकर आए राहुल गांधी ने चुनाव लड़ने के मुद्दे पर कुछ नहीं कहा था, लेकिन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे ने जरूर राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने का संकेत दिया था। ऐसे में अब रॉबर्ट वाड्रा के बयान के निहितार्थ तलाशे जा रहे हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल कहते हैं कि इस बारे में हम कुछ नहीं कह सकते हैं।

संसदीय क्षेत्र अलीगंज के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। लोकसभा चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियों को आगे बढ़ाते हुए संसदीय क्षेत्र अलीगंज के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। सभी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी एकजुट होकर अपने-अपने बूथ से लोगों को जागरुक कर अपने बूथ को जिताएं और भारतीय जनता पार्टी के नारे अबकी बार 400 पार को सफल बनाएं। विकासखंड अलीगंज क्षेत्र के कायमगंज रोड स्थित एसएस रिसोर्ट में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें सांसद मुकेश राजपूत नें पन्ना प्रमुख, मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्षों के साथ वार्ता कर कहा कि सभी सदस्य सक्रिय रहकर अपनी कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपने-अपने बूथ को जिताएंगे माननीय मोदी जी का नारा है अबकी बार 400 पार हमारा है जिसको हमें पूर्ण करके दिखाना है। वार्ता के माध्यम से चुनावी शंखनाद करते हुए सांसद मुकेश राजपूत और विधायक सत्यपाल सिंह राठौर ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनावों के लिए पुरी तरह से तैयार होने का आग्रह किया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल बना है तो इसके पीछे लाखों निस्वार्थ कार्यकर्ताओ का त्याग रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त और समर्पित नेतृत्व के कारण आज भारत को पूरे विश्व में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है और भारत एक ताकतवर राष्ट्र के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकजुट है और एकजुट भाजपा को कोई भी राजनैतिक दल हराने की सोच भी नहीं सकता। कहा की पूरे देश में भाजपा चुनौती देने वाला कोई दल नहीं है और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनना तय है। प्रदेश सरकार और संगठन के बेहतर तालमेल से प्रदेश विकास के रथ पर सवार हैऔर कार्यकाल में पहले दिन से लेकर प्रदेश सरकार आम जनता के लिए कार्य कर रही है और प्रत्येक वर्ग सरकार की योजनाओं का लाभ उठा रहा है। इस अवसर पर सांसद मुकेश राजपूत, विधायक सत्यपाल सिंह राठौर, ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर अशोक रतन शाक्य, अर्जुन सिंह कश्यप, आशीष राजपूत, वीरेंद्र प्रताप, लोकपाल सिंह शाक्य, पियूष शाक्य, राघवेंद्र गुप्ता, निलेश राजपूत, शिवम दिक्षित, शिवम कश्यप, बृजेश सिंह राठौर, विजय सिंह, हिमांशु दीक्षित मुकेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

लोकसभा प्रभारी अजय धाकरे नें कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रभारी व कार्यकर्ता सभी एकजुट होकर अपने-अपने कार्य में लग जाएं और जितना हो सके उतना लोगों को जागरुक करे। सभी से अपील करें पहले वोट करें उसके बाद जलपान करें। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का नारा है 400 पर हमारा है माननीय मोदी जी के नारे को हम सभी को मिलकर साकार करना है। सरकार द्वारा किए जा रहे सभी कार्य से जनता काफी खुश है। कहा की सभी कार्यकर्ताओं सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी का सहयोग रहा है इस बार भी सभी का सहयोग रहेगा और फिर से जीत होगी। विधायक सतपाल सिंह राठौर ने कहा सबका साथ सबका विश्वास की नीति पर डबल इंजन सरकार कार्य कर रही है। कहा की उनकी सरकार ने तमाम योजनाओं को संचालित कर ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों को लाभ दिलाने का कार्य किया है। डबल इंजन की सरकार में देश ने तरक्की की है हर क्षेत्र में विकास कार्य हुआ है और आगे भी इसी प्रकार होता रहेगा। जिला महामंत्री भाजपा आशीष राजपूत ने बताया कि सरकार का ध्यान शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार के तरफ रहा है। महिलाओं की सुरक्षा और रोजागार दिए जाने का भी उनकी सरकार कार्य कर रही है। उनकी सरकार में विदेश नीति सुद्रण हुई है। देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं।

लोनी से 17 मार्च को लापता हुई लड़की शिवानी को ढूंढने में पुलिस अब तक असमर्थ

लोकमित्र ब्यूरो

साहिबाबाद। थाना क्षेत्र लोनी से 17 मार्च को अपने घर से गायब हुई लड़की शिवानी को ढूंढने में स्थानीय पुलिस अब तक असमर्थ है । जानकारी के अनुसार शिवानी अपनी बहन प्रीति के यहां मिलने ग्राम सिरौली थाना गाजियाबाद में आई थी दिनांक 17 मार्च 2024 को अचानक लापता हो गई जिसकी शिकायत थाना लोनी को दी गई और शिकायत लोनी थाना प्रभारी गाजियाबाद पंजीकृत भी किया गया लेकिन आज तक लोनी की पुलिस शिवानी को ढूंढने में असमर्थ रही । सूत्रों के अनुसारएक लड़का जिसका नाम सनी बताया जाता है आवारा किस्म का वाल्मीकि समाज का है । पहले भी लड़की को जब लड़की पढ़ाई करने जाती थी उसको परेशान करता था । पीड़ित परिवार के सदस्यों का कहना है कि सनी ने ही लड़की का अपहरण किया है और अपने चंगुल मै फंसा रखा है । सनी जिसके पिता का नाम राजकुमार पता ए 170 जीडीए फ्लैट टीला मोड़ लोनी में किराए के मकान में रहता है और 17 मार्च 2024 से ही फरार है। जानकारी यह भी मिली है कि सनी अपने मोबाइल नंबर 938 95 19635 से पीड़ित परिवार कोधमकी दे रहा है कि लड़की मेरे कब्जे में है और तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते । लड़की को ढूंढने की कोशिश मत करना । अचानक लड़की के गायब हो जाने से पीड़ित परिवार काफी दुखी है । थाना लोनी को भी कई बार सारे विवरण से लिखित में अवगत करवाया जा चुका है लेकिन कोई पीड़ित परिवार के अनुसार अब तक स्थानीय पुलिस द्वारा कोई भी उचित कार्रवाई नहीं की गई है । पीड़ित परिवार ने उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित वैधानिक दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

मुस्लिम भाइयों ने अदा की गयी जुमा-अलविदा की नमाज

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। रमजान के आखरी जुमा अलविदा की नमाज मुस्लिम भाइयों ने नमाज मस्जिद में अदा कर देश सलामती की दुआ की। शुक्रवार को आखिरी जुमा था घरों में महिलाओं वच्चो जुमे की नमाज अदा की। रमजान उल मुबारक में अलविदा के जुमे की नमाज अलीगंज में 15 स्थानों पर पढ़ी गयी वही ग्रामीण क्षेत्रों में भी जुमे की नमाज अदा की गयी। रमजान के महीने को तीन हिस्सों में बांटा गया है। पहले 10 दिन रहमत और बरकत के होते हैं तो अगले 10 दिन मगफिरत की इबादत होती है। आखिरी 10 दिनों में जहन्नुम की आग से छुटकारे की दुआ की जाती है। इस दौरान शब-ए-कद्र भी आती है। काफी रोजेदार एतकाफ (एकांतवास) की इबादत में बैठे हैं। वह ईद-उल-फितर के चांद का दीदार करने के बाद ही एतकाफ से उठेंगे। अलीगंज के खान खान मस्जिद के मौलाना ने बताया कि अलविदा का जुमा इसलिए खास होता है कि इस मुबारक महीने का ये आखिरी जुमा होता है, इसके बाद ही रोजेदारों को खुशियां देने के लिए ईद-उल-फितर का त्योहार आता है। मुस्लिम लोगों ने जुमा अलविदा की नमाज को घर पर ही अदा की।वही जुमे की नमाज को लेकर अलीगंज,सीओ सुधांशु शेखर कोतवाली इंस्पेक्टर अमित कुमार हमराह फोर्स के साथ कस्वे में बनी मस्जिदों की निगरानी करते रहें। जुनैद मियां अलीमियां उमान अली विकार अहमद मोहसिन खान सलमान खालिद शानू अली अनीस नदीम जाकिर तमाम मुस्लिम भाई मौजूद रहे।

निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

अमेठी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्वीप सूरज पटेल के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्रांसजेंडर समुदाय के माध्यम से मतदाता जागरूकता रैली निकालकर आगामी 20 मई 2024 को लोगों से अधिक से अधिक संख्या में अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। रैली में ट्रांसजेंडरों द्वारा 'हम अपना कर्तव्य निभाएंगे-सबसे मतदान कराएंगे', 'सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो', 'पहले मतदान-फिर जलपान' आदि नारों के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके शर्मा, ट्रांसजेंडर समुदाय के बबली किन्नर, ज्योति किन्नर, मुन्नी किन्नर एवं रेखा किन्नर सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

सरकार प्राथिमकता दे ! कुम्हारी कला को व्यवसाय फिर से वही रूप ले सकता

» **जब जब आती दीपावली या गर्मी तब तब याद आती कुम्हारी कला के द्वारा दीपक और मिट्टी के बर्तन**

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। आधुनिकता की चकाचौंध में कुम्हारी कला के द्वारा जीवन यापन करने वाले कुम्हार बिरादरी के व्यवसाय को ग्रहण लग चुका है जिससे इन की दशा दिन प्रतिदिन बद से बदतर होती चली जा रही है । माने ! लोग कह रहे कि शासन भी इनकी ओर ध्यान नहीं दे रहा है यदि थोड़ा ध्यान प्रशासन दे। इनके व्यवसाय की ओर दे दे तो इनका बीता हुआ कल वापस आ सकता है ।बताते चलें कि कुम्हारी कला के द्वारा मिट्टी के बर्तन बना कर के जीवन यापन करने वाले कुम्हार बिरादरी के व्यवसाय को ग्रहण लग चुका है । अब गिनती के दिन शेष रह गये है दीपावली पर्व । अतीत में पर्व आगमन पर मिट्टी के कलात्मक बर्तनों दीपक बनाने का कार्य ये 6 माह पूर्व से ही शुरू कर देते थे दीपावली पर्व पर इन्हें अच्छी खासी आमदनी हो जाती थी । जिस पर घर के सारे खर्चों का दारोमदार निर्भर करता था । लगभग पिछले दो दशकों से लोगों ने दीपावली पर घर को रोशन करने के लिए मिट्टी के दीपों के स्थान पर स्वदेशी झालर या चाइना की कृत्रिम झालरों व अन्य साज सज्जा से संबंधित वस्तुओं का प्रयोग करना शुरू कर दिया है । अंतता शुभ आयोजन या शादी विवाह के अवसरों पर इनके द्वारा बनाए गए कुल्लड स्थान पर प्यालो का लोग प्रयोग करते । सवाल बड़ा ! जब मांग खत्म , खत्म की ओर तो कीमत कौन लगाये ? गौर करें ! कि गर्मी के मौसम में मिट्टी के घड़े सुराही आदि को बना करके इन्हें अच्छी खासी आमदनी हो जाती थी अब समय के बदलते दौर में न तो इन्हें मिट्टी ही नहीं मिल पाती है और न ही मिट्टी के बने बर्तनों को पकाने के लिए लकड़ियां ही मिल पा रही है। इसके संबंध में जनपद के एक निवासी कुम्हारी कला के द्वारा जीवन यापन करने वाला व्यक्ति कहता हैं, की भैया अब कुम्हारी कला के दिन लद चुके हैं मांग भी कम हो गयी , लागत ज्यादा लग जाती हैं फलस्वरूप घर के सारे खर्चों की व्यवस्था नहीं हो पाती , जीने के लिये दूसरे रास्ते खोजना पड़ रहा हैं । अब कुम्हारी कला के दिन समाप्ति की ओर अग्रसर । विचारणीय प्रश्न ! हम लोगों को कोई नहीं पूछता है ? जमाना बदल चुका है न तो बर्तनों को बनाने के लिए मिट्टी ही मिल पाती है न ही पकाने के लिए लकड़ियां ही मिल पाती हैं यदि सरकार हम लोगों की इस कला की ओर थोड़ा ध्यान दे दे तो बीता हुआ कल वापस आ सकता। अवश्य! हम लोगों का व्यवसाय फिर से वही रूप ले सकता है।

ग्राहक बनकर आए बदमाश गहने चोरी कर भागे

गाजियाबाद। नंदग्राम क्षेत्र में मधुर सिंघल की ज्वैलर्स की दुकान पर ग्राहक बनकर आए दो बदमाशों ने गहने देखने के बहाने करीब ढाई की कीमत का ब्रास्लेट और नेकलेस चोरी कर लिया। इसके बाद और सामान देखने के बहाने बातों में उलझाकर भाग गए। मामले में उन्होंने नंदग्राम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मुरादनगर की शंकर विहार कॉलोनी के रहने वाले मधुर सिंघल का कहना है कि बुधवार को दो व्यक्ति दुकान पर आए और खुद का एक धार्मिक स्थल से बताया। इसके बाद उन्होंने कहा कि गुरु जी के लिए उपहार लेना है। उन्होंने उन्हें 25 ग्राम का ब्रास्लेट और 15 ग्राम का नेकलेस दिखाया। देखने के बहाने बातों में लगाकर उन्होंने दोनों सामान पर्स में रख लिए। इसके बाद और सामान देखने के लिए कहने लगे। कुछ देर में दोनों भाग गए। एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। शातिरों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

18 केन्द्रों पर आयोजित हुआ सास बहू ननद सम्मेलन, 4 हजार से अधिक सदस्यों ने प्रतिभाग किया

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता हेतु आज जनपद के 118 केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन कराया गया, जिसमें 4438 प्रतिभागियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सम्मेलन में उपस्थित परिवार की सभी सास बहुओं और ननद को मतदान के मूल्य से अवगत कराया गया।

सम्मेलन में उपस्थित सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में सच्चे नागरिक की है पहचान, मतदान-मतदान, मतदान करने हम सबको जाना है। वोट बहुमूल्य है, हम वोट डालने जाएंगे, मतदान हमारा अधिकारी है आदि स्लोगन के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। सम्मेलन में आनन्द नगर के एक परिवार की सास ने कहा कि वे अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ वोट डालने जरूर जाएंगी। मसौली ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय नसीरपुर मतदान केन्द्र पर सम्मेलन में उपस्थिति मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। फतेहपुर ब्लाक के रालभारी केन्द्र में उपस्थित सास सुभाषिनी देवी ने कहा कि वे अपनी बहू प्रिया और बेटी लक्ष्मी के साथ आगामी चुनाव में सक्रिय मतदान करेंगी।

मतदाताओं को जागरूक करने एवं निष्पक्ष शत प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से आज बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मतदाता हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने हस्ताक्षर करके किया।

संक्षेप

डीएम व एसपी ने अस्थाई गो आश्रय स्थल का किया आकस्मिक निरीक्षण

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने आज विकासखंड जगदीशपुर अंतर्गत अस्थाई गो आश्रय स्थल लोशनपुर, बगाही का आकस्मिक निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गोवंशों को हरा चारा, पशु आहार आदि दिए जाने के संबंध में जानकारी ली तथा जिन गोवंशो की ईयर टैगिंग अभी तक नहीं हुई है उनकी ईयर टैगिंग कराने एवं बीमार गोवंशों की नियमित देखभाल करने के निर्देश दिए साथ ही गर्मी के दृष्टिगत पर्याप्त छांव तथा पीने का पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कमजोर गोवशों पर विशेष ध्यान देने एवं गौशाला में पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश केयरटेकर को दिए।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष गंगा सहाय लोधी ने अपने साथियों के साथ की बीजेपी जॉइन

एटा। शुक्रवार को एटा सांसद राजवीर सिंह राजू भैया, संदीप जैन जिलाध्यक्ष भाजपा एवं वीरेन्द्र सिंह लोधी विधायक ने लोकसभा क्षेत्र एटा में पी.ए.सी. मारहरा रोड पर रंजीत कुमार (राजू आर्य) द्वारा आयोजित 'जनसभा' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार की रीति-नीति से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी से जनपद एटा के कांग्रेस जिलाध्यक्ष गंगा सहाय लोधी ने अपने साथियों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। गंगा सिंह लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी से प्रभावित होकर मैंने मन बनाया है की पूरी ताकत से राजवीर सिंह राजू भैया को यहां चुनाव लड़वाऊंगा और पार्टी को सफल बनाने का कार्य करूंगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित सांसद राजवीर सिंह राजू भईया, वीरेंद्र सिंह लोधी मारहरा विधायक, जिला अध्यक्ष संदीप जैन, दुलारे सिंह भदौरिया,रंजीत कुमार राजू आर्या,सुशील गुप्ता भईया जी, आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अलीगंज में सपा के चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

अलीगंज/एटा। संसदीय क्षेत्र फरुखाबाद विधान सभा क्षेत्र अलीगंज में समाजवादी पार्टी के उम्मीदबार डॉ नवल किशोर शाक्य ने लोकसभा चुनाव में अपने चुनाव कार्यालय का श्री गणेश किया ।हवन पूजन के वैदिक मंत्रोउच्चारण के बाद अमरौली रोड सराय अड्डा के प्रतिष्ठान में सपा कार्यालय का उद्घाटन किया। समाजवादी पार्टी इस दौरान वक्ताओं ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। सुभाष शाक्य ने कहा कि सपा दिखावा नहीं करती। पार्टी ने हमेशा आम आदमी के हित में फैसले लिए हैं। यही वजह है कि आज पूरे देश में सपा की लोकप्रियता बढ़ी है। इससे विपक्षी दल घबराए हुए हैं। सपा ने प्रदेश की जनता को जिन योजनाओं का लाभ दिया है, आज पूरा देश उन्हीं योजनाओं का लाभ लेना चाहता है। इस मौके पर डॉ नवल किशोर शाक्य सुभाष शाक्य किशनपाल यादव आर डी शाक्य सुरेश चन्दन यादव इंद्रपाल रामब्रजेश यादव नूरन्ह ह्रदेश यादव तमाम लोग व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सहायक व्यय प्रेक्षक निर्वाचन क्षेत्र में संवेदनशील आयोजनों और बड़ी सार्वजनिक रैलियों की वीडियोग्राफी का व्यक्तिगत रूप से पर्यवेक्षण करेंगे : डीएम

बाराबंकी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में आज निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के अन्तर्गत गठित वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, लेखा टीम तथा सहायक व्यय प्रेक्षकों का द्वितीय प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रदेश में प्रत्येक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन व्ययों की अधिकतम सीमा 95 लाख रूपए तथा प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 40 लाख रूपए निर्धारित है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण में लगी टीमें प्रत्येक अभ्यर्थी के सम्बन्ध में व्यय से सम्बन्धित रिपोर्ट प्राप्त करेंगे और अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय के दिन-प्रतिदिन के लेखे में उचित रूप से दर्शायेंगे। उन्होंने कहा कि सहायक व्यय प्रेक्षक अपने सभी कार्यकलापों पर प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए वीडियो निगरानी टीम तैनात की गई है। उन्होंने सहायक व्यय प्रेक्षक को निर्देशित किया कि निर्वाचन क्षेत्र में संवेदनशील आयोजनों और बड़ी सार्वजनिक रैलियों की वीडियोग्राफी का व्यक्तिगत रूप से पर्यवेक्षण करेंगे। उन्होंने सम्बन्धित टीमों को सभी निर्वाचन प्रचार सामग्री पर का व्यय छाया प्रेक्षण रजिस्टर में अवश्य शामिल के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दरों के आधार पर ही अभ्यर्थियों हेतु अनुरक्षित किए गए छाया प्रेक्षण में व्यय का अंकन करने के निर्देश दिए।

कूटराचित कागज तैयार करके फैक्ट्री से माल की चोरी

बाराबंकी। जनपद के थाना जहांगीराबाद पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 08 चोरों को किया गया गिरफ्तार,कब्जे 10 अदद गैस सलेन्डर, 19 अदद आक्सीजन सेलेन्डर 03 अदद गैस कटर लोहा व अन्य सामान बरामद। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक- 04 अप्रैल 24 को थाना जहांगीराबाद पुलिस टीम को मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। थाना जहांगीराबाद पुलिस टीम द्वारा 1. अनुराग 2. शोएब खान गोंड़ा 3. विसारत अली बरेली 4. वसीम पुत्र रिहासत हुसैन बरेली 5. सरताज बरेली इत्यादि को मेसर्स इ0 स्न0 एरोमेटिक एण्ड पेट्रो कैमिकल्स लि0 फैक्ट्री के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का 1.19 अदद आक्सीजन सेलेन्डर 2.10 अदद गैस सलेन्डर 3. 03 अदद गैस कटर लोहा 4. 01 अदद लोहे की चादर 5. 02 लोहे के एंगल6. 01 अदद लोहे की पाईप बरामद कर थाना जहांगीराबाद पर मु0अ0सं0-114/2024 धारा 457/380/411/420/467/468/471 भादवि पंजीकृत किया गया तथा एक अदद थार कार न0 बी0पी0 91 क्यू 0090 व एक अदद मोटर साईकिल न0 यू0के0 06 बी0ए0 1420 को धारा 207 एमबीएक्ट में सीज किया गया । अभियुक्तगण कूटराचित कागज तैयार करके फैक्ट्री से माल चोरी कर रहे थे । जिसे नायाब तहसील द्वारा देख करके बताया यह कागज कूट रचित है । आप लोगो द्वारा कूट रचित ढंग से तैयार किया गया है।

प्रधानमंत्री के रोड शो के लिए पांचों विधानसभा क्षेत्र से आमंत्रित किए जाएंगे लोग

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूपी में पहला रोड शो गाजियाबाद में छह अप्रैल को करेंगे। इस रोड शो की तैयारियों के लिए बृहस्पतिवार को पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया और प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने स्थानीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। भाजपा की टोलियां गाजियाबाद की सभी विधानसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों को रोड शो के लिए आमंत्रित कर रही हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के उत्तर प्रदेश में पहले रोड शो को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी निष्ठा और जोश से निर्वहन करें। लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने कहा कि गाजियाबाद के कार्यकर्ताओं को मिली जिम्मेदारी को निभाने में नंबर-वन रहने की पहचान लखनऊ तक है। इसी वजह से यह कार्यक्रम शीर्ष नेतृत्व ने गाजियाबाद में दिया है। पूर्व महापौर अशु वर्मा ने पश्चिम क्षेत्र के अध्यक्ष के समक्ष तैयारी का पूरा खाका प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रूबरू होना चाहता है, इसलिए पार्टी कार्यकर्ता हर बूथ क्षेत्र में घर-घर टोली के माध्यम से लोगों को रोड शो में आने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर ने बताया कि पीएम के रोड शो के लिए पूरे रूट को अब 30 ब्लॉकों में विभाजित कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दे दी गई है। प्रत्येक ब्लॉक में महिलाएं, दिव्यांग, खिलाड़ी, व्यापारी और अन्य वर्ग के लोग रहेंगे।

शासन द्वारा जारी की गई ई-खसरा पड़ताल में जनपद एटा को मिला प्रथम स्थान

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। शासन द्वारा जारी गई ई-खसरा पड़ताल में जनपद एटा को प्रथम स्थान मिला है। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने जनपद एटा को प्रथम स्थान पर राजस्व विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई देते हुए पूर्ण निष्ठा, मनोयोग से कार्य करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि ई-खसरा पड़ताल में जिले को प्रथम स्थान मिलना बड़े ही गौरव की बात है, इससे यह जाहिर होता है कि जनपद के अधिकारी, कर्मचारी कितने गंभीर हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि मा० आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद उ०प्र० लखनऊ के निर्देशों के क्रम में जनपद में 02 जनवरी 2024 से ई-खसरा पड़ताल का कार्य प्रारम्भ किया गया, जनपद के 822 राजस्व ग्रामों के कुल 475785 गाटों का डिजिटल क्रॉप सर्वे (ई-खसरा पड़ताल) किया जाना था, इस कार्य के लिए सर्वेयर के रूप में कृषि विभाग के 31 प्राविधिक सहायकों, बी०टी०एम, ए०टी०एम० राजस्व विभाग के 139 लेखपालों तथा पंचायत विभाग के 358 पंचायत सहायकों तथा कुछ रोजगार सहायकों को योजित किया गया, सुपरवाइजर के रूप में राजस्व निरीक्षकों तथा वेरीफायर की रूप नायब तहसीलदारों को योजित किया गया। इसके साथ ही जनपद में 02 डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर्स तथा प्रत्येक तहसील पर 2-2 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया समस्त सर्वेयर, सुपरवाइजर एवं वेरीफायर को माह दिसम्बर, 2023 में 3-3 बार प्रशिक्षण प्रदान कर कार्य सम्पादन हेतु प्रशिक्षित किया गया। डीएम ने कहा कि डिजिटल क्राप सर्वे कार्य में सर्वेयर्स को आ रही तकनीकी समस्याओं के निवारण हेतु उप कृषि निदेशक कार्यालय में 04 सीटर हेल्प डेस्क स्थापित की गयी जिससे सर्वेक्षण कार्य में आने वाली समस्या का त्वरित निस्तारण सम्भव हो सका। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन नियमित रूप से वीसी के माध्यम से समीक्षा की गई, जिसका परिणामस्वरूप अधिकारियों, कर्मचारियों की मेहनत रंग लाई। प्रतिदिन की समीक्षा हेतु वर्चुअल बैठक में उप कृषि निदेशक, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, समस्त खण्ड़ विकास अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसके अलावा समय-समय पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये मार्गदर्शन के अनुसार कार्य सम्पादन में गति लाने हेतु रणनीति में परिवर्तन व सुधार किये गये। इस कार्य से फसल आच्छादन, उत्पादन की सटीक जानकारी तथा कृषि क्षेत्र में सूक्ष्म स्तर पर लक्षित क्षेत्र हेतु योजनाओं नियोजन एवं अन्य लाभ प्राप्त हो सकेंगे। दिनांक 05 अप्रैल को सम्पूर्ण ई-खसरा पडताल का कार्य पूर्ण हो गया तथा जनपद को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

नगर पालिका परिषद् जौनपुर का घूसखोर एकाउंटेंट और उसका सहयोगी घूस लेते रंगेहाथ हुआ गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

जौनपुर। नगर पालिका परिषद जनपद मुख्यालय पर आज शुक्रवार को फिर भ्रष्टाचार और घुसखोरी के खिलाफ एंटी करप्शन टीम ने छापामारी किये और एकाउंटेंट टीएन सिंह सहित उसके सहयोगी बाबू शनी बाल्मीकि को एक लाख 65 हजार रुपए का घुस लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया है। एकाउंटेंट की गिरफ्तारी के बाद नगर पालिका परिषद कार्यालय में हड़कंप की स्थित रही है। खबर है कि ठेकेदार के भुगतान के लिए एकाउंटेंट टीएन सिंह ने रमेश नामक ठेकेदार से घूस मांगा था। ठेकेदार ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम वाराणसी से किया टीम आज जौनपुर आयी और पूरी योजना तैयार कर घूस की राशि 1 लाख 65 हजार रुपए एकाउंटेंट टीएन सिंह की दिलवाया घुस लेते ही छापामार कर रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। और एकाउंटेंट को लेकर सीधे कोतवाली गयी वहां पर विधिक कार्यवाई करते हुए घूसखोर टीएन सिंह को लेकर वाराणसी चली गई है। टीएन सिंह ने घूस की राशि शनी से गिनवा रहा था इसलिए वह भी टीम के हत्थे चढ़ा अब सलाखो के पीछे जाएगा।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले विधार्थी सम्मानित

रानीगंज। रानीगंज तहसील अंतर्गत के पी सिंह हाई स्कूल कसेरुआ चौवनगढ़ में 7 अक्टूबर 2023 को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा उत्तराखंड (हरिद्वार) हुई थी।जिसमें शिवम सिंह कक्षा 10, अर्जुन सिंह कक्षा 8, और साक्षी सरोज कक्षा 6 उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किये। इन तीनों उत्कृष्ट विद्यार्थियों को गायत्री परिवार के आचार्य गण के पी सिंह हाई स्कूल कसेरुआ चौवनगढ़ में पहुँच कर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, मेडल, कापी, जेमटरी बाक्स और युग निर्माण योजना की पुस्तक देकर उत्साह वर्धन करते हुए सम्मानित किये। विद्यालय के प्रबंधक लव सिंह गहलौत एडवोकेट को भी अंग वस्त्र देकर आचार्य गणों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रबंधक लव सिंह गहलौत एडवोकेट ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभ आशीर्वाद और बधाई दिया और गायत्री परिवार का आभार व्यक्त किया।

डीआरएम ने किया लखनऊ- प्रयाग जंक्शन रेलखंड का निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। उत्तर रेलवे के डीआरएम एस एम शर्मा ने शुक्रवार को लखनऊ प्रयागराज रेलखंड का निरीक्षण किया। आगामी कुंभ मेले को देखते हुये निर्धारित की जाने वाली तैयारियों की जानकारी लेने के साथ अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों पर चल आधुनिकीकरण के विकास कार्यो को देखने के साथ कई निर्देश दिये।

डीआरएम ने रेलवे के अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिये कि कुंभ मेले से पहले सारी तैयारी पुख्ता करने के साथ यात्रियों को सभी सुविधाएं बेहतर दिया जाय। डीआरएम ने राज्य प्रशासन, उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल के अधिकारियों के साथ बैठक की। रेलपथ पर स्थित मण्डल के स्टेशनों पर पहुंचकर प्रगति कार्यो को देखा।

डीआरएम ने मण्डल अधिकारियों के साथ लखनऊ-प्रयाग-लखनऊ रेलखंड पर स्थित प्रयागराज संगम,

प्रयाग जं.फाफामऊ जं. स्टेशनों पर पहुंचकर वहां पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं को और बेहतर, रेल परिचालन प्रणाली में सुधार के साथ चल रहे विकास कार्यो को तेजी से करने के निर्देश दिये ।

बता दें कि प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ जंक्शन स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चयनित किया गया है, जिसके तहत इन स्टेशनों को पुनर्विकसित करते हुए इनका आधुनिकीकरण किया जाना है इस प्रक्रिया के तहत इन स्टेशनों पर अनेक प्रकार के विकास कार्य प्रगति पर हैं ।

निरीक्षण के प्रमुख बिन्दु :-

- डीआरएम ने प्रयागराज संगम स्टेशन पर पहुंचकर स्टेशन परिसर, खानपान के स्टॉल, यात्री सुविधाओं,प्लेटफॉर्म तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया ।

-प्रयाग जं. स्टेशन पर डीआरएम ने लखनऊ छोर पर नवनिर्मित होने वाले 12 मीटर चौड़ाई वाले फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य, स्टेशन के द्वितीय प्रवेश का कार्य, प्रस्तावित होल्डिंग एरिया, यात्री सुविधाएं, लेवल क्रॉसिंग संख्या 77 पर निर्मित किए जाने वाले आर यू बी की कार्य प्रगति एवं स्टेशन की कार्यप्रणाली को देखा।

- प्रयाग जं से फाफामऊ जं के बीच रेलखंड पर स्थित समपार संख्या 76 पर आर ओ बी, समपार संख्या 1ष पर आर ओ बी संख्या 40 पर आर ओ बी के कार्य को देखा और फाफामऊ जं स्टेशन पर पहुँच कर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी लेने के साथ कई सुधार के लिए निर्देश दिये।

सीएचसी मे गर्भवती महिला की हुई मौत परिजनों ने किया हंगामा

महोली,सीतापुर। देर रात गर्भवती महिला की सीएससी परिसर में मौत हो गई हंगामा के बाद पीड़ित पति ने पुलिस तहरीर दी पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है वही सीएचसी अधीक्षक स्टाफ नर्स व आशा को दायित्व से हटा दिया है इलाके के गांव पूरनपुर निवासी मुन्ना की पत्नी मुन्नी देवी को मंगलवार रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां स्टाफ नर्स रंजना शुक्ला व आकिसमक चिकित्सक मोहित उन्होंने सामान्य प्रसव न होने की स्थिति में प्राथमिक उपचार के बाद उसको महिला अस्पताल रेफर किया किया गया वहां ले जाने से पहले एंबुलेंस में प्रसूता की मौत हो गई सातवें बच्चों को जन्म देने से पहले मौत होना बताया जा रहा है रात में प्रसूता के परिजन सीएचसी लाए थे उसे रेफर कर दिया गया था रेफर के बाद परिजन कुछ देर वहीं रुके वही उसकी मौत हो गई आवश्यक कार्रवाई की गई है अधीक्षक से आख्या मांगी हैं ।

अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से पढ़ी गई

लोकमित्र ब्यूरो

महमूदाबाद,सीतापुर। महमूदाबाद में अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से पढ़ी गई। नमाजियों ने देश में शांति और खुशहाली की दुआ की। नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पोख्ता इंतजाम किए थे। महमूदाबाद तहसील इलाके के महमूदाबाद नगर, पैंतेपुर, रामपुर मथुरा, सदरपुर, बाँसुरा सहित तमाम कस्बों में स्थित मस्जिदों में दोपहर करीब एक बजे अलविदा जुमे की नमाज हुई। इसमें बड़ी संख्या में नमाजी मस्जिदों में पहुंचे और नमाज़ अदा की। एसडीएम-सीओ खुद सुरक्षा व्यवस्था पर पूरी नज़र रखे रहे।

गर्मी को देखते हुए मस्जिदों में तिरपाल टेंट लगवाने की व्यवस्था कराई गई थी। जिससे रोजेदारों को परेशानी न हो। मान्यता है कि रमजान के आखिरी जुमे की नमाज को अदा करने से दुआएं कबूल होती हैं। अल्लाह रोजेदारों पर रहमतों की बारिश करते है। जामा मस्जिद सदरपुर के मौलाना हाजी मोहम्मद सलीम नदवी ने बताया

कि रमजान उल मुबारक के आखिरी जुमे की नमाज को ध्यान में रखते हुए बिजली, पानी और टेंट की व्यवस्था पहले ही दुरुस्त की गई थी। उन्होंने बताया कि रमजान के महीने में चार जुमे की नमाज पढ़ी जाती हैं। रमजान माह के आखिरी जुमे की नमाज को अलविदा रमजान होता है। तो वहीं, जामा मस्जिद बाँसुरा के मौलाना कारी मोहम्मद रईस कादरी ने बताया कि जुमे के दिन ही हजरत आदम अलैहिस्सलाम को जन्नत से दुनिया में भेजा गया था और जुमे को ही उन्होंने जन्नत में वापसी की थी। जुमे की नमाज अदा करने से पिछले हफ्ते के पापों से मुक्ति मिलती है। एक जुमे की नमाज अदा करने से 40 नमाज अदा करने का सवाब मिलता है। अलविदा जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। सरकार की गाइडलाइन के अनुसार कोई भी नमाजी सड़कों पर नमाज ना पड़े इसके लिए दिशा निर्देश जारी किए गए थे, जिसका लोगों ने अनुपालन किया। शांति व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन : मतपत्रों की छंटाई के साथ शुरू हुई मतगणना

प्रयागराज। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव की मतगणना का कार्य शुक्रवार सुबह 10 बजे से शुरू हो गयी। एशिया की सबसे बड़ी बार एसोसिएशन के 28 पदों के लिए 206 प्रत्याशियों के भाग्य का पिटारा खुल गया है। बुधवार को हुए मतदान में कुल 9300 मतदाताओं में से 8246 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। भरी सुरक्षा के बीच शुक्रवार सुबह 10 बजे से बार एसोसिएशन की लाइब्रेरी हाल में मतगणना प्रक्रिया शुरू हो गई है। सबसे पहले मतपत्रों की छंटाई का काम चल रहा है। इसके बाद शाम तक मतगणना का कार्य शुरू हो जाएगा। सबसे पहले अध्यक्ष और सचिव समेत सभी एकल पदों के लिए पड़े मतों की गिनती होगी। गौरतलब है कि अध्यक्ष के नौ, सचिव

अध्यक्ष, महासचिव पद पर होगी कड़ी टक्कर

के 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए 13 और कोषाध्यक्ष के लिए सात प्रत्याशियों ने ताल ठोकी है। संयुक्त सचिव प्रशासन के लिए 11, लाइब्रेरी सचिव के लिए आठ, संयुक्त सचिव प्रेस के लिए दस और संयुक्त सचिव महिला के पद पर सात उम्मीदवारों ने दावेदारी की है। इन एकल पदों का परिणाम सबसे पहले आएगा। इसके बाद उपाध्यक्ष के पांच पदों पर 53 और कार्यकारिणी सदस्य के 15 पदों के लिए 76 प्रत्याशियों के मतों की गणना शुरू होगी। इन पदों पर ज्यादा उम्मीदवार होने के कारण इनकी गिनती लंबे समय तक चलेगी। लिहाजा, गैर एकल पदों के परिणाम के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। इस मौके पर मुख्य चुनाव अधिकारी बीएम जैदी, सहायक चुनाव अधिकारी वशिष्ठ तिवारी, चंदन शर्मा, प्रभाकर अवस्थी बार एसोसिएशन के कर्मचारी और अध्यक्ष, सचिव समेत एकल पदों के सभी प्रत्याशियों के अभिकर्ता मौजूद हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

प्रयागराज। जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, डीसीपी नगर दीपक भूकर व मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार के साथ शुक्रवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत शहर में बनाये गये विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमणकर वहां पर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

भ्रमण के दौरान उन्होंने बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एण्ड कालेज, मेरी वाना मेकर गर्ल्स इण्टर कालेज, भारत स्काउट गाइड स्कूल, राजकीय शोध आदर्श विद्यालय, सेंट एंथोनी कान्वेंट गर्ल्स इण्टर कालेज, सेंट एंथोनी प्राइमरी स्कूल, बॉयज हाईस्कूल, होली ट्रिनिटी शाखा में बनाये गये मतदान केन्द्र व मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर वहां पर पेयजल, पंखा, प्रकाश, वॉशरूम, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने प्रत्येक मतदेय स्थल पर इंट्री व एक्जिट प्वाइंट को भी देखा।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर अभिषेक सिंह, अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

नैनी जेल में शूटरों संग अली ने बनाया था प्लान

वार्निंग देकर कहा-अपनी शक्ल मत..

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। उमेशपाल हत्याकांड में एक और खुलासा हुआ है। नैनी जेल में बंद अतीक अहमद के बेटे अली से हुई पूछताछ में कुछ अहम सुराग मिले है। जिन पर जांच की जा रही है।सूत्रों की माने तो उमेश पाल हत्याकांड की पल-पल की खबर अली को थी। नैनी जेल में गुलाम हसन सहित अन्य शूटर अली से पांच बार मिलने गए थे। इन मुलाक़ात में दो बार प्लान फेल हो गया था। दो बार नाक़ामयाबी मिलने के बाद अली ने नाराजगी जताई थी और शूटरो को वार्निंग दी थी। उसने कहा था कि इस बार काम तमाम होना चाहिए, नहीं तो अपनी शक्ल मत दिखाना। इस वारदात में शूटर गुलाम, गुड्डू मुस्लिम व अरमान के साथ सदाकत भी मौजूद था। सूत्रों के अनुसार सदाकत ने पुलिस को बताया कि शूटर गुलाम, गुड्डू मुस्लिम व अरमान, असद की मौजूदगी में फेसटाइम एप्प से अतीक से मीटिंग हुई थी। फेस टाइम से एक मीटिंग मुस्लिम हॉस्टल के कमरा नंबर 36 में भी कराई गयी थी। उस मीटिंग में खुद सदाकत मौजूद था। माना जा रहा है कि बयान दर्ज किए जाने के बाद उनके खिलाफ आरोपपत्र जल्द ही दाखिल किया जायेगा।

काली पट्टी बांध कर क़िब्ला ए अव्वल की रिहाई को जुटे शिया नमाज़ी

प्रयागराज। क़िब्ला ए अव्वल की इज़राईल की क़ैद से आज़ादी को दुनिया भर के शिया मुसलमानों ने जुम्मतुल विदा पर यौमे कुद्स मनाया।

बाहों पर काली पट्टी बांध कर भारत सरकार से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस ओर ध्यान आकर्षित कराने को पूर्व वर्षो की भांति यौमें कुद्स मनाया। ओलमाओं ने कहा इज़राईल में मुस्लिमों का क़िब्ला ए अव्वल है जो इज़राइल के कब्जे में है। उसकी आज़ादी को ही हर वर्ष यौमे कुद्स मनाया जाता है। वहीं फलस्तीन में मरे बेगुनाह बच्चों, बूढ़ों, मांओं और नौजवानों की मग़फिरत की दूआ के साथ फिलीस्तीन सामानों के बहिष्कार की भी आवाज़ उठी।

चौड़ीकरण में धांधली को लेकर पीडीए बीसी ने किया निरीक्षण

जेई व ठिकेदार की लगाई क्लास, जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का दिया हिदायद

लोकमित्र ब्यूरो

झूंसी,प्रयागराज। सड़क चौड़ीकरण को लेकर नई झूंसी में पी डी ए बी सी अरविंद चौहान ने रोड मापी के उपरांत चौड़ीकरण में हो रही धधाली की शिकायत पर निरीक्षण करने मौके पर पहुंचे जहा कार्य को देख आगबबूला हो गए और जेई व साधना कन्ट्राक्शन को फटकार लगाई और कार्य को जल्द पूरा करने की हिदायत दी। वही आस पास के लोगो का आरोप है की मध्य रोड के दोनो तरफ 20-20 फीट की दूरी रोडमापी किया गया था जो ठेकेदार की मिली भगत से कही कही कमोबेश किया जा रहा है बी सी अरविंद चौहान ने सड़क पर जल बहाव को लेकर जेई को ठीक करवाने को कहा और साधना कन्ट्राक्शन को (डिवाक) कर दिया यानी बिना कार्य को पूरा किए दुसरा कोंट्रक नही ले सकते।जब की लोगो ने नाराजगी जताते हुए कहा की नाले को बनाने के लिए मोरंग गिट्टी जिसे मैटेरियल को रद्दी साबित किया कहा की इससे बनाए जा रहे नाले को मजबूती नही मिल रही क्योंकि बिल्कुल रेती बालू है।

निषाद राजगुहा समाज के लिए आदर्श- आनंद जायसवाल

भाजपाइयों ने राम भक्त निषाद राज गुहा पुष्पांजलि अर्पित की

प्रयागराज। आज भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा महानगर प्रयागराज के जिला अध्यक्ष आनंद कुमार जायसवाल के नेतृत्व में निषाद राज गुहा की जयंती के अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के द्वारा बैहराना स्थित सब्जी मंडी में राम भक्त निषाद राज गुहा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने कहा कि निषाद राज गुहा समाज के लिए आदर्श है। उन्होंने अपने कर्तव्य के बल पर सामाजिक समरसता तथा सेवा का आदर्श स्थापित किया।

जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने कहा कि निषाद राज गुहा भगवान श्री राम के अनन्य भक्त रहे। उन्होंने भक्ति और भगवान का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया जो आज भी समाज के लिए प्रासंगिक है।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सतीश प्रजापति ने किया। कार्यक्रम के संयोजक उपाध्यक्ष घनश्याम मौर्य रहे।

इस अवसर मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी, सचिन निषाद, नाटेश्वर सिंह, अनिकेत जायसवाल, कुलदीप सिंह पटेल, धर्मेंद्र सिंह पटेल, विकास सिंह, राहुल कुशवाहा, पुष्पराज जायसवाल आदि अनेक पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की।

प्लाईवुड फैक्ट्री में प्रदूषण की जांच पर अधिकारी कर रहे लीपा पोती

सीतापुर। जनपद के तहसील लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के रमना फार्म मेंन रोड पर लगी एक प्लाई वुड फैक्ट्री के द्वारा फैलाये जा रहे प्रदूषण की जांच के नाम पर हेड आफिस से आए विभागीय अधिकारियों ने की खानापूर्ति। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के भदफर रोड ग्राम रमना फार्म स्थित मेसर्स एस आर बी बोर्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण को लेकर स्थानीय लोगों के द्वारा शिकायत की गई थी, शिकायत को संज्ञान में लेते हुए मुख्य पर्यावरण अधिकारी वृत 5, डॉ राम करन ने टीम गठित कर सेंपलिंग के लिए भेजा था। ज्ञातव्य है कि, बृहस्पतिवार को उक्त टीम पहुंचने से पहले ही फैक्ट्री का संचालन बंद कर दिया गया। प्रदूषण विभाग के हेड

ऑफिस से आई टीम ने डेस्ट सैंपलर मशीनों को एक पब्लिक स्कूल और एक तान्या प्लाई एंड वुड फैक्ट्री के पास लगाकर देर रात तक प्रदूषण की सैंपलिंग की। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि जब फैक्ट्री बंद थी तो केवल जांच के नाम पर खाना पूर्ति की गई है। इस संबंध में जब शुक्रवार को मुख्य पर्यावरण अधिकारी डॉ रामकरन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि, जांच की गई है , सैंपल को जांच के लिए लैब भेजा गया है जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी

विधवा मां ने नशेड़ी बेटे के खिलाफ थाने में की शिकायत

करारी, कौशाम्बी। करारी कोतवाली के चक सैयद अली पुर गांव की एक विधवा मां ने शुक्रवार को अपने ही बेटे के खिलाफ चल अचल संपत्ति बेचने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।करारी के चक सैयदअलीपुर गांव की शकुंतला पत्नी स्व0 बनवारी लाल ने बताया कि उसके तीन बेटे हैं। सभी को अलग अलग चल अचल संपत्ति दे दिया है। जिसमे छोटा बेटा शराब के नशे में अपनी संपत्ति बेच दिया। वह लोगों से कर्ज मांगता है। कर्ज के रुपए देने वाले लोग उससे मांगते हैं। मना करने पर मारपीट पर अमादा हो जाता है। पीड़िता ने शिकायती पत्र देते हुए उसके कृत्यों से खुद को व अन्य बेटों अलग बताया है। पुलिस जांच कर रही है।

श्रीराम फाउंडेशन ने सीतापुर नेत्र चिकित्सालय को अत्याधुनिक नेत्र परीक्षण कक्ष एवं उपकरण सौंपा

सीतापुर। डीसीएम श्रीराम फाउंडेशन द्वारा सीतापुर नेत्र चिकित्सालय में नेत्र परीक्षण उपकरण एवं नेत्र परीक्षण हेतु कक्षों के निर्माण पश्चात हस्तांतरण समारोह का आयोजन किया गया , जो इस क्षेत्र में नेत्र परीक्षण सेवाओं को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा यह समारोह सम्मानित अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों के बीच हुआ।

इस अवसर पर डीसीएम श्री राम फाउंडेशन का प्रतिनिधित्व करने वाले कुलदीप सिंह, यूनिट हेड अजवापुर; डाक्टर मधु भदौरिया मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर आँख अस्पताल, कर्नल रनवीर भदौरिया, दीपक कनाडे, मुख्य प्रशाशनिक अधिकारी सीतापुर अस्पताल, मनीष जोशी कार्पोरेट सीएसआर, के एन राय एच आर हेड अजबापुर, सुनीता पाण्डेय एच आर

हेड लोनी ; और मोहन सिंह, सीएसआर लीड लोनी, अपूर्व द्विवेदी सीएसआर अजबापुर यूनिट अमित सिंह ,अजहर गाजी सहित सीतापुर आंख अस्पताल के डॉक्टर एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

डीसीएम श्रीराम फाउंडेशन का यह योगदान अस्पताल की स्वास्थ्य सेवा की पहुँच को बढ़ावा देने और वंचित समुदायों में व्यक्तियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उन्नत नेत्र परीक्षण उपकरण सीतापुर नेत्र चिकित्सालय को असंख्य नेत्र स्थितियों का कुशलतापूर्वक निदान और उपचार करने में सक्षम बनाएगा, जिससे असंख्य व्यक्तियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

डीसीएम श्रीराम फाउंडेशन की ओर से कुलदीप सिंह ने कहा, ÷समुदाय को व्यापक नेत्र देखभाल सेवाएँ प्रदान करने के उनके महान मिशन में सीतापुर आई हॉस्पिटल के साथ सहयोग करके हमें सम्मानित महसूस हो रहा है।÷ ÷यह दान स्वास्थ्य सेवा पहलों का समर्थन करके लोगों के जीवन में एक ठोस बदलाव लाने के लिए हमारे समर्पण को दर्शाता है।÷ सीतापुर आई हॉस्पिटल डीसीएम श्रीराम फाउंडेशन के अमूल्य योगदान के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त करता है और सभी के लिए सुलभ और उच्च-गुणवत्ता वाली नेत्र देखभाल सुनिश्चित करने के उनके दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए नए उपकरणों का लाभ उठाने के लिए तत्पर है।

जल जीवन मिशन के कार्य में लापरवाही

परसेण्डी,सीतापुर। विकास खण्ड परसेण्डी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरैचा में जल जीवन मिशन के कार्य में भारी लापरवाही भूमिगत पाइप लाइन में निकल रहे लीकेज जल की हो रही बर्बादी दो वर्ष पूर्व शुरू हुए कार्य में धीमी गति के कारण अभी तक ठेकेदार व इंजीनियर हर घर जल नही पहुंचा सके और न ही लिकेज ठीक कर सके जिससे तोड़ी गई सड़कों की रिपेयरिंग भी नहीं कर पा रहे जिससे ग्रामीणों ने बताया कि रास्तों पर निकलना दुर्गम है और जल जीवन मिशन के कर्मचारी कई महीनों से गायब हैं गांव के ही चौकीदार सियाराम टंकी की देख रेख कर रहें है जिन्होंने बताया है की इंजीनियर का तबादला हो चुका है बाकी उन्हें कुछ नही पता कब तक कार्य को अंतिम रूप दिया जायेगा और ठेकेदार अंसुल का कहना है कि जितना पैसा था मैंने पाइप लाइन डालने में लगा दिया अब जब कम्पनी न ही की तरफ से भुगतान हो रहा है और न ही जल जीवन मिशन का कोई अधिकारी संज्ञान ले रहा है इसीलिए कार्य रुका हुवा है!

करंट की जद में आई महिला इलाज के दौरान मौत

पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गढ़ी बाजार में शुक्रवार की दोपहर फ्राटा पंखा चलाने के दौरान एक महिला की बिजली की करंट की जद में आने से गंभीर रूप से झुलस गई घायल महिला को आनन-फानन में परिजन इलाज के लिए पश्चिम शरीरा स्थित एक अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई महिला की मौत की खबर जैसे ही परिजनों को मिली तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया प्राप्त जानकारी के मुताबिक पश्चिम सरीरा थाना क्षेत्र के गढ़ी बाजार निवासी पप्पू पाल की पत्नी शिवानी पाल उम्र 27 वर्ष शुक्रवार की दोपहर घर में फ्राटा पंखा चलाने के दौरान बिजली की करंट की जद में आकर गंभीर रूप से झुलस गई गंभीर रूप से झुलसी महिला को परिजन इलाज के लिए पश्चिम शरीरा स्थित एक अस्पताल में ले गए जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई । महिला की मौत की

अखिल भारत हिन्दू महासभा के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन

मिश्रिख,सीतापुर। अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश धर्माचार्य सह प्रमुख श्री श्री 108 महंत नारायण दास , संगठन के जिलाध्यक्ष रमेशानंदपुरी महराज , जिला धर्माचार्य सह प्रमुख शैलेन्द्र अवस्थी , पंडित हरि बोल , हरिओम शुक्ल के तत्वाधान में देव भूमि नैमिषारण्य के चार धाम पहला आश्रम में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । इस मौके पर संगठन के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे के अमीर गुलाल लगाकर गले मिलकर आपस में होली की बधाई दी । होली मिलन समारोह के बाद संगठन की आवस्यक बैठक का आयोजन किया गया । आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष ने संगठन के बिस्तार पर चर्चा की । और जिन लोक सभा सीटों से संगठन के प्रत्यासी चुनाव मैदान मे उतरे है । उनका पूरा सहयोग करते हुए तन मन धन से विजय बनाने की अपील की । इस अवसर पर संगठन के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।

किसानों की अनदेखी भाजपा को इस चुनाव में भारी पड़ेगी- किसान मंच

राकेश बाजपेई जिला अध्यक्ष सीतापुर पद पर मनोनीत- शिव प्रकाश सिंह

सीतापुर! मुंशीगंज कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में किसान मंच पदाधिकारियों द्वारा वर्तमान के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की गई !बैठक को संबोधित करते हुए किसान मंच महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा संगठन पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में चल रहे लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों की कार्यशैली का आकलन कर राजनीतिक पार्टियों के फर्जी प्रलोभन से अलग हटकर अपने जन प्रतिनिधि का चुनाव करें !जाति और धर्म के नाम पर चुने जनप्रतिनिधि पांचों वर्ष अपने निजी स्वार्थ में व्यस्त हो जाते हैं ! राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि आजादी के बाद अब तक अन्नदाता किसानों से अधिक अनदेखी किसकी नहीं की गई !कारण सिर्फ आपसी एकजुटता की कमी और जाति धर्म के नाम पर आपसी विभाजन रहा है !समय आ

चुका है पूर्व में हुई भूलों को भूलकर अपने हकों के लिए लोकतंत्र में हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाए !मंडल अध्यक्ष सरदार निर्भय सिंह ने कहा कि हम सभी संगठन पदाधिकारियों का दायित्व ज्वलंत मुद्दों पर निराकरण के लिए हमेशा संघर्ष कर समस्याओं से निजात पाना होना चाहिए !नव नियुक्त जिला अध्यक्ष राकेश बाजपेयी ने कहा कि संगठन द्वारा मुझ पर किए गए विश्वास पर मैं हमेशा खरा उतरने का प्रयास करूंगा !किसान हितों में संघर्ष ही हमेशा हम सभी उद्देश्य होगा !बैठक में विजय कुमार सिंह,ठाकुर प्रसाद अर्कवंशी, मुनेश्वर सिंह,श्री कृष्ण पाल, गायत्री देवी,विट्टो देवी,रजनीश बाजपेई,नीलम प्रजापति, मो0 नफीस,रामेन्द्र कुमार,राम नरेश, उदय राज सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित थे !